आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	18°C	8°C

इनसाइड न्यूज

गोशालाओं में सर्दी से बचाव के नहीं हैं पर्याप्त इंतजाम, ठिठुर रहे गोवंश

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

बुधवार 07 जनवरी, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 87 | www.janexpresslive.com/epaper

थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने का... 12

यूपी एसआईआर की पहली ड्राफ्ट सूची 2.89 करोड़ नाम कटे

12.55 करोड़ मतदाता, 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में एसआईआर की पहली ड्राफ्ट सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इसकी विस्तार से जानकारी दे रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता है। पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी नाम कट गए। उन्होंने बताया कि आज यानी 6 जनवरी से दावे-आपत्तियां की जा सकती हैं। जिनके भी नाम पहली ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। ताकि उनका नाम जोड़ा जा सके। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां मुफ्त हैं। आयोग ने हेल्पलाइन नंबर- 1950 जारी किया है, जहां सहायता ली जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में कम सहयोग को देखते हुए आयोग ने विशेष कैंप लगाने की योजना बनाई है।

वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं: निर्वाचन अधिकारी

निर्वाचन अधिकारी ने कहा, आप वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। 27 अक्टूबर 2025 से प्रक्रिया शुरू हुई। 4 नवंबर से पहला चरण शुरू हुआ। उस वक्त 15 करोड़ 30 हजार 92 मतदाता थे। सभी का गणना प्रपत्र प्रिंट आउट लिया था। प्रपत्र घर-घर जाकर दिए गए। बताया- पहले एक सप्ताह के लिए समय बढ़ाया गया। फिर 11 दिसंबर को गणना चरण समाप्त होना था। 2.97 लाख नाम हट रहे थे, इसके लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया। 26 दिसंबर तक गणना चरण चला। उन्होंने कहा- एक मतदाता बूथ पर 1200 से अधिक वोटर नहीं रहेंगे, पहले 1500 था। जहां अधिक मतदाता थे, वहां नए बूथ बने। 15030 नए बूथ बने। गणना प्रपत्र जो मिले उनकी संख्या 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 रही। सवाल कीजिएगा कि पहले तो 15.44 करोड़ मतदाता बताए गए थे।

लखनऊ जिले में 30 प्रतिशत वोट कटे

लखनऊ जिले में 30 प्रतिशत वोट कटे हैं। यहां पहले 39,94,535 थे, जो अब 27,94,397 बचे हैं। इसी तरह बलरामपुर में 25.98 प्रतिशत वोट कटे हैं। यहां पहले 15,83,027 वोट थे, जो अब 11,71,826 बचे हैं। हापुड़ में 22.30 प्रतिशत वोट कटे हैं। यहां 11,56,699 थे, जो 8,98,796 बचे हैं। इसी तरह से संभल में 20.29 प्रतिशत वोट घटे हैं।

'1 जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं'

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- 1 जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। 1 अक्तूबर से जो एलिजेबल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं।

फॉर्म-6, 6ए, 7, 8 के बारे में जानिए

उन्होंने बताया- एपिक नंबर से भी सर्च किया जा सकता है। ईसीआई नेट एप पर भी जानकारी देखी जा सकती है। नाम नहीं है तो फॉर्म 6 भर दें। फॉर्म-8 करेक्शन के लिए भरा जाएगा। फार्म 7 डिलीट कराने के लिए भरा जाएगा। 6-ए विदेश में रहने वालों के लिए हैं। पासपोर्ट के एड्रेस के विधानसभा क्षेत्र में भरे जाएंगे।

कहां कम हो गए वोटर

लखनऊ जैसे शहरी क्षेत्रों में स्थिति अधिक चिंताजनक रही, जहां 39 लाख मतदाताओं में से 12 लाख वोटर कम हो गए। इनमें 5.4 लाख दोहरी पंजीकरण वाले और 4.3 लाख अनट्रेसेबल थे। शहरी क्षेत्रों में फॉर्म कलेक्शन की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी कम रही, क्योंकि लोग काम या माइग्रेशन के कारण घर पर उपलब्ध नहीं थे। कानपुर, गाजियाबाद और नोएडा जैसे शहरों में भी यही समस्या देखने को मिली। प्रमुख जिलों में लखनऊ के अलावा प्रयागराज में 11.56 लाख, कानपुर नगर 9 लाख, आगरा में 8.36 लाख, गाजियाबाद में 8.18 लाख वोटर कम हो गए।

पहले चरण में क्या हुआ?

एसआईआर का पहला चरण 4 नवंबर, 2025 से शुरू हुआ। इसमें बीएलओ ने घर-घर जाकर फॉर्म बांटे और मतदाताओं से जानकारी इकट्ठा की। पहले यह चरण 4 दिसंबर तक चलना था। लेकिन, विपक्ष की मांग पर पहले इसे 7 दिन बढ़ाया गया, फिर 15 दिन का समय बढ़ाया गया। पहले चरण में 2003 की मतदाता सूची से तुलना की गई और मौजूदा वोटर की उनसे मैपिंग की गई।

'करीब 9 प्रतिशत लोगों को मैपिंग के लिए नोटिस जाएगा'

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। 91 प्रतिशत से अधिक मैपिंग हुई है। करीब 9 प्रतिशत लोगों को मैपिंग के लिए नोटिस जाएगा। 1.4 करोड़ ऐसी संख्या है। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

दूसरे चरण में क्या होगा: ड्राफ्ट प्रकाशन और आगे की प्रक्रिया जानिए

एसआईआर का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू हो रहा है, जब ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होगी। पहले ये समय-सारणी में 31 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित होनी थी। लेकिन राजनीतिक दलों की मांग पर इसे 6 जनवरी तक बढ़ाया गया। इस संशोधन के साथ, दावे और आपत्तियों की अवधि भी बढ़ाकर 6 फरवरी, 2026 तक कर दी गई है। इसके बाद दावों और आपत्तियों का निपटारा 26 फरवरी तक होगा। अंतिम मतदाता सूची मार्च के पहले सप्ताह में प्रकाशित की जाएगी। दूसरे चरण का मुख्य फोकस मतदाताओं को अपनी स्थिति जांचने और सुधार करने का अवसर देना है। ड्राफ्ट सूची में नाम न होने पर नए पंजीकरण, गलतियों पर सुधार या अनुचित नामों पर आपत्ति दर्ज की जा सकती है। आयोग ने कहा है कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए, इसलिए नए मतदाताओं को फॉर्म-6 भरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

'नोटिस दिया जाना शुरू किया जा रहा, जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई थी'

उन्होंने बताया- राजनीतिक दलों ने 5766211 बूथ एजेंट तैनात किए गए थे। एक महीने तक दावा और आपत्ति अवधि शुरू हो रही है। 6 जनवरी से 6 फरवरी तक कर सकेंगे। 6 जनवरी से नोटिस भी दिया जाना शुरू किया जा रहा है। जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई थी।

अंकिता भंडारी केस पर खुलकर बोले धामी, अंकिता के पिता से बात करूंगा, हम हर जांच के लिए हैं तैयार

वायरल ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच जरूरी, दोषियों को मिल चुकी है आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। देहरादून

अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। उन्होंने कहा कि वायरल ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच बेहद जरूरी है और इस मामले में मनमाने आरोप नहीं लगाने चाहिए।

उत्तराखंड में गुस्सा, देश में समर्थन

अंकिता भंडारी हत्याकांड का मामला पिछले दिनों फिर चर्चा में आया जब इसके संबंध में एक ऑडियो-वीडियो वायरल हुआ। ऑडियो में दावा किया गया कि यह बातचीत पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौर और उनकी कथित पत्नी उर्मिला सनावर के बीच थी। इसके बाद देशभर में इस प्रकरण पर गुस्सा देखने को मिला। दिल्ली में प्रवासियों ने इंसाफ की मांग को लेकर मार्च निकाला और पूरे उत्तराखंड में सीबीआई जांच की मांग उठी।

जांच पूरी हो चुकी, दोषियों को सजा मिली: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस प्रकरण पर एसआईटी द्वारा जांच की गई थी और दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है। उन्होंने ऑडियो-वीडियो पर सवाल उठाते हुए कहा कि बातचीत में कभी हत्या और कभी आत्महत्या की बातें हो रही हैं, इसलिए इसकी सत्यता पर ध्यान देना जरूरी है।

मीडिया और जनता को भी अपील

धामी ने पत्रकारवार्ता में कहा कि उस समय भी उन्होंने अखबारों में विज्ञापन जारी कर सूचना मांगी थी और कहा था कि अगर किसी के पास इस केस से जुड़ी कोई जानकारी है तो वह एसआईटी या न्यायालय में जमा कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जांच पूरी तत्परता से हुई और सभी दोषियों को उचित सजा मिल चुकी है।

हमारे प्रभारी जी ने सब वेरिफाई कर दिया है: धामी

सीएम धामी ने आगे कहा, 'हमारे प्रभारी जी (दुष्यंत गौतम) ने पुलिस में सब वेरिफाई कर दिया। उन्होंने सबूत के साथ बता दिया कि वे 10 तारीख से लेकर 20 तारीख तक उत्तराखंड में ही नहीं थे। अगर आरोप लगाने वालों के पास कुछ है तो वे भागे क्यों हैं? हम इसी मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर मामला क्या है? हमने जांच शुरू कर दी है। वे फोन बंद करके चुप बैठे हैं। मैं सुरेश राठौर से कहता हूं कि वे आएं और सबूत पेश करें।'

ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच जरूरी

धामी ने आगे कहा कि उस समय भी हाई कोर्ट, सुप्रीमकोर्ट में सीबीआई जांच की मांग उठी थी, लेकिन अगर न्यायालय को अगर ऐसा लगता कि एसआईटी जांच में कुछ भी रह गया है तो सीबीआई जांच के आदेश तब ही दे दिए जाते। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर हाल ही में ऑडियो-वीडियो वायरल हुए हैं। इनकी सत्यता जरूरी है, क्योंकि कोई भी कभी भी किसी का भी नाम घसीट सकता है। बिना सत्यता के इन्हें माना नहीं जा सकता। हमने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एसआईटी गठित की और जांच शुरू कर दी है। हम लगातार आग्रह कर रहे हैं कि अगर इस तरह का कोई भी सबूत है तो एसआईटी को सौंपा जाए ताकि मामले की गहनता से जांच हो सके।

कभी हत्या तो कभी आत्महत्या बताते हैं: धामी

धामी ने आगे कहा कि अगर उनकी बातों में जरा भी सच्चाई है तो वे सामने आएं और भागे नहीं। सबूत दें। हम निश्चित तौर पर जांच करेंगे और दोषी कोई भी हो, उसके खिलाफ ऐक्शन लेंगे। आरोप लगाया कि उत्तराखंड में भ्रम की स्थिति पैदा करके वे दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। यह कैसी सच्चाई है? ऑडियो मैंने भी सुना है... कभी कहते हैं कि मैं प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में था। कभी कहते हैं कि उसकी हत्या हुई तो कभी आत्महत्या बताते हैं... अगर इस तरह का भ्रम न्यायालय में पेश किया जाए तो संभव है कि इससे दोषियों को ही लाभ होगा।

करोड़ों की ठगी के आरोपी कन्हैया गुलाटी के खिलाफ 113 लोगों ने कराई रिपोर्ट, मामले में 42 आरोपी

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ ठगी के 35 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों के पास ठगी की शिकायतों की भरमार थी। ऐसे में बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने एक संयुक्त रिपोर्ट वादी के तौर पर अपने ही थाने में दर्ज कराई है। इसमें कन्हैया गुलाटी व उसके परिजनों, गुर्गों और एजेंटों को मिलाकर करीब 42 आरोपी हैं। पीड़ित निवेशकों व शिकायतकर्ताओं की संख्या 113 है। बता दें कि कन्हैया गुलाटी और उसकी कंपनी पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप है। गुलाटी के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। कन्हैया गुलाटी और उसके एक गुर्गे के खिलाफ फरीदपुर कोतवाली में सोमवार को एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में दोनों पर दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर गांव अंधरपुरा में कैनविज कॉलोनी में प्लॉट बेचने के नाम पर ठगी का आरोप है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सुरेश शर्मा नगर निवासी गीता गुप्ता ने फरीदपुर थाने में तहरीर में बताया कि उन्होंने कैनविज समूह के मालिक कन्हैया गुलाटी की कंपनी कैनविज इंफ्रा कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड के अधिकृत हस्ताक्षरी गुलाब नगर निवासी सूर्य प्रकाश से कैनविज विलेज वैली प्रोजेक्ट हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा में 159 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा था। प्लॉट पर आज तक उनको मलिकाना हक नहीं दिया गया है।

खटारा 108 एंबुलेंस ने ली मरीज की जान!

रास्ते में जवाब दे गई सरकारी एंबुलेंस, तड़पता रहा मरीज, अस्पताल पहुंचते-पहुंचते मौत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मानिकपुर। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। मानिकपुर क्षेत्र में 108 एंबुलेंस सेवा की खटारा हालत के चलते एक बीमार मरीज की जान चली गई। परिजनों का आरोप है कि अगर एंबुलेंस समय पर और सही हालत में होती, तो आज उनके परिवार का सदस्य जिंदा होता। प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमान प्रसाद सिंह, निवासी इन्द्रानगर मानिकपुर, गंभीर रूप से बीमार थे। परिजनों ने तत्काल सरकारी 108 एंबुलेंस को कॉल किया। एंबुलेंस देरी से मौके पर पहुंची,

लेकिन इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली घटना इसके बाद हुई। मरीज को लेकर एंबुलेंस जैसे ही अस्पताल की ओर चली, रास्ते में अचानक एंबुलेंस खराब हो गई। एंबुलेंस बीच रास्ते खड़ी हो गई और मरीज अंदर ही तड़पता रहा। काफी देर तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने मजबूरी में आनन-फानन में एक प्राइवेट गाड़ी का इंतजाम किया और अपने पिता को मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने मरीज को मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर का बयान, एंबुलेंस ड्राइवर ने बताया कि 'गाड़ी अचानक खराब हो गई थी, आगे बढ़ ही नहीं रही थी। इसके बाद परिजन मरीज को प्राइवेट गाड़ी से ले गए।

बड़ा सवाल

- जब 108 एंबुलेंस जैसी जीवन रक्षक सेवा खुद ही दम तोड़ दे, तो आम जनता किसके भरोसे रहे?
- क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में दब जाएगा?
- यह घटना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और 108 एंबुलेंस सेवा की हकीकत पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

'यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि जिस एंबुलेंस सेवा का मकसद लोगों की जान बचाना है, वही सेवा आज जान लेने का कारण बन रही है। लापरवाही के चलते एक व्यक्ति की मौत हो जाना शासन-प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि '108 जैसी जीवन रक्षक सेवा का खटारा हालत में चलना सीधे-सीधे आम जनता की जान से खिलवाड़ है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार करना चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।'

-सीटू मिश्रा, सपा नगर अध्यक्ष

परिजनों का फूटा गुस्सा

मृतक के परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि 'अगर एंबुलेंस रास्ते में खराब नहीं होती, अगर समय पर पहुंचती, तो हमारे पिता की जान बच सकती थी। यह सीधी-सीधी लापरवाही है।' मृतक पुत्र हेमराज सिंह ने खटारा एंबुलेंसों को सड़कों पर दौड़ाने और मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

कैबिनेट फैसले: उत्तर प्रदेश में घटाई गई स्टांप ड्यूटी, सेमीकंडक्टर सेक्टर में 3,000 करोड़ का निवेश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में 13 अहम प्रस्तावों पर मंत्रीमंडल की मुहर लगी। इसमें सबसे प्रमुख फैसला स्टांप ड्यूटी को लेकर था। इस फैसले के अनुसार अब व्यावसायिक भूमि का परिवार के सदस्यों के नाम करने पर मात्र 5 हजार रुपये स्टाम्प ड्यूटी और 1 प्रतिशत शुल्क ही लिया जाएगा। अभी तक यह सुविधा कृषि व आवासीय भूमि पर थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र (कन्वेयंस डीड) की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है।

5,000 तक सीमित है स्टाम्प शुल्क

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 की 3 अगस्त 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था की गई थी कि यदि अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है तो स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए अधिकतम 5,000 ही लिया जाएगा। यह छूट अब तक केवल कृष्य एवं आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी। योगी कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत इस छूट को पारिवारिक सदस्यों के मध्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और कम खर्चीली हो जाएगी।

सेमीकंडक्टर सेक्टर में 3,000 करोड़ के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक विकास को लेकर एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2024 में लाई गई सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3,000 करोड़ या उससे अधिक के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी।

केस-टू-केस आधार पर मिलेगा प्रोत्साहन

सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद बताया कि अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान जैसे देशों में सेमीकंडक्टर का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसी क्रम में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को इस उभरते उद्योग का बड़ा केंद्र बनाने के लिए सरकार ने केस-टू-केस आधार पर प्रोत्साहन देने की स्वीकृति दी है। इसके तहत सेमीकंडक्टर इकाइयों को ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में छूट, यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति (अधिकतम 2,000 प्रतिमाह), जल मूल्य में छूट और 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रूपये बिजली बिल में छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करना है।

उत्तर प्रदेश बनेगा वैश्विक सर्विस का केंद्र, जीसीसी नीति को मंजूरी

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2024 की नियमावली को मंजूरी दे दी गई। इस नियमावली के लागू होने से प्रदेश को वैश्विक निवेश, उच्च स्तरीय सेवाओं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में नई गति मिलेगी। कैबिनेट से अनुमोदित नियमावली के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह नियमावली जीसीसी नीति-2024 के प्रख्यापन की तारीख से प्रभावी मानी जाएगी। जो राज्य सरकार द्वारा संशोधन अथवा समाप्त किए जाने तक लागू रहेगी।

प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है, जिसके चलते निवेश करने के लिए उद्योग घराने और मल्टीनेशनल कंपनियां संपर्क में हैं। इसके लिए जीसीसी नीति बहुत लाभप्रद है और आज इसकी एसओपी लेकर आए हैं।

फर्जी डिग्री देने पर जेएस विवि की मान्यता रद्द

बैक डेट में बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश देकर फर्जी अंकतालिका व डिग्री जारी करने, अभियुक्तों के साथ संगठित अपराध के रूप में काम करने पर जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद, फिरोजाबाद की मान्यता प्रदेश सरकार ने रद्द करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट ने मंगलवार को इससे जुड़े उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि विभाग की जांच में यह सामने आया कि विश्वविद्यालय द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए बीपीएड पाठ्यक्रम की फर्जी और बैक डेट में मार्कशीट व डिग्रियां जारी की गईं। इनका प्रयोग राजस्थान की शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा किया गया। इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस की जांच व शासन स्तर पर गठित जांच समितियों की आख्या में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं हैं। वहीं इस मामले में कुलाधिपति व कुलसचिव की गिरफ्तारी हो चुकी है। मंत्री ने बताया कि जेएस विश्वविद्यालय द्वारा अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन किया गया है। इसमें डिग्री देने की शक्ति के दुरुपयोग, संगठित अपराध के रूप में फर्जी अंकतालिकाओं व डिग्रियों का वितरण, आवश्यक भूमि मानक का पालन न करना तथा उच्च शिक्षा परिषद को अनिवार्य विवरण उपलब्ध न कराना भी शामिल है। इन सभी तथ्यों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद, फिरोजाबाद की मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया है।

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए ध्वस्त होंगे जर्जर भवन

वाराणसी में बनने वाले 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए श्री शिव प्रसाद गुप्ता मंडलीय जिला चिकित्सालय परिसर में पहले से मौजूद 11 जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त किया जाएगा। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वाराणसी में 500 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन रहा है। यह अस्पताल 315 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनेगा। इसका निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा होगा। यह परियोजना 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार (लगभग 189 करोड़ रुपये) और 40 प्रतिशत राज्य सरकार (लगभग 126 करोड़ रुपये) से पूरी होगी। इस अस्पताल के बनने से वाराणसी ही नहीं पूर्वांचल के सभी जिलों के मरीजों को अत्याधुनिक और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

प्रदेश में पैतृक संपत्ति बंटवारे को लेकर बदले नियम

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पैतृक संपत्ति के बंटवारे और किराया रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस फैसले से जहां पारिवारिक विवादों में कमी आएगी, वहीं किरायेदारों और मकान मालिकों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय ईज ऑफ डूइंग लिविंग की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। सरकार का मानना है कि इन सुधारों से प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

पैतृक संपत्ति के बंटवारे में बड़ी सहूलियत

योगी सरकार के निर्णय के तहत अब पैतृक संपत्ति के बंटवारे के लिए मात्र 10,000 रुपये में रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। इसमें 5,000 रुपये स्टांप ड्यूटी और 5,000 रुपये निबंधन शुल्क शामिल होंगे। यह व्यवस्था तीन पीढ़ियों से अधिक पारंपरिक वंशजों के बीच लागू होगी। बंटवारा केवल पैतृक अचल संपत्ति का ही किया जाएगा, जिसमें कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं।

प्राथमिकता और जिम्मेदारी के साथ करें जनसमस्याओं का निस्तारण: किरण पाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान संसदीय अध्ययन समिति के सभापति के कलेक्टरेट आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। बैठक में सभापति ने जनप्रतिनिधियों के प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया तथा एक माह के अंदर निस्तारण से सम्बन्धित विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभापति ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त संदर्भों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा पत्र के माध्यम से निस्तारण की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराए। नगर विकास एवं जल निगम (ग्रामीण) के संबंध में अधिशासी अभियंता ने बताया कि जनपद में तीन परियोजनाएं संचालित हैं, जिनके अंतर्गत सिलौटा में 576 किलोमीटर, चांदी बागर में 2500 किलोमीटर तथा रैपुरा में 725 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को जल्द पुनर्निर्मित कराए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल्स का संज्ञान लें। जनपद में संचालित गौशालाओं एवं चारा-पानी की व्यवस्था के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 302 गौशालाएं संचालित हैं तथा चारा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि कोई भी निराश्रित पशु सड़कों पर न घूमें तथा किसानों की फसलों को किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। आयुष (आयुर्वेद) विभाग के संबंध में जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल नौ आयुर्वेद चिकित्सालय संचालित हैं। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविरों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सिंचाई विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि एक माह के भीतर समिति के समक्ष समस्त विवरण प्रस्तुत करें।

सभापति ने बताया कि संसदीय अध्ययन समिति विधान परिषद की एक महत्वपूर्ण समिति है, जो एक मिनी सदन के रूप में कार्य करती है। यह समिति सदन में उठाए गए प्रश्नों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कहा कि लोकतंत्र में समस्याओं का समाधान प्राथमिक रूप से जिला स्तर पर ही होना चाहिए, इसके लिए भी समिति कार्य करती है। जिलाधिकारी बांदा जे रीभा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त 2404 संदर्भों के सापेक्ष 2403 का निस्तारण कर दिया गया है।

मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को 55 दिन में सुनाई गयी मृत्युदण्ड की सजा

जन एक्सप्रेस। बांदा

महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के क्रम में तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जनपद पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।थाना कालिंजर क्षेत्र अंतर्गत 06 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ जघन्य दुष्कर्म की घटना में संलिप्त अभियुक्त को न केवल त्वरित पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया, बल्कि प्रभावी विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन एवं सशक्त अभियोजन के फलस्वरूप 55 दिन में माननीय न्यायालय द्वारा मृत्युदण्ड एवं 25,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। घटना 25 जुलाई 25 की है, जब थाना कालिंजर क्षेत्र निवासी पूर्व परिचित अभियुक्त अमित पुत्र बाबू निवासी महोरछा थाना कालिंजर जनपद द्वारा 06 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा बच्ची को गंभीर अवस्था में छोड़कर अभियुक्त फरार हो गया। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल बच्ची को चिकित्सकीय उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर थाना कालिंजर में सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना कालिंजर व एसओजी सहित कई टीमों का गठन किया गया था। 26 जुलाई 25 को प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर अभियुक्त को ग्राम गुढ़ाकला, गुड़ा मंदिर रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया,जिस दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के दोनों पैर में गोली लगी तथा उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के पश्चात जेल भेजा गया।मामले की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना कालिंजर दीपेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता, तत्परता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से की गई। विवेचना के दौरान चिकित्सकीय, फॉरेंसिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए मात्र 20 दिनों के भीतर आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।डीजीसी क्रिमिनल विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में लोक अभियोजक श्री कमल सिंह गौतम द्वारा प्रभावी पैरवी, कोर्ट मोहर्रिर जितेन्द्र कुमार एवं पैरोकार चन्दन सिंह के सतत प्रयासों से आरोप विरचन के मात्र 55 दिनों के भीतर न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए मृत्युदण्ड व 25,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

सीएमओ ने किया संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने मंगलवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक के साथ संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर का निरीक्षण किया। सीएमओ ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक एंव पैरामेडिकल स्टाफ रोस्टर के अनुसार डयूटी पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय संयुक्त अस्पताल में 419 मरीजो को ओपीडी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श दिया जा चुका था तथा तथा 64 एक्स-रे, 397 पैथालॉजी टेस्ट एंव 17 आँख के आपरेशन सम्पादित हो चुके थे। अस्पताल परिसर में संचालित ब्लड बैंक में 37 यूनिट ब्लड से तीन यूनिट ब्लड मरीज को दिया गया एवं एक यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ था।

इस दौरान आठ टी.बी. जांच, 22 एच.आई.वी. जांच, 22 सिफलिस जांच एवं 10 ई.सी.जी. की जांच की गई थी। साथ ही सात आयुष्मान कार्ड बनाये गये थे। कुल 27 मरीज भर्ती पाए गए। जननी सुरक्षा वार्ड में नौ प्रसूता भर्ती पाई गई। सीएमओ ने इमरजेंसी, एनबीएसयू, एनीमिया, एसएनसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। जहां सभी आवश्यक उपकरण एवं दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गईं।

सीएमओ ने वार्डों में मानक अनुसार बेडों चादर बिछाने व बदलने के निर्देश दिए। कहा कि मरीजों को बिना किसी भी वजह के रिफर न करें तथा समुचित उपचार प्रदान करें। चिकित्सालय परिसर के पीछे संचालित डायलिसिस वार्ड एवं ऑक्सीजन प्लांट के पास पडे कचरे के ढेर को तत्काल साफ कराने एवं पूरे चिकित्सालय की समय से सफाई एवं पीने के पानी आदि की व्यवस्था ठीक कराने के निर्देश दिए। कहा कि शीत ऋतु के दृष्टिगत भर्ती वार्ड में हीटर, कम्बल आदि की व्यवस्था करें तथा मरीजों के साथ आये हुए परिजनों को भी चिकित्सायल परिसर में रुकने के लिए उचित व्यवस्था करते हुए अलाव की व्यवस्था करें। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त जगह होने पर अधिक बेड लगाने को कहा ताकि सर्दी के कारण तीमारदारों को परेशानी न हो।

सीएमओ ने चिकित्सालय में बेकार व निष्प्रयोज्य पड़ी सामग्री की नीलामी के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अक्रियाशील ऑक्सीजन प्लॉट के निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने प्लांट की मरम्मत के लिए नामित कार्यदायी संस्था साइरेक्स हेल्थ केयर के अधिकारियो को निर्देश दिए। सीएमओ ने चिकित्सालय में आक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए तत्काल दो-तीन दिन के अन्दर आक्सीजन प्लॉट को संचालित कराने के निर्देश दिए।

ग्राम प्रधानों को दिया जाएगा सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाए जाने के मकसद से उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर एक जनवरी 2026 से सड़क सुरक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग ने भी सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैठक कर सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार किए जाने एवं ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा के बारे में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिए जाने के आदेश दिए हैं। इस कार्यक्रम के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश सिंह एवं यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को प्रचार वाहन द्वारा कर्वी तहसील के अंतर्गत भरतकूप, रौली कल्याणपुर, रसिन, सीतापुर सहित दर्जनों गांव में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रचार प्रसार कराया गया। इस दौरान एआरटीओ आरपी सिंह व पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने आम जनमानस एवं ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। साथ ही उनका पालन करने के लिए जागरूक करते हुए प्रेरित किया।

दिनदहाड़े भरे बाजार 15 लाख रूपये की ज्वेलरी लूट कर बाइक सवार लुटेरे मध्य प्रदेश फरार

जन एक्सप्रेस। बांदा

कालिंजर की मुख्य मार्केट में स्थित ज्वैलर्स की दुकान में ग्राहक बन कर आये बाइक सवार दो लुटेरे दो सोने के जेवरों से भरे दो डिब्बे लेकर भाग गए। सूचना के काफी देर बाद पहुची पुलिस लुटेरों के सीसी टीवी फुटेज खंगालती रही। दिन दहाड़े हुयी लूट की घटना से पूरे बाजार में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। कालिंजर के मुख्य बस स्टैंड पर इंडियन बैंक के निकट कन्हैया ज्वेलर्स नाम से यही के रामबाबू सोनी की सोने चांदी की दुकान है। दोपहर में एक बजे बाइक सवार दो युवक ग्राहक बनकर दुकान आये थे इस समय दुकान मालिक रामबाबू सोनी के पिता बृजनंदन सोनी दुकान पर बैठे थे दोनो युवकों ने चांदी की लॉकेट लेने की बात दुकानदार की। एक युवक ने चांदी का लॉकेट खरीदा और रुपये दे दिए। इसके बाद युवको ने सोने के लॉकेट खरीदने की बात कही तो दुकानदार सोने के लॉकेट दिखाने लगे इसी दौरान एक युवक दुकानदार का ध्यान भटकाने की कोशिश कर काउंटर के नीचे झांकने लगा।

इसके पहले कि दुकानदार कुछ समझ पाता लुटेरों ने लॉकेट और मनचली से भरे दो डिब्बे लेकर दुकान से बाहर निकल गए।वृद्ध दुकानदार चिल्लाता रहा लेकिन तब तक लुटेरे बाइक में बैठ कर फरार हो गए। भागते समय पड़ोसी दुकानदार रामकृपाल सोनी ने इनकी बाइक पकड़ ली और पकड़ने का प्रयास किया लेकिन धक्का देकर भाग भागने में सफल रहे।

सुशील मिश्र बने बार अध्यक्ष

चित्रकूट। जिला बार एशोसिएसन के चुनाव की मतगणना के बाद मंगलवार को परिणाम घोषित कर दिए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर सुशील कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेन्द्र कुमार त्रिपाठी, महासचिव पद पर विजय पकाश त्रिपाठी व संयुक्त सचिव पद पर प्रिया देवी ने जीत हासिल की। जिला कचेहरी में मंगलवार को हुई मतगणना के बाद जिला बार एशोसिएसन के निर्वाचन अधिकारी चन्द्रपाल पाल, योगेश कुमार, चुनबाद प्रसाद, सहायक चुनाव अधिकारी विनीत पयासी, दमयंती व आलोक त्रिपाठी ने बताया कि इल्डर कमेटी के चेयरमैन बुआराम शुक्ला व सदस्यों के निर्देशानुसार परिणाम घोषित कर दिया गया है।

पुरानी रंजिश में युवक के पैर में मारी गोली

चित्रकूट। सरधुवा थाना क्षेत्र के गरीब दास के पुरवा में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद गोली चल गई। इस घटना में आरोपी ने युवक के पैर में गोली मार दी।घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अंतिम सिंह अपना खेत देखने गया था, जहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने अवैध असलहे से युवक के ऊपर जानलेवा फायर कर दी। जिसमें युवक के पैर में गोली लग गई।बताया जा रहा है दोनों पक्षों में जमीनी पट्टीदारी को लेकर पुरानी पुरानी चली आ रही है। पूर्व में भी दोनों पक्षों में विवाद हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर सरधुवा थाना प्रभारी राम सिंह फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए राजापुर सीएससी में भर्ती कराया है।आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

मतदाता सूची का अवलोकन कर लें सभी मतदाता: एडीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ व विधानसभा निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। मतदाता पंजीकरण का यह कार्य छह जनवरी से छह फरवरी तक किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर एवं उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 15 विद्यार्थियों को फार्म छह वितरित कर पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के माध्यम से मृत, शिफ्टेड व डबल पंजीकृत मतदाताओं को हटाकर नए मतदाताओं को जोड़कर शुद्ध मतदाता सूची बनाई गई है, जिसका आज आलेख्य प्रकाशन हो रहा है। कहा कि सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में देख लें यदि किसी का नाम छूट गया हो तो वह फार्म छह भरकर अपना नाम पंजीकृत करा लें और यदि कोई संशोधन है, तो फार्म आठ भर कर संशोधन भी करा लें। बताया कि एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी लोग फॉर्म छह भरकर बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा लें, ताकि वह मतदाता बन सके। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि की एक जनवरी 2026 से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवक व युवतियां फार्म छह के साथ आयु संबंधित प्रमाण पत्र, परिवार के किसी सदस्य का इपिक एवं फोटो लगाकर बीएलओ के पास फार्म जमा कर दें या मोबाइल फोन से वोटर हेल्पलाइन एप व पोर्टल के द्वारा भी ऑनलाइन पंजीकरण घर बैठे कर सकते है। बताया कि यह कार्यक्रम छह फरवरी तक चलेगा और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन आगामी छह मार्च को होगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश प्रसाद ने किया।

वाह रे बिजली विभाग! एक महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदला गया

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

सरीला के जलालपुर में डेढ़ महीने से खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को बदलने की बिजली विभाग को नहीं है फुर्सत। जिसके चलते पंचायत भवन के सरकारी काम पूरी तरह बंद पड़े हैं, जबकि ट्रांसफार्मर के खराब होने से बिजली न आने का संकट खड़ा हो गया है। वही बिजली न आने से गांव वालों को अंधेरों की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। साथ ही गांव में हर तरफ अंधेरा ही अंधेरा नजर आ रहा है। जिसके चलते गाँव वालों को पीने के पानी की दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है।

बताया गया है कि जलालपुर के हरसुंडी में 45 दिन से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ममना सबस्टेशन पर विधुत विभाग के कर्मचारियों को दी थी, लेकिन उन्होंने उसे ठीक करने का प्रयास नहीं किया। ट्रांसफॉर्मर फूंकने से गांव में अंधकार छा गया। वहीं गांव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया। हरसुंडी गांव निवासी लल्लू यादव, राजेश, ह्रदेश यादव, विजय यादव सहित आधा दर्जन लोगो ने बताया की पंचायत भवन के पास रखा ट्रांसफार्मर बीते 45 दिनों से जला हुआ पड़ा है। बताया गया है कि शिकायत के बावजूद भी अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। साथ ही ये भी बताया गया है कि पंचायत भवन में आय, जाति, निवास, खतौनी, पेंशन, किसान सम्माननिधि, खसरा बनवाने में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी ट्रांसफार्मर सही नहीं कराया जा रहा है। जबकि ग्रामीण पीने के पानी के लिए सुबह से इधर उधर भटकते नजर आते है। साथ ही गाँव वालों के मोबाइल फोन भी नहीं चार्ज हो पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बिना देर किये जल्द ही दूसरा ट्रांसफॉर्मर लगवाये जाने की मांग की है। पंचायत सहायक अशोक, रोहित, मोहित, राजेश, रामआसरे, लल्लू सहित निर्दोष, ने कहा कि अगर जल्दी ही बिजली विभाग ने खराब पड़ा ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो गाँव वाले धरना देने को मजबूर हो जायेंगे।

नशे की हालत में वाहन न चलाने की दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस। बांदा

मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पाँचवें दिवस आदर्श बजरंग इंटर कालेज में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक (सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के कालेज / विद्यालयों से आए हुए नोडल सड़क सुरक्षा शिक्षकों का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स को विशेष रूप से जनपद के यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु डा. मिश्रा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। विशिष्ट अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार द्वारा उपस्थित नोडल शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रहरी बनकर नेतृत्व देने की बात कही साथ ही अपेक्षा की कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं इस महत्वपूर्ण विषय में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे।

मंडलीय मास्टर ट्रेनर, समन्वयक डॉ पीयूष मिश्रा ने अतरराष्ट्रीय एव राष्ट्रीय आंकड़ों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षकों को समाज में छात्रों का सहयोग लेते हुए दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु एक कडी बनाने का लक्ष्य दिया साथ ही एक नेक मददगार बन समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया तथा अपेक्षा की कि इस अभियान को आज से अपने घर से शुरू करेंगे। परिवहन विभाग से एआरटीओ गुलाब चन्द्र ने स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने एवं समय-समय पर ड्राइवर के नेत्रों के परीक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया। यात्री कररामालकर अधिकारी वीरेंद्र नाथ राजभर ने सुविधाजनक लाइसेंस आवेदन के तौर तरीके बताएं तथा विभिन्न यातायात नियमों की जानकारी दी, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने स्टंट करने से बचने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं कोहरे के मौसम में निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की हिदायत दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य आदर्श बजरंग इंटर कालेज मिथिलेश पांडे ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने का संकल्प दोहराया। सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सेना ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया, अंत में संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई इस अवसर पर विभिन्न कालेजों/विद्यालयों से आए हुए नोडल शिक्षक/ शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

एसडीएम ने फीता काटकर वोटर रजिस्ट्रेशन हाल की शुरुआत की

हमीरपुर। एसडीएम ने फीता काटकर वोटर रजिस्ट्रेशन हाल की शुरुआत। मौदहा के रहमानियां इंटर कालेज में एसडीएम करनवीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा सहित कालेज प्रधानाचार्य डॉ रज़िया सुल्ताना ने कालेज में शुरू किया गया वोटर रजिस्ट्रेशन खमरे का फीता काटकर शुरुआत की। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के विशेष पुनरीक्षण पंजीकरण अभियान के तहत 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नये मतदाताओं को वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिये शुरू किए गए अभियान के तहत नगर के रहमानिया इंटर कालेज में इस अभियान का शुरुआत की गई। कार्यक्रम में एसडीएम ने कालेज में मौजूद पुराने और नये वोटरों को जागरूक करने के साथ बीएलओ रुम का जायजा लिया गया। जायजे के दौरान बीएलओ को जरुरी दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान सदर लेखपाल अवनीश कुमार सहित समाजसेवी सहित वार्ड के बीएलओ मौजूद रहे।

पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **ऑपरेशन ईगल** के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को महोखर बाइपास के पास से किया गया गिरफ्तार। गौरतलब हो कि 5 जनवरी 26 को देर रात्रि थाना मटौंध पुलिस गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग के दौरान महोखर बाइपास के पास से 03 को गिरफ्तार कर लिया गया।अभियुक्तों के कब्जे से 15 किलो 176 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्त उड़ीसा से बिहार व मध्य प्रदेश के रास्ते से अवैध सूखे गांजे लाकर बांदा और आसपास के जनपदों में इसकी सप्लाई करते थे। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस द्वारा पूंछताछ करते हुए जानकारी की जा रही है कि अभियुक्तों के द्वारा किसके माध्यम से गांजे की खरीद/बिक्री की जाती थी, जानकारी होने पर इन सभी के खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तों में बुसभ केतकी पुत्र खुशी राम केतकी निवासी कंध वहाल थाना कांताबांझी जनपद बोलंगीर (उड़ीसा), किस्मत केतकी पुत्र खिरो केतकी निवासी कंध वहाल थाना कांताबांझी जनपद बोलंगीर (उडीसा), रितेश भोई पुत्र टीके चन भोई निवासी वार्ड 18 राजीव नगर थाना टाउन बोलंगीर जनपद बोलंगीर (उडीसा) है।

राइफल क्लब खेल मैदान की नीलामी के विरोध में कांग्रेस के बाद सपा का जोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। बांदा

मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए शहर स्थित ऐतिहासिक राइफल क्लब खेल मैदान की नीलामी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण खेल मैदान पर भूमाफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों की नजर है और इसे सुनियोजित तरीके से नीलाम करने का प्रयास किया जा रहा है।ज्ञापन में कहा गया है कि राइफल क्लब मैदान शहर के बीचों-बीच स्थित एकमात्र प्रमुख खेल मैदान है, जहां खेलकर जनपद के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। पार्टी ने यह भी उल्लेख किया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद वर्ष 1945 से 1962 तक झांसी से आकर इसी मैदान पर नियमित रूप से खेलते रहे थे, जिससे इसका ऐतिहासिक और खेल महत्व और भी बढ़ जाता है। झीलें और नदियां सपा ने मैदान के इतिहास का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 1902 में तत्कालीन जमींदार द्वारा गाटा संख्या 9546 को 99 वर्षों के पट्टे पर पुलिस परेड ग्राउंड के लिए अस्थायी रूप से दिया गया था। शर्त यह थी कि पुलिस लाइन के निर्माण के बाद इस मैदान को खाली कर दिया जाएगा।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि वर्ष 1984-85 में जनपद विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने राइफल क्लब खेल मैदान में स्थित टीटी हॉल में अपना कार्यालय खोलकर जिलाधिकारी का अस्थायी किराएदार बन गया। इसके बाद 1992-93 में बीडीए ने कथित रूप से अवैध तरीके से नगर पालिका परिषद से मैदान के कुछ हिस्से को फ्री होल्ड कराकर अपने नाम कर लिया और उस पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बनाई। इस पर खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने 13 जनवरी 2006 को जनपद विकास प्राधिकरण के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी किया था। इसी क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 2006 में जनपद आगमन के दौरान इसी राइफल क्लब मैदान से घोषणा की थी कि मैदान की यथास्थिति बहाल रहेगी।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 07 जनवरी, 2026

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण पर सीएक्यूएम को...

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कर्तव्य निभाने में असफल रहने पर फटकार लगाई है। वहीं सीएक्यूएम की दिल्ली की सीमाओं... पढ़ें पेज 12 पर...

गोशालाओं में सर्दी से बचाव के नहीं हैं पर्याप्त इंतजाम, ठिठुर रहे गोवंश

- गौशालाओं की व्यवस्था के बारे में ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं होती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ मलिहाबाद व बीकेटी सहित राजधानी के आठों विकासखंडों में संचालित सरकारी गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का बुरा हाल है। इस कड़ाके की सर्दी में भी पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से गोवंश ठिठुरने को मजबूर हैं। ऊपर से टिनशेड डाल दिया गया है, और तिरपाल भी दिखावे के लिए टीन शेड्स के चारों तरफ लटकाया गया है। जिससे इस समय चल रहीं शीतलहर से गौवंशों को बचाने के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। बचाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। विधान केसरी की टीम ने बीकेटी विकासखंड के कठवारा, रैथा, इंदारा, सुबशीपुर, किशुनपुर में स्थित गोशाला की पड़ताल की, तो यह हकीकत सामने आई, यहां गंदगी की भरमार दिखाई दी, तथा खाने को मौके पर पुआल पड़ी हुई थी। वृहद गोशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था नहीं हैं। पीने के पानी की कुंडी बनी हुई है, इनमें ठंडा पानी भरा रहता है। इसी को पीने के लिए गोवंश मजबूर हैं। बता दें कि आवारा गौवंशों को संरक्षित करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जगह-जगह पर गौशाला स्थापित करवाई गई हैं। इन गौशालाओं की देखरेख के लिए सरकारों द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है लेकिन नतीजा दारक के तीन पात जैसा नजर आ रहा है। गौशालाओं में संरक्षित गौ वंश अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते नजर आ रहे अधिकारी भले ही गौशालाओं की सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के लिए दिशा निर्देश है। देते रहते हो लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी एवं खाऊ कमाऊ नीति के चलते बुरा हाल है। कहीं कड़ाके की ठंड में इन गौशालाओं में संरक्षित गौवंश ठिठुरते नजर आ रहे हैं तो कहीं सूखा भूसा खाकर अपना पेट भर रहे हैं। लगातार सूखा चारा खाने से गौवंशों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। ग्रामीण बताते हैं कि गौशालाओं की देखरेख करने वाले जिम्मेदारों की अनदेखी एवं कमाऊ नीति चलते इन दिनों गौशालाओं में संरक्षित गौवंश जहां कड़ाके की ठंड में ठिठुरने को मजबूर हो यो हैं जही सुखा भूसा खाकर अपना पेट भर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा इस गौशाला में व्याप्त अनियमितताओं के बारे में वाई आर अधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी है।

एआईएफ सेक्टर में सराहनीय कार्य के लिए यूपी को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट पुरस्कार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में रीजनल कान्फ्रेन्स समारोह का आयोजन आज चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें यूपी राज्य को ''बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट'' का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि योजना का प्रभावी कियान्वयन किया जा रहा है। कृषि अवसंरचना निधि योजना के तहत प्रदेश में 13384 प्रोजेक्ट्स हेतु 8394.17 करोड़ रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया है जिसमें से 12602 लाभार्थियों को 5754.37 करोड़ का ऋण वितरण किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा फसलोपरान्त हानियों को कम करने के लिए तथा कृषि अवस्थापना के विकास हेतु अगस्त 2020 से कृषि अवसंरचना निधि योजना को प्रारम्भ किया गया है जिसके अन्तर्गत 2 करोड़ रूपये तक के ऋण पर भारत सरकार द्वारा3 प्रतिशत ब्याज उपादान प्रदान किया जाता है।

विकसित भारत–गारंटी कानून 2025 गरीबों के लिए हितकारी : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और जनकल्याणकारी नेतृत्व में 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025' का क्रियान्वयन ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह कानून गरीबों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और युवाओं के लिए नए अवसर उपलब्ध कराएगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को गति देगा। मौर्य ने बताया कि इस कानून के तहत 125 दिन का नियमित कार्य सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका का मजबूत आधार मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, कौशल विकास, स्वरोजगार और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर केंद्रित है। इसके माध्यम से युवाओं को नवीन तकनीक, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौर्य ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य के प्रत्येक ग्राम तक रोजगार और आजीविका के अवसर पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की यह पहल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास को नई दिशा देगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल विधानमंडल दल के नेता एवं विधायक राजपाल सिंह बालियान तथा कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और अनिल कुमार की उपस्थिति रही। उप मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश इस कानून के क्रियान्वयन में देश के सामने आदर्श मॉडल प्रस्तुत करेगा।

पंचायती राज विभाग ने जारी किया महिला सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायतों में उनकी वास्तविक एवं सक्रिय भागीदारी के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं बल्कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

कैलेंडर के माध्यम से संदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में महिलाएं केवल नाम की प्रधान या प्रतिनिधि न रहें, बल्कि विकास कार्यों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने, अपनी बात मजबूती से रखने और पंचायत संचालन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। कैलेंडर ग्राम पंचायतों, पंचायत भवनों एवं विभागीय कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों में महिलाओं की सहभागिता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित हो सके। पंचायती राज विभाग का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ाने और निर्णय प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि नारी शक्ति की नई उड़ान, गांव बदल रही महिला प्रधान केवल एक पहल नहीं, बल्कि मजबूत लोकतंत्र की नींव है। जब पंचायतों में महिलाएं सशक्त होंगी और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तभी गांवों का समग्र विकास संभव होगा। यह कैलेंडर महिला हितैषी सोच को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह ने कहा कि यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों के लिए एक प्रेरक एवं मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो महिला हितैषी सोच को व्यवहार में उतारने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री से मिले अयोध्या के महापौर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान महापौर ने अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में संचालित और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति से मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया। बैठक में नगर के समग्र विकास, बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और जनहित से जुड़ी योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या नगर निगम द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने, सड़क व नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में आगामी योजनाओं, विशेष रूप से बढ़ती आबादी और श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यक आधारभूत ढांचे के विस्तार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। महापौर ने नगर निगम को अतिरिक्त संसाधन, अनुदान तथा कुछ विशेष परियोजनाओं के लिए शासन स्तर पर स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व पटल पर महत्वपूर्ण स्थान रखती है, ऐसे में नगर के सुनियोजित विकास के लिए शासन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की और महापौर द्वारा रखी गई मांगों व प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और अयोध्या के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

लखनऊ में भाजपा महानगर अध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रथम ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रिंट आउट बूथ वार मंडल अध्यक्षों को सौंपा

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्टी केसरबाग कार्यालय पर मंडल अध्यक्षों और मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लगे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रथम ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रिंट आउट बूथ वार मंडल अध्यक्षों को सौंपा। वही वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर नीरज सिंह ने द्वितीय चरण अभियान में सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए विधानसभा स्तर पर बैठक की जिसमें बूथ पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की और आवश्यकता अनुसार भरे जाने वाले फॉर्म वितरित कराये। इस दौरान नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी का नाम छूट रहा है तो जरूरी कागजात के साथ फार्म 6 और नाम या पते में सुधार के लिए फॉर्म 8 भरवाना है। 6 फरवरी से पहले अपना दावा और आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र मतदाताओं का फॉर्म भी सक्रियता से भरवाना है। वही आनंद द्विवेदी ने कहा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, ऐप और बीएलए के पास भी उपलब्ध है लेकिन सुविधा के लिए इसका प्रिंटआउट दिया जा रहा है जिसको प्रत्येक बूथ पर गहन अध्ययन करके सभी पात्र मतदाताओं का नाम चेक करना है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में मानसिंह, रमाशंकर त्रिपाठी, चेतन सिंह बिष्ट, घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, लव कुश त्रिवेदी सहित मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहें।

जब शहर सो रहा था, तब आलमबाग पुलिस जगा रही थी भरोसा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- साधन न मिलने से असहाय थे महिला व पुरुष, पुलिस ने वाहन से पहुँचाया घर
- प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सरोज के नेतृत्व में दिखी संवेदनशील पुलिसिंग

जब शहर गहरी नींद में था, सड़कें सुनसान थीं और जनवरी माह की कड़कती ठंडी में आवागमन के सारे साधन ठप हो चुके थे–तभी आलमबाग पुलिस ने यह साबित कर दिया कि वर्दी सिर्फ सख्ती की नहीं, भरोसे और संवेदना की भी पहचान है। देर रात साधन न मिलने से असहाय स्थिति में फंसे एक महिला और एक पुरुष के लिए आलमबाग पुलिस फरिश्ता बनकर सामने आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आधी रात के समय दोनों व्यक्ति सुरक्षित घर लौटने का कोई साधन न मिलने के कारण सड़क पर फंसे हुए थे। भय और असुरक्षा के माहौल में आलमबाग थाना पुलिस की गश्ती टीम ने उन्हें देखा और तत्काल मदद का फैसला लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सरोज के नेतृत्व में पुलिस ने बिना किसी औपचारिकता के मानवीय जिम्मेदारी निभाते हुए दोनों को पुलिस वाहन से उनके घरों तक सुरक्षित पहुँचाया।

इस दौरान पुलिसकर्मियों का व्यवहार न सिर्फ शालीन रहा, बल्कि पूरी तरह संवेदनशील और भरोसे से भरा हुआ था। सुरक्षित घर पहुँचने के बाद दोनों लोगों ने राहत की सांस ली और भावुक होकर आलमबाग पुलिस व यूपी पुलिस का आभार जताया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएँ पुलिस और आमजन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनती हैं। प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सरोज के नेतृत्व में आलमबाग पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था संभाल रही है, बल्कि जरूरत के वक्त आम लोगों के लिए संकटमोचक की भूमिका भी निभा रही है।

यह घटना एक बार फिर यह संदेश देती है कि यूपी पुलिस केवल अपराध पर नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि अंधेरी रातों में आमजन के लिए उम्मीद की रोशनी भी है।

घने कोहरे के कारण आलू की फसल में झुलसा रोग लगने की संभावना, किसान दवाई का कर रहे छिड़काव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत इटौंजा क्षेत्र में कोहरा पड़ने तथा कड़ाके की ठंड होने से आलू की फसल में झुलसा रोग फैलने की संभावना बढ़ गई है व? मटर सरसों की? फसलो को नुकसान होने की संभावना है । इससे किसान अपनी फसल को बचाने के लिए दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं। इटौंजा क्षेत्र में केले की फसल के बाद किसान आलू की फसल का उत्पादन अधिक करते हैं। किसानों ने बताया कि 80 एकड़ से अधिक क्षेत्र में किसानों ने आलू की फसल बो रखी है। इस वर्ष आलू का उत्पादन अधिक होने के आसार हैं पर घना कोहरा पड़ने के कारण तथा कड़ाके की ठंड होने की वजह से आलू में झुलसा रोग फैलने की आशंका बढ़ गई है। यदि आलू की फसल में झुलसा रोग लग जाता है तो किसान को आलू से भरपूर उत्पादन ना मिलने से उनके इरादों पर पानी फिर जाएगा।

लेखपालों के लिए बड़ी खुशखबरी : अब गांव में ही बनेगा आवास कक्ष, रात यहीं गुजारनी होगी

- राजस्व परिषद ने जारी किया आदेश, पंचायत भवन परिसर में बनेगा एक कक्ष जिलाधिकारियों से मांगी गई आख्या

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



प्रदेश के राजस्व लेखपालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद ने आदेश जारी करते हुए निर्देश दिया है कि अब प्रत्येक लेखपाल के हल्का क्षेत्र के गांवों के पंचायत भवन परिसर में ही एक कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद लेखपालों को गांव में ही रुककर रात्रि विश्राम करना होगा, ताकि जनता से उनका संपर्क और अधिक सुदृढ़ हो सके। आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। शासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायत भवन परिसर में स्थान की उपलब्धता को लेकर किए गए सर्वे की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी पूछा गया है कि जहां ग्राम पंचायत और हल्का की सीमाएं अलग-अलग हैं, वहां लेखपाल का मुख्यालय किस प्रकार निर्धारित किया जाएगा।

इसके लिए एक गूगल शीट लिंक भी जिलों को उपलब्ध कराया गया है, जिस पर मांगी गई जानकारी तुरंत अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व परिषद ने इसे ग्रामीण स्तर पर राजस्व कार्यों को सुचारु बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। अधिकारियों का मानना है कि गांव में रुकने से लेखपालों की पहुंच आम जनता तक सीधे होगी और नामांतरण, विरासत, नक्शा-खतौनी सहित अन्य राजस्व संबंधित समस्याओं का समाधान तेजी से हो सकेगा। गौरतलब है कि लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में लेखपालों की अनुपलब्धता को लेकर शिकायतें उठती रही हैं। अब पंचायत भवन परिसर में आवासीय कक्ष बनने से लेखपालों की जवाबदेही और उपस्थिति दोनों सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है। राजस्व परिषद ने जिलाधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

राजधानी की थाली में ज़हर : खीर में रेंगती चींटी, आलमबाग के श्री बालाजी ढाबा पर फूड विभाग का ताबड़तोड़ छापा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- चार सैंपल सील कर लैब भेजे गए, लाइसेंस-एनओसी की गहन जांच रिपोर्ट खराब आई तो ढाबा सील, संचालक पर कड़ी कार्रवाई तय

राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर कटघरे में खड़ी हो गई है। आलमबाग स्थित श्री बालाजी ढाबा में परोसी जा रही खीर में चींटी मिलने की सनसनीखेज शिकायत के बाद फूड विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अचानक छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विजय प्रताप सिंह के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर विनोद कुमार जायसवाल और डॉ. आर.के. सिंह की टीम ने ढाबे पर पहुंचकर रसोई, भंडारण कक्ष और स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान खीर के चार डिब्बों से विधिवत सैंपल भरकर सील किए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। साथ ही ढाबा संचालक से फूड लाइसेंस, स्वच्छता प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक एनओसी भी तलब की गई।

'मानकों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं'

फूड विभाग के अधिकारियों ने साफ कहा कि लैब रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मानकों पर खरे न उतरने की स्थिति में भारी जुर्माना, लाइसेंस निरस्तीकरण और ढाबा सील करने तक की कार्रवाई की जाएगी।

देर रात तक खुले ढाबे बने सेहत के दुश्मन

घटना के बाद इलाके में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात तक खुले रहने वाले होटल-ढाबों पर नियमित जांच न होने से आम लोगों की सेहत से खुला खिलवाड़ हो रहा है। लोगों ने ऐसे प्रतिष्ठानों पर लगातार और सख्त छापेमारी की मांग की है। फूड विभाग ने संकेत दिए हैं कि राजधानी भर में अभियान तेज किया जाएगा और किसी भी कीमत पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।

शिक्षामित्रों के लिए खुशखबरी का संकेत, संदीप सिंह ने दिया आश्वासन

मानदेय वृद्धि सहित सभी मांगों पर काम जारी, जल्द सीएम देंगे घोषणा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने शिक्षामित्रों को आश्वासन दिया है कि उनकी हर समस्या और मांग का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानदेय वृद्धि पर काम चल रहा है और जल्द ही मुख्यमंत्री इससे जुड़ी खुशखबरी देंगे।

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की अपील

मंत्री ने सभी से अपील की कि नकारात्मकता को छोड़कर सरकार के साथ मिलकर काम करें और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दें।

विधायकों और संघ नेताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर एमएलसी और विधायक श्रीचन्द्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह राजपूत, उमेश द्विवेदी, हरिओम वर्मा, अवनीश सिंह, मानवेंद्र सिंह और शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला, महामंत्री सुशील कुमार तथा संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने संबोधन दिया।

सम्मान समारोह में मंत्री ने कही बड़ी बातें

विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में संदीप सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों के हित में गंभीर है। उन्होंने बताया कि जब कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का प्रस्ताव आया, तो मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों, रसोइयों और अनुदेशकों को इसमें शामिल करने का निर्देश दिया। औपचारिकताएं पूरी कर इसे जल्द प्रभावी बनाया जाएगा।

एसआईआर में 2.67 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटे ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 1.08 लाख मतदाता 'अनुमोदित'

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस प्रक्रिया में 2 लाख 67 हजार मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जबकि 1 लाख 8 हजार 493 मतदाताओं को अनुमोदित' श्रेणी में रखा गया है। इन अनुमोदित' मतदाताओं को शीघ्र नोटिस जारी किए जाएंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने बताया कि एसआईआर से पहले जिले में कुल 14 लाख 46 हजार 528 मतदाता पंजीकृत थे। गहन सत्यापन के दौरान 2 लाख 68 हजार 241 मतदाता फार्म 'एएसडी' अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत श्रेणी में पाए गए।हटाए गए नामों में 56 हजार 155 मृत मतदाता,59 हजार 59 स्थानांतरित मतदाता तथा 23 हजार 439 स्थानांतरित महिला मतदाता शामिल हैं।इन सभी के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त 1 लाख 8 हजार 493 मतदाता ऐसे पाए गए, जिनका सत्यापन अभी पूर्ण नहीं हो सका, इसलिए उन्हें 'अनुमोदित' श्रेणी में रखा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अनुमोदित' श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस मिलने के बाद निर्धारित अवधि के भीतर संबंधित मतदाताओं को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि निर्धारित समय सीमा में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत

नहीं किए गए, तो उनके नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही अब दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आगामी तिथि तक नए मतदाता, स्थानांतरण, नाम सुधार या विलोपन से संबंधित दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन छह मार्च को किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 06 फरवरी तक प्राप्त की जाएंगी तथा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी तक किए जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा विभिन्न अर्हता तिथियां एक अप्रैल, एक जुलाई एवं एक अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई हैं। ऐसे मतदाता जो इन तिथियों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं,वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म-6 घोषणा पत्र सहित भर सकते हैं।इसके अतिरिक्त निर्वाचन नामावली में किसी प्रविष्टि में संशोधन मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन, निवास परिवर्तन आदि के लिए फॉर्म-8 घोषणा पत्र सहित भरकर संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है। वहीं मतदाता सूची से मृतक, स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अनुपस्थित मतदाताओं के नाम हटाने हेतु भी निर्धारित फॉर्म भरकर जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता पंजीकरण अथवा किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु भारत निर्वाचन आयोग के एप एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 घोषणा पत्र सहित भी भरे जा सकते हैं।

डीएम ने किया निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

मंगलवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य को और अधिक तेजी से कराने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जा सके।शीतकाल को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिकों के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए, जिससे श्रमिकों को ठंड से राहत मिल सके और कार्य सतत रूप से जारी रहे।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय के लिए अलग से किए जा रहे ट्रांसमिशन कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभाग को प्रदान किए। इस दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

जिले में शुरु हुआ मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की आलेख्य मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया है। यह मतदाता सूची जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आम नागरिकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान एमएलके पीजी कॉलेज में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना है।

युवा मतदाताओं के लिए सुनहरा अवसर

डीएम ने बताया किअर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर मतदाता पंजीकरण कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करें।

सशक्त लोकतंत्र की नींव - जागरूक और सक्रिय मतदाता

डीएम ने कहा कि **हर योग्य नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। युवा मतदाता देश के भविष्य हैं, उनकी सहभागिता से ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण संभव है।** उन्होंने बताया कि जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने मतदेय स्थल पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम, विवरण एवं प्रविष्टियों का अवश्य अवलोकन करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर समय से सुधार कराएं।

शीतलहर का प्रभाव: कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालय 14 जनवरी तक बंद

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया कि कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल चौदह जनवरी तक बन्द रहेंगे। वर्तमान मौसम परिस्थितियों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे छोटे बच्चों के बीमार होने की आशंका बढ़ गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने प्राइमरी से लेकर कक्षा आठवीं तक संचालित सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों को14 जनवरी तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है, कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। और ठंड के कारण किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जा सकता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने विद्यालय प्रबंधनों को निर्देशित किया गया है, कि वे आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने यह भी कहा है कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। यदि ठंड और शीतलहर का प्रभाव कम होता है,तो आगे की स्थिति के अनुसार नए निर्देश जारी किए जाएंगे। अभिभावकों ने प्रशासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के हित में बताया है।

देश की आजादी के लिए सुख, मोह को त्यागने वालों को नमन: डीएम संजय चौहान

जन एक्सप्रेस । अमेठी

ताम्र पत्र विभूषित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मूर्ति अनावरण किया। मूर्ति अनावरण के मौके पर समूचे जनपद से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन, गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट जनों की मौजूदगी रही।देश की आजादी में अपने सुख,परिवार,मोह माया को दर किनार कर कदम से कदम मिलाकर चलने वाले रण बांकुरों को हर देश भक्त नमन कर रहा है। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेकर जेल की रोटी खाने वाले पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों के सम्मान में आज भी देश का हर व्यक्ति नतमस्तक है। ऐसे ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनपद के खरौना गांव निवासी स्वर्गीय पं. रामदुलारे द्विवेदी, उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय सूर्यकुमारी द्विवेदी की स्मृति में स्थापित प्रतिमा का भव्य अनावरण जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने किया।

मुख्य अतिथि डीएम संजय चौहान ने मूर्ति अनावरण के दौरान कहा कि दुनिया में वैश्विक परिदृश्य पर घटना क्रम तेजी से बदल रहा है। किसी भी देश का नाम लिए बगैर जिलाधिकारी ने कहा कि आज भी देश प्रेम का जज्बा मन में विद्यमान है, वक्त आने पर वो सामने आ जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों से कहा कि आप जो कश्ती निकालकर लाए हैं, उसे हम सब सम्भालकर ही रखेंगे। ताम्र पत्र विभूषित स्वर्गीय राम दुलारे द्विवेदी के पुत्र गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष चंद्र द्विवेदी, सुपुत्र सुधीर द्विवेदी, प्रपौत्र प्रखर द्विवेदी ने जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक को अंगवस्त्र, माल्यार्पण कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी, स्वतंत्रता संग्रामसेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह, जिलाउपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा, चंद्र तिवारी, तहसील अमेठी अध्यक्ष रमा निवास मिश्रा, तहसील महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद तिवारी सहित समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया गया। गायत्री परिवार अमेठी के जिला समन्वयक डॉ त्रिवेणी सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार आज समाज के हित में विशिष्ट कार्य कर रहा है। देश और राष्ट्र की मजबूती के लिए समूचा गायत्री परिवार कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के जिला युवा समन्वयक डॉ प्रवीण सिंह दीपक ने कहा कि देश प्रेम ही एक ऐसा मंत्र है,जो हम सभी देशवासियों को नित नए आयामों तक पहुंचा सकता है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह, गायत्री परिवार के भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक राधेश्याम तिवारी,राणा प्रताप सिंह, दिनेश तिवारी,अनिल मिश्र,डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

आम जनमानस को बाल विवाह के बारे में किया गया जागरूक

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत रायबरेली में हलवाई की दुकान, टेंट की दुकानों, कोतवाली में तथा सड़क पर जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें आम जनमानस हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आम जनमानस को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को समाज में कहीं भी बाल विवाह न होने देने, स्वयं बाल विवाह न करने एवं बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित सभी लोगों द्वारा समाज में व्यापक जागरूकता फैलाकर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

सब-जूनियर प्रदेश स्तरीय हॉकी टीम में पायनियर पब्लिक स्कूल के छात्राओं का चयन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर की अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की छात्राओं का चयन मंगलवार को सब-जूनियर प्रदेश स्तरीय हाकी टीम में किया गया है। जानकारी के अनुसार 6 जनवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर की 2 छात्राओं में आराध्या श्रीवास्तव व सुधा गौतम का चयन सब-जूनियर प्रदेश स्तरीय हॉकी टीम में हुआ है। दोनों छात्राएं जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित हुई, जिसके उपरान्त उन्हें प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करनें हेतु मेरठ के लिए रवाना किया गया। हॉकी संघ एवं खेल विभाग की ओर से चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ दी। हॉकी टीम के अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू, उपाध्यक्ष डॉ0 एमपी तिवारी, सर्वेश सिंह, सचिव रश्मि सिंह एवं हाकी कोच अभय सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें प्रदेश स्तर पर चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की। प्रबन्ध निदेशक तथा विद्यालय परिवार ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आशा जताई की वे प्रदेश स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करेंगी।

रायबरेली महोत्सव में सहारनपुर का फर्नीचर व साज-सज्जा का सामान लुभा रहा

रायबरेली। घर की सजावट हो या बिटिया की शादी। अगर आपको समझ में नहीं आ रहा है कि कहां पर कम कीमतों पर शाही और नक्कासी से युक्त फर्नीचर मिलेगा तो आपको परेशान होने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। इसके लिए आप रायबरेली शहर में चल रहे रायबरेली महोत्सव में पहुंच सकते हैं। शहर के जीआईसी मैदान में चल रहे रायबरेली महोत्सव में सहारनपुर के फर्नीचर का जलवा है। यह फर्नीचर लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खास बात यह है कि यह कम कीमतों पर मौजूद है. यानी इसके लिए आपको अपनी जेब खाली नहीं करनी पड़ेगी। इतना ही नहीं यह जो पूरा फर्नीचर है यह सागौन की लकड़ी का बना हुआ है। इस लकड़ी की खासियत यह है कि यह लकड़ी जल्दी खराब नहीं होती है। इस पर कीड़े या दीमक नहीं लगते हैं। ऐसे में आप एक बार यह है फर्नीचर खरीदेंगे तो सालों साल तक आपको दूसरा फर्नीचर खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

एमएलके कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों ने बैठक के बाद प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

मंगलवार को एमएलके पीजी कॉलेज के शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने संयुक्त बैठक कर वेतन भुगतान में देरी तथा अन्य समस्याओं को लेकर रोस व्यक्त किया है। शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र प्राचार्य को सौंपा है। जानकारी के अनुसार 6 जनवरी, 2026 को अपरान्ह 12:45 बजे शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज बलरामपुर की संयुक्त रूप से एक बैठक महाविद्यालय के पुस्तकालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में वेतन के भुगतान में विलंब होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। दूसरा महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव के अनुमोदन में विलंब के कारण शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी के वेतन सहित अन्य वित्तीय कार्य तथा प्रोन्नत संबंधी कार्य रुके हुए हैं जिस पर संघ के सभी सदस्यों ने खेद व्यक्त किया है। वेतन भुगतान तथा महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से संबंधित अन्य कार्यों का समय से निष्पादन ना होने के कारण उनमें गहरा क्षोभ व्याप्त है। इस क्रम में सर्वसम्मति से दोनों संघों (शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ) के सदस्यों ने निर्णय लिया कि यदि 7 जनवरी 2026 तक वेतन भुगतान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी तो दिनांक 8 जनवरी 2026 से महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त समस्त कार्य तथा परीक्षा से संबंधित कार्यों से अपने को शिक्षक एवं कर्मचारी विरत रखेंगे। बैठक में महाविद्यालय के समस्त नियमित शिक्षक, स्ववित्त पोषित शिक्षक, नियमित तथा अस्थाई कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णय का ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी. पांडे को शिक्षक संघ के महासचिव, डॉश शिव महेन्द्र सिंह ने विभिन्न अध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में दिया।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा रमेश मौर्य को ओबीसी विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली ऊंचाहार ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और ऊंचाहार निवासी रमेश मौर्य को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए ओ बी सी विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर तथा मध्य प्रदेश राज्य का प्रभारी बनाया गया जनपद के कांग्रेस के लोगों में तथा ऊंचाहार के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखने को मिली लोगों ने रमेश मौर्य जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं रमेश मौर्य को इसके पूर्व में बुंदेलखंड कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया था मौर्य ने निष्ठापूर्वक कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने का काम किया था।

मौर्य के देख-रेख में कई वर्षों बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट पर विजय पताका फहराई थीमौर्य की निष्ठा लगन और दलित पिछड़े वर्ग में लोकप्रियता को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व पूर्व यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली के सांसद राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी ने अमेठी के लोकप्रिय सांसद के एल शर्मा जी की सलाह पर उनकी कार्य शैली को देखते हुए उनकी निष्ठा ईमानदारी को देखते हुए एक बार फिर से उन्होंने रमेश मौर्य पर विश्वास व्यक्त किया और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया तथा मध्य प्रदेश राज्य का प्रभारी नियुक्त किया रमेश मौर्य ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि नेतृत्व ने जो मेरे ऊपर विश्वाश किया है मुझे जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करूंगा पार्टी के संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा इस मौके पर ऊंचाहार के वरिष्ठ समाजसेवी सेठ गुरू प्रसाद मौर्य डॉ0 आरपी मौर्य, ऊंचाहार के पूर्व चेयरमैन मो0 सल्लन, एड0 सुरेश मौर्य नेता राम अभिलाष मौर्यफौजी हरिकिशन घनश्याम कुशवाहा प्रधान रामगरीब पासी सलीम सिद्दीकी शानू मानसिंह पटेल सीबी मौर्य रामबाबू अम्बेडकर विदेश्वरी पासी नरेन्द्र यादव दिनेश मौर्य बाबूराम साहू आशुतोष यादव नितिन मौर्य रामेश्वर निषाद वीरेंद्र पासी बबलू पासी जियालाल पासी कमलेश पासीइंद्रमोहन शेर बहादुर मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मॉरिशस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ0 किरन श्रीवास्तव

रायबरेली। मॉरीशस में होगी हिन्दी की गूंज विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मॉरिशस में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में फ़ीरोज़ गांधी कॉलेज रायबरेली की सेवानिवृत प्रोफ़ेसर डॉ0 किरण श्रीवास्तव प्रतिभाग करेंगी। यह अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन 09 एवं 10 जनवरी 2026 को विश्व हिंदी सचिवालय फिनिक्स, मॉरिशस में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन हिन्दी प्रचारिणी सभा मॉरीशस, शिक्षा एवं मानव संसाधन मंत्रालय मॉरिशस तथा भारतीय उच्चायोग, मॉरीशस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में भारत सहित सिंगापुर, थाईलैंड, नीदरलैंड, जापान, क़तर सहित तमाम देशों के हिंदी प्रेमी, शिक्षाविद, भाषा विशेषज्ञ और शोधार्थी प्रतिभाग करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित किए जाने की ख़बर से फ़ीरोज़ गांधी महाविद्यालय, रायबरेली की प्रबंध समिति के प्रबंध मंत्री इं0 अतुल भार्गव, संयुक्त मंत्री डॉ0 एस0के0पाण्डेय, प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार त्रिपाठी, उप प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर बद्रीदत्त मिश्र, समस्त हिंदी-विभाग सहित महाविद्यालय के तमाम सम्मानित प्रोफ़ेसर्स, प्राध्यापकों, जनपद के साहित्यकारों एवं हिंदी प्रेमी मित्रों ने डॉ0किरण को बधाई देते हुए कहा कि आपने विश्व पटल पर हिंदी भाषा के जो मानदंड स्थापित किए हैं, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में जो महती भूमिका निभाई है, वह हिंदी जगत ही नहीं पूरे जनपद और देश के गौरव को बढ़ा रहा है। बताते चलें कि डॉ0 किरण श्रीवास्तव सेवानिवृत होने के पश्चात भी इसी महाविद्यालय में हिंदी अध्यापन कार्य कर रही हैं जो हिंदी भाषा के प्रति इनके समर्पण को दर्शाता है।

परिवार नियोजन जागरूकता प्रचार वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार जैन ने मंगलवार को **इतनी भी क्या जल्दी है?** एसबीसीसी (सोशल एंड बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन) कैम्पेन के तहत जागरूकता फैलाने वाले प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जानकारी के अनुसार 6 जनवरी को रवाना किया गया।

प्रचार वाहन उम्मीद परियोजना के अंतर्गत जनपद के चयनित 150 गांवों में जाकर विवाह की सही उम्र, बच्चों में उचित अंतराल तथा गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग को लेकर समुदाय को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास का भी अहम आधार है। बाल विवाह और जल्द मातृत्व जैसी कुरीतियों पर रोक लगाकर ही हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य दे सकते हैं। उन्होंने जनसहभागिता के साथ इस तरह के अभियानों को निरंतर चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान **इतनी भी क्या जल्दी है?** अभियान की विस्तार से जानकारी साझा की गई। उम्मीद परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, मोबियस फाउंडेशन तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने जनपद में जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों और उन्हें दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि बलरामपुर में बाल विवाह की दर 35 प्रतिशत है, जो राज्य के औसत 15.8 प्रतिशत से कहीं अधिक है। वहीं, जिले की कुल प्रजनन दर 3.7 है, जबकि प्रदेश औसत 2.4 है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि जनपद में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की सख्त जरूरत है। इस कैम्पेन के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि विवाह और बच्चों की योजना सोच-समझकर और सही समय पर की जाए।

सीएमओ ने यह भी जानकारी दी कि जिले में आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग केवल 39.4 प्रतिशत महिलाओं तक सीमित है, जबकि 22.3 प्रतिशत महिलाएं अब भी अपूर्ण आवश्यकता की श्रेणी में आती हैं। ऐसे में यह अभियान समुदाय की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम साबित होगा। मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि कैम्पेन के तहत चार विषयों पर आधारित लघु फिल्में, जिंगल्स, हैंडबिल्स और पोस्टर तैयार किए गए हैं, जिन्हें मोबाइल वैन के माध्यम से गांव-गांव दिखाया जाएगा। साथ ही ग्राम चौपालों, संवाद कार्यक्रमों और डिजिटल माध्यमों के जरिए भी व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, एनआरएलएम, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान जमीनी स्तर तक अधिक प्रभावशाली ढंग से पहुंचेगा। कैम्पेन के दौरान परिवार नियोजन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम प्रधानों और समुदाय के सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनपद प्रतिनिधि रामबरन यादव सहित राम गुलाम वर्मा, आकाश, रामशंकर एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मिट्टी में बसती मेहनत की पहचान, स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनीं सिरोह गांव की महिलाएं

दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह दूसरी महिलाओं को भी काम करने के लिए कर रहा प्रेरित

"पहले हम सिर्फ दीये और मटके बनाकर किसी तरह घर चलाते थे। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद योगी सरकार से आर्थिक मदद और प्रशिक्षण मिला। आज हमारी मूर्तियां और दूसरे उत्पाद दूर-दूर तक जा रहे हैं। घर की हालत सुधरी है और अब हम दूसरी महिलाओं को भी रोजगार दे पा रहे हैं।"

ममता, सचिव, दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह

दीये, मटके और मूर्तियों से खड़ा किया कारोबार, 100 से 500 रुपये तक के उत्पाद, समूह को हर महीने एक से डेढ़ लाख तक की हो रही कमाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के पतारा ब्लॉक के सिरोह गांव की महिलाएं आज योगी सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आत्मनिर्भरता की मजबूत मिसाल बन चुकी हैं। दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं बीते 12 वर्षों से मिट्टी से दीये, मटके और देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाकर न सिर्फ अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं।

स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से पहले महिलाएं सीमित संसाधनों के साथ केवल दीये और मटके बनाती थीं। उस समय आमदनी बेहद कम थी और परिवार की आर्थिक हालत भी कमजोर थी। बाद में योगी सरकार की ओर से समूह को आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण मिला। इससे महिलाओं ने अपने पारंपरिक हुनर को नया आयाम दिया और मूर्तिकला के क्षेत्र में भी कदम रखा। आज समूह 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के दीये, मटके और विभिन्न आकार की मूर्तियां तैयार कर रहा है।

सरस आजीविका मेले में दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह के स्टॉल को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। मेले में मूर्तियों, दीयों और मटकों की जमकर बि क्री हो रही है। समूह को एक से डेढ़ लाख तक की कमाई हो जा रही है। साथ ही यहां से महिलाओं को आगे के लिए भी लगातार ऑर्डर मिल रहे हैं, जिनकी सप्लाई आसपास के जिलों के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों तक की जा रही है।

इस काम से समूह की महिलाएं खुद तो आर्थिक रूप से सशक्त हुई ही हैं, साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को भी काम देकर रोजगार उपलब्ध करा रही हैं।

अब यह समूह अपने उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने की योजना पर काम कर रहा है।

सच्चेडी में अमीरजादों ने ब्लैक स्कॉर्पियो से निकाला जुलुस हुड़दंग का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सचेंडी में अमीर जादों ब्लैक स्कॉर्पियो से कई गाड़ियों के साथ जुलुस निकाला फिर हुड़दंग का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दौरान हुटरों की आवाज से क्षेत्र सन्न रहगया। अमीरजादों की इस फुहड़ता से कई किलोमीटर तक जाम लगा रहा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। सचेंडी अंडर पास का है मामला सच्चेडी थाना क्षेत्र के भौती अंडर पास के पास रविवार देर रात को अमीरजादों का एक वीडियो वायरल होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

जी-राम-जी कानून से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : उप.मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई गति देने वाला ऐतिहासिक कदम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून, 2025 ग्रामीण भारत के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वह आज चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा रोजगार व आजीविका के स्थायी साधन उपलब्ध कराएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह कानून तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं, किसानों, श्रमिकों व स्वयं सहायता समूहों को नए अवसरों से जोड़ना है। इससे कृषि-क्षेत्र और ग्रामीण श्रम-शक्ति के बीच संतुलन स्थापित होगा तथा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पहल केवल रोजगार तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान से जुड़ा व्यापक ग्रामीण विकास अभियान है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत-जी राम जी कानून, 2025 के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लागू होने से ग्रामीण पलायन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और गांवों में आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। कौशल विकास, स्वरोजगार तथा सामुदायिक संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष बल दिया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि के साथ सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। श्री मौर्य ने कहा कि यह कानून विकसित भारत-2047 के संकल्प की ठोस नींव है। यह केवल नीति नहीं, बल्कि गांव-गरीब-किसान के जीवन में सकारात्मक बदलाव का रोडमैप है। राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर इसके प्रभावी ि क्रयान्वयन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिशन के सफल ि क्रयान्वयन से ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा।

पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून के उद्देश्यों, कार्ययोजना और लाभार्थियों की पहचान की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तंत्र के माध्यम से योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचाया जाएगा। कार्य क्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान नारेबाजी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लोगों ने कानून के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

सरैया दस्तम खा गांव गंदगी और जलभराव की चपेट में, प्रशासनिक अनदेखी उजागर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विकास खण्ड के सरैया दस्तम खा गांव में गंदगी और जलभराव की समस्या ने भयावह रूप ले लिया है। गांव की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर महीनों से जमा गंदा पानी और कूड़े के ढेर ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बने हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए वे लगातार ब्लॉक कार्यालय और संबंधित विभागों के चक्कर काट रहे हैं, मगर हर बार केवल आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। बारिश होते ही हालात और बदतर हो जाते हैं, जिससे गांव में सं क्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जमीनी स्तर पर कोई कार्य न कर केवल कागजों में ही समस्या का निस्तारण दिखा दिया गया, जबकि वास्तविक स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब मामला मीडिया में उछलता है, तब जिम्मेदार मौके पर पहुंचकर सिर्फ फोटो खिंचवाकर वापस लौट जाते हैं, लेकिन स्थायी समाधान के नाम पर कुछ नहीं किया जाता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव में व्याप्त गंदगी और जलभराव की समस्या का तत्काल और स्थायी समाधान कराया जाए, साथ ही फर्जी रिपोर्ट लगाकर कागजी खानापूर्ति करने वाले अधिकारियों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को ऐसी गंभीर लापरवाही का सामना न करना पड़े।

बिल्हौर में पारिवारिक विवाद बना हिंसा का कारण

- नशे में धुत बेटे व बहू ने पिता पर किया जानलेवा हमला, सिर में गंभीर चोट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर साम्भी में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मजदूरी कर घर लौटे एक व्यक्ति पर उसके ही बेटे व बहू ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम औरंगपुर साम्भी निवासी मेहंदी हसन पुत्र नन्हे 02 जनवरी की रात करीब 8 बजे काम से घर लौटे थे। इसी दौरान उनका बड़ा पुत्र दीन मोहम्मद, जो कथित रूप से नशे की हालत में था, अपनी पत्नी सानिया के साथ बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। जब मेहंदी हसन ने विरोध किया तो दोनों ने मिलकर ईंट-पत्थरों से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।आरोप है कि हमले के बाद आरोपी बेटे व बहू ने जान से मारने की धमकी भी दी। मौके से गुजर रहे अभय सिंह, बउवन श्रीवास्तव, रामजी मिश्रा व ऋषभ सहित अन्य लोगों ने घायल को उठाकर तत्काल डायल 108 पर एंबुलेंस बुलवाई तथा डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में कराया गया।पीड़ित का कहना है कि घटना की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर 03 जनवरी को उन्होंने थाना बिल्हौर पहुंचकर अपने पुत्र दीन मोहम्मद व पुत्रवधू सानिया के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु तहरीर दी।पीड़ित ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में उनके व उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना न हो।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस-व्यापार मंडल संयुक्त बैठक में उठीं व्यापारी समस्याएँ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आज कानपुर नगर के समस्त व्यापार मंडलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष श्री महेश वर्मा ने पुलिस कमिश्नर श्री रघुबीर लाल के समक्ष व्यापारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याएँ गंभीरता से रखीं। श्री वर्मा ने प्रमुख रूप से तीन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया। प्रथम, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया जाए ताकि व्यापारियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान हो सके। द्वितीय, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को लेकर बताया गया कि घटनाओं के समय अक्सर कैमरे खराब या डीवीआर दुरुस्त न होने की शिकायत सामने आती है। इस पर सुझाव दिया गया कि बैंक और पेट्रोल पंप की तर्ज पर प्रत्येक 15 दिन में बीट सिपाही व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जाकर सीसीटीवी की स्थिति की जांच कर कुशल-क्षेम अंकित करें। तृतीय, रामादेवी चौराहे पर दलालों के कारण दिनभर लगने वाले जाम की समस्या उठाई गई, साथ ही यह भी कहा गया कि पुलिसकर्मी कार्रवाई में संकोच करते हैं, अतः उन्हें इतना अधिकार दिया जाए कि वे निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारी निभा सकें। तीनों बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर श्री रघुबीर लाल ने आश्वासन दिया कि एसीपी स्तर पर व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को पुनः बहाल किया जाएगा। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की 15 दिन में बीट सिपाहियों द्वारा निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, व्यापार मंडलों के सहयोग से एक ट्रायल अभियान चलाया जाएगा, जिसमें शहर के नागरिक स्वयं अति क्रमण हटाने में सहयोग करेंगे। अभियान के दौरान आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा तथा पाँच पुलिसकर्मियों को किसी भी समय सहयोग में लिया जा सकेगा, जिनका मार्गदर्शन व्यापार मंडल द्वारा किया जाएगा।

एक्सप्रेस खबरें...

दस लाख की चरस समेत दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चरस तस्करों की कमर तोड़ने में लगी क्राइम ब्रांच की टीम ने दस लाख कीमत की चरस समेत तस्करों को पकड़ा है। यह चरस नेपाल और बिहार के रास्ते लाकर शहर में बेचने वाले थे। डीसीपी क्राइम अतुल श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी शहर के जूही और चमनगंज थानाक्षेत्र में करीब 4 माह से चरस तस्करी कर रहे थे। क्राइम ब्रांच टीम तस्करों से चरस खरीदने वालों की तलाश में जुटी है।डीसीपी क्राइम अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में कई दिनों से मादक पदार्थों की बि क्री की शिकायतें आ रही थी। जिस पर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने तस्करों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की एक टीम का गठन किया था, जिसके बाद पुलिस टीमें तस्करों की तलाश में लगी थी।सोमवार देर रात पुलिस को जानकारी मिली कि बिधनू थानाक्षेत्र के मेन रोड से करीब 100 मीटर मटियारा गांव को जाने वाले रास्ते पर दो संदिग्ध खड़े दिखे। पुलिस ने पूछताछ कर बैग की तलाशी ली, जिसमें 4 किलो चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम जूही बसंती नगर निवासी मो. मेहताब और चमनगंज के साहिबाबाद निवासी वसीम हसन बताया।डीसीपी क्राइम ने बताया- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चरस की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख है।

उल्टी दिशा में दौड़ाई कार, हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जाजमऊ स्थित चेकपोस्ट पर उल्टी दिशा में घुसे कार चालक ने डंपर से कार भिड़ा दी। हादसे में फिलहाल कोई घायल नहीं हुआ है लेकिन हादसे के बाद जाम लग गया। प्रत्यक्षदिर्शयों के अनुसार उन्नाव की ओर से रामादेवी की तरफ एक डंपर जा रहा था। इसी दौरान नई चुंगी से चेकपोस्ट की ओर उल्टी दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने डंपर को टक्कर मार दी। डंपर चालक की सूझबूझ से कार में सवार पांच लोगों की जान बच गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। पुलिस डंपर चालक और कार चालक दोनों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस ने बताया कि किसी भी पक्ष की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय निवासी सावेज और धीरज ने यह भी बताया कि चेकपोस्ट पर देर रात तक चाय की दुकानें खुली रहती हैं, जहां रात भर लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। इसी के चलते देर रात तक हाईवे पर बाइक और कारों से स्टंटबाजी होती रहती है।

जाजमऊ में फायरिंग से मचा हड़कम्प

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग करके हड़कम्प मचा दिया। फायरिंग में ई-रिक्शा की हेडलाइट क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात मंगलवार सुबह उस समय हुई जब उन्नाव के गंगाघाट थाना क्षेत्र के अखलाक नगर के रहने वाले मोहर्रम अली उर्फ राजू अपनी मां सहिदुन निशाराजू ने बताया कि उनकी बहन गुड़िया की शादी चार साल पहले तड़बगिया निवासी गोलू से हुई थी। चार महीने पहले बेटा होने के बाद से गुड़िया को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। मंगलवार सुबह बहनोई गोलू और उसकी बहन ने गुड़िया के साथ मारपीट की, जिसकी जानकारी गुड़िया ने अपने भाई राजू को दी। गुड़िया से सूचना मिलने पर राजू अपनी मां के साथ तड़बगिया पहुंचे। इस दौरान गोलू की बहन ने कल्लूपुरवा के रहने वाले रामशंकर को बुला लिया। रामशंकर अपने एक साथी के साथ मौके पर पहुंचा।जब राजू अपनी मां के साथ ई-रिक्शा में बैठकर जाजमऊ चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी रामशंकर ने पहले असलहा दिखाकर उन्हें रोका और फिर वापस आकर सीधे एक फायर कर दिया। गोली ई-रिक्शा की हेडलाइट में लगी, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया दो पक्षों में पारिवारिक विवाद है गोली चलने की बात सामने आयी है जांच की जा रही है।

महाठग के खिलाफ चार और मुकदमें दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कई फिल्मी कलाकारों समेत विदेशिों को ठगने वाले महाठग रवींद्र नाथ सोनी और उसके साथियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने चार और मुकदमे दर्ज किए हैं। यह चारों मुकदमे पीड़ितों के तहरीर पर जीरो क्राइम नंबर पर लिखे गए हैं। महाठग रवींद्र नाथ सोनी और उसके सहयोगियों पर अब तक 28 केस दर्ज हो चुके हैं, जिसमें 10 केस जीरो क्राइम नंबर पर लिखे गए हैं। दुबई में रहने वाले ठफक भावेश अशोक कुमार पटाडिया मूल रूप से राधिका पार्क मंगलपुरा रोड साणंद गुजरात के रहने वाले हैं। रविवार को वह अन्य तीन पीड़ितों के साथ कोतवाली थाने पहुंचे और तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने रवींद्र नाथ सोनी उसके साथी सूरज जुमानी, विभाष हरिसुमन त्रिवेदी, अमित गेरा, गुरनीत कौर और शाश्वत सिंह राजपूत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।इसी तरह हीरानंदानी इस्टेट ठाणे कासवार्डावाली महाराष्ट्र के सचिन विजय कुमार राजे 49.15 लाख रुपए (2 लाख दिरहम), शिवहरी निरवास श्री कृष्णापुरी मोराबादी रांची बिरयातु रांची झारखंड निवासी डॉ. पुलक पुनीत ने 76,66,436 रुपए (3,11,950 दिरहम) और सुजलांग सोसाइटी नारंगपुरा अहमदाबाद नारायणपुरा गुजरात निवासी निधि विजय मेहता ने 1,21,91,464 रुपए (4,96,075 दिरहम) की ठगी का आरोप लगाते हुए रवींद्र व उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

भीषण ठण्ड के चलते फोरम ने किया रजाई का वितरण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के तत्वावधान में कस्बे के हाईवे रेस्टोरेंट हाल में भव्य रजाई वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्य क्रम का नेतृत्व मोरवी फारुक एवं सपा नेता मोहम्मद हसीन ने किया। मुख्य अतिथि मुफ्ती अबुल कासिम ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि प्रेम, विश्वास और भाईचारे का ऐसा वातावरण बनाया जाए, जिससे भारत स्वर्ग का प्रतीक बन सके। इंसानियत के नाम पर इंसान को जोड़ना ही सबसे बड़ा उद्देश्य है। कार्य क्रम की शुरुआत में मो0 हसीन एवं हस्सान द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। समाजसेवी प्रदीप सिंह चैहान ने कहा कि आंख में दो बूंद पानी ही हमारी इंसानियत है और गरीब, निराश्रित, वृद्ध व मजलूमों की सहायता ही सच्चा धर्म है। एडवोकेट रामपाल भार्गव ने सामाजिक संवेदनशीलता पर जोर देते हुए बीमारों की सहायता को भी आवश्यक बताया।

प्रेमिका का थामा था हाथ,नहीं सुनाई दी ट्रेन की आवाज, गयी जान

- गोविन्द नगर में प्रेमिका को शापिंग करा कर लौट रहे प्रेमी युगल आये ट्रेन की चपेट में

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

दो दिन पूर्व गोविन्द नगर थानाक्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे हादसे का शिकार हुए युवक युवती प्रेमी प्रेमिका निकले। मंगलवार युवती के होश में आने पर उसने पूरी घटना की जानकारी दी। युवती के परिजनों ने युवक पर पहले आरोप लगाये थे लेकिन उपचार के दौरान युवक की मौत के बाद परिजनों ने चुप्पी साध ली थी। रविवार की देर शाम गोविन्द नगर थानाक्षेत्र में झांसी रेलवे ट्रैक किनारे घायल अवस्था में युवती मिली थी। करीब सौ मीटर की दूरी पर युवक भी घायल मिला था दोनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था जहां युवक की मौत हो गयी थी। मूलरूप से सीतापुर, तंबौर के काशीपुर मल्लपुर निवासी दिनेश पांडेय का इकलौता बेटा सूरज पांडेय (22) दादा नगर स्थित सूर्या नमकीन फैक्ट्री में पैकिंग का काम करता था। वहीं नमकीन फैक्ट्री में मूलरूप से कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासी अन्नू तिवारी भी बीते दो माह से दबौली वेस्ट में रहकर फैक्ट्री में काम करती थी।रविवार को फैक्ट्री बंद होने के कारण सूरज काम पर नहीं गया था। सोमवार सुबह 11 बजे तक फैक्ट्री न पहुंचने पर सुपरवाइजर ने सूरज को फोन किया, जो रतन लाल नगर चौकी प्रभारी मनीष सिंह ने उठाया। उन्होंने बताया कि सूरज का शव दबौली से गुजरी कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला था, जिसे मोचुरी में भिजवाया गया है। जानकारी पर सुपरवाइजर ने परिजनों को सूचना देकर चौकी पहुंचे। चौकी में तैनात दरोगा रवीश सिंह ने इलाकाई लोगों ने बताया कि सूरज एक युवती के साथ रेलवे ट्रैक के किनारे से गुजर रहा था, जिस कारण ट्रेन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। युवती के परिजनों को किसी तरह सूचना दी गयी तो उन्होंने युवक के ऊपर आरोप लगाये तो पुलिस ने बताया कि युवक की मौत हो गयी जिसके बाद परिजनों ने चुप्पी साध ली। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर दो मोबाइल पड़े मिले, जो सूरज और अन्नू के थे। पुलिस ने अन्नू से पूछताछ की तो उसने बताया कि रविवार को शाम करीब 6 बजे वह कपड़े खरीदने के लिए दबौली जा रही थी, इस दौरान सूरज ने उसे 15 बार फोन किया था, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। दबौली वेस्ट स्थित रेलवे अंडरपास के पास मिला, जहां उसने कपड़ा खरीदने की जानकारी दी।जिस पर सूरज ने साथ चलने की को कहा। कोई फैक्ट्रीकर्मी न देख ले, इसलिए वह दोनों कानपुर-झांसी रेलवे लाइन से जाने लगे, जहां ट्रेन की चपेट में आने से सूरज की मौत हो गई, जबकि अन्नू मामूली रूप से घायल हो गई। वहीं मृतक सूरज के ममेरे भाई सत्यम पांडेय, मामा संतोष कुमार पांडेय व चचेरे भाई अंकित पांडेय ने युवती पर हत्या करने का आरोप लगाया।

खेत कब्जे की नीयत से किसान पर जानलेवा हमला

दबंगों ने हसिया-लाठी से किया वार, सिर व कान गंभीर रूप से घायल

- उर्सला अस्पताल रेफर, थाना शिवराजपुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शिवराजपुर। थाना शिवराजपुर क्षेत्र के ग्राम काकूपुर में खेत की मेड़ को लेकर दबंगों द्वारा एक किसान पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में किसान शिवसेवक पाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले सीएचसी शिवराजपुर और बाद में हालत नाजुक होने पर उर्सला अस्पताल, कानपुर नगर रेफर किया गया।पीड़ित शिवसेवक पाल पुत्र स्व. जयराम पाल, निवासी ग्राम मानाताला के अनुसार, 23 दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने खेत में जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए मेड़ के किनारे कंटीली झाड़ियां लगा रहे थे। इसी दौरान ग्राम काकूपुर निवासी नारायण पुत्र स्व. बिंदा व रविशंकर उर्फ बांके पुत्र नारायण मौके पर पहुंचे और मेड़ काटने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित का आरोप है कि गालियां देने से मना करने पर दोनों आरोपियों ने धारदार हथियार (हसिया) व लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और कान पर गहरे कट लग गए और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, तब तक हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना पर परिजन पीड़ित को थाना शिवराजपुर ले गए, जहां से पुलिस ने मेडिकल के लिए सीएचसी शिवराजपुर भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद थाना शिवराजपुर पुलिस ने अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की, जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित परिवार भय व असुरक्षा के माहौल में जी रहा है।न्याय की आस में पीड़ित ने पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर को जनशिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने तथा स्वयं व अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। शिकायत के साथ मेडिकल रिपोर्ट, पूर्व प्रार्थना पत्र एवं घायल अवस्था की छायाप्रति भी संलग्न की गई है।अब यह देखना अहम होगा कि उच्च पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित किसान को न्याय मिल पाता है या नहीं, और क्या दबंगों पर कानून का शिकंजा कसता है।

ब्लॉक पहला में सचिवो के खुलते घोटाले, एडीओ पंचायत पर उठते सवाल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



पहला। विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायतो में सचिवो के द्वारा किए जा रहे घोटाले एडीओ पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। ग्राम पंचायतों में वित्तीय कार्यो की निगरानी की पूर्ण जिम्मेदारी एडीओ पंचायत की होती है,

लेकिन विकास खण्ड पहला में तैनात एडीओ पंचायत की खाऊ कमाऊ नीति के चलते सचिव लगातार ग्राम पंचायतों में प्रधानो से सांठगांठ कर ग्राम निधि की धनराशि की खुली लूट कर रहे है,सूत्रों की मॉने तो सचिवो के द्वारा प्रधानो के खाते में मानदेय से अतिरिक्त भुगतान व प्रधान के परिवारीजनों के नाम भुगतान कर सरकारी धन की बंदरबाँट कर रहे है व फर्जीवाडे से की गई कमाई का हिस्सा भी एडीओ पंचायत व अन्य जिम्मेदारों की जेब मे जाता है यही वजह है कि सचिव लगातार बेखौफ होकर फर्जीवाड़े कर रहे है।

बताते चले कि ग्राम पंचायत जमुनाडीह में प्रधान शंकर बक्श सिंह में सचिव से मिलीभगत कर अपने पुत्र के नाम ग्राम निधि से लाखो का भुगतान

कर सरकारी धन का बंदरबाँट करने का काम किया है। प्रधान ने अपने पुत्र विवेक सिंह के नाम अभी तक लगभग 3 लाख का भुगतान करने का काम किया है जिसमे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 55 हजार रुपये,

वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 1 लाख रुपये, वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 80 हजार रुपये व वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 50 हजार का भुगतान कर जारी आदेशो की घज्जिया उड़ा दी है।

खाफा सचिव शीलम का खुला एक और फर्जीवाडा

विकास खण्ड की ग्राम पंचायत खाफा में तैनात सचिव शीलम का घोटाला उजागर हो चुका है जिसमे सचिव के द्वारा प्रधान के आधा दर्जन परिजनों के नाम लाखों रूपये का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया है बावजूद इसके अभी तक घोटालेबाज सचिव पर कोई विभागीय कार्यवाही होना सम्भव नही हो पाया है। सचिव ने प्रधान परिजनों के नाम भुगतान के साथ ही साथ फर्म संचालक से मिलीभगत कर ग्राम निधि पर लूट डालने का काम किया है, सचिव के द्वारा माँ पूर्णागिरि ट्रेडर्स के संचालक से मिलीभगत कर फर्जी बिल लेकर फर्जी भुगतान करने का काम किया है,दिनाक 11.12.2025 को सचिव ने वाउचर नंबर ग्टथ्ध्
2025-26ध्ध्26 पर 63838 रूपये का फर्जी भुगतान किया है वही ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए बिल में फर्म संचालक में कुल धनराशि के स्थान पर 63838 रूपये दर्शाया है लेकिन बिल उपलब्ध सामग्री के विवरण का कुल भुगतान 8588 रूपये ही हो रहा है इस हिसाब से सचिव ने एक ही बिल पर लगभग 55 हजार रूपये का हेरफेर कर घोटाला किया है।जब उक्त प्रकरण के सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जांच कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

हत्याकाण्ड की मजिस्ट्रीरीयल जांच शुरू

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि अपर जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय आदेश संख्या दिनांक 31 दिसम्बर 2025 के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट के आदेश दिनांक 30.12.2025 द्वारा राधारानी पत्नी स्व0 सुशील कुमार निवासी मो0 रामलीला मैदान तरीनपुर, शिवालापुरवा, थाना कोतवाली नगर, जनपद सीतापुर की पुत्री अंजनी रावत को अर्पित पुत्र राम प्रताप निवासी मो0 हबीबपुर हाता कप्तान थाना रामकोट जनपद सीतापुर द्वारा अन्य विपक्षीगणों की मदद से दिनांक 27.04.2025 को बहला फुसला कर भगा ले जाने तथा तत्पश्चात उसकी हत्या कर दिये जाने सम्बन्धी प्रकरण की जांच हेतु मुझे जांच अधिकारी नामित किया गया है। उपरोक्त के तहत इस प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच मेरे द्वारा की जा रही।

पढ़ें पेज 12 पर...

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

खुद को एक्टिविस्ट या बुद्धिजीवी बताकर कानून को ठेंगा दिखाने वालों को बड़ा झटका लगा है

यह फैसला उन आम नागरिकों के लिए भी भरोसे का आधार है जिन्होंने दंगों में अपने घर, दुकानें और परिजन खोए। उनके लिए न्याय केवल सजा नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि सिस्टम उनके साथ खड़ा है। कुछ लोग इसे कठोरता कहेंगे, लेकिन सच यह है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठोर फैसले जरूरी होते हैं। उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत खारिज होना इस बात का प्रमाण है कि भारत की न्यायपालिका आज भी राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और संविधान की मूल भावना को समझती है।

उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में आरोपियों- उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से साफ इंकार करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। अदालत ने साथ ही उमर खालिद और शरजील इमाम पर इस मामले में एक साल तक जमानत याचिका दाखिल करने पर भी रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हालांकि इस मामले में अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को 12 शर्तों के साथ जमानत दे दी है। पीठ ने कहा, ''अदालत इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सामग्री से याचिकाकर्ताओं- उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप सिद्ध होते हैं। इन याचिकाकर्ताओं के संबंध में वैधानिक कसौटी लागू होती है। कार्यवाही के इस चरण में उन्हें जमानत पर रिहा करना उचित नहीं है।'' अदालत ने कहा कि जिन लोगों को जमानत मिली है, उनकी भूमिका सीमित और परिस्थितिजन्य मानी गई है, जबकि उमर खालिद और शरजील इमाम पर दंगों की साजिश रचने, भीड़ को भड़काने और सुनियोजित तरीके से हिंसा को दिशा देने के गंभीर आरोप हैं। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता। देखा जाये तो उच्चतम न्यायालय का यह फैसला केवल दो व्यक्तियों की जमानत याचिका का निपटारा नहीं है, बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय संकल्प का स्पष्ट संदेश है। उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे लोग कोई साधारण आरोपी नहीं हैं। ये वे चेहरे हैं जिन्होंने विचारधारा की आड़ में सड़कों पर आग लगाने की मानसिकता को खाद पानी दिया। यह बार बार साबित हो चुका है कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे। उनके पीछे शब्दों के बारूद, भाषणों की चिंगारी और योजनाबद्ध उकसावे की लंबी तैयारी थी। ऐसे मामलों में यदि अदालत नरमी दिखाती, तो यह न केवल न्याय के साथ अन्याय होता बल्कि समाज के लिए एक खतरनाक संकेत भी जाता। अदालत ने सही कहा कि इन दोनों की स्थिति अन्य आरोपियों से अलग है। यह अंतर केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक भी है। दंगा केवल पत्थर फेंकने से नहीं होता, दंगा उस सोच से पैदा होता है जो समाज को बांटने का काम करती है। जब किसी मंच से यह कहा जाए कि सड़कों पर उतर कर व्यवस्था को जाम कर दो, तब वही शब्द बाद में आग बन जाते हैं। जमानत खारिज करने का फैसला उन सभी लोगों के लिए चेतावनी है जो खुद को एक्टिविस्ट या बुद्धिजीवी बताकर कानून को ठेंगा दिखाना चाहते हैं। यह फैसला बताता है कि भारत में अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब अराजकता फैलाने की छूट नहीं है। मुकदमे में देरी को लेकर अदालत की टिप्पणी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वर्षों से एक तर्क गढ़ लिया गया था कि अगर मुकदमा लंबा चल रहा है, तो आरोपी को स्वतः राहत मिलनी चाहिए। यह सोच न्याय व्यवस्था को कमजोर करती है। अगर गंभीर साजिशों में केवल समय के आधार पर जमानत मिलने लगे, तो हर देश विरोधी ताकत समय को हथियार बना लेगी। इस फैसले का सबसे बड़ा असर उपद्रवी और दंगाई मानसिकता वाले लोगों पर पड़ेगा। अब यह भ्रम टूटेगा कि लंबी कानूनी प्रक्रिया अंततः उन्हें बचा लेगी। देखा जाये तो अदालत का सख्त रुख भारत की आतंकवाद के खिलाफ चल रही लडाई को मजबूत करता है।

एक्सप्रेस आलेख

डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज़ दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है। तेज़ी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफ़े की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है।

गिग-वर्कर्स : डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

ललित गर्ग

शोषण की मानसिकता छोड़कर संवेदनशीलता और जवाबदेही अपनाए बिना कोई भी डिजिटल विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि गिग-वर्क को गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व के साथ विकसित किया जाए, तो यही सेवाएँ मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि रोज़गार की एक आदर्श और मानवीय व्यवस्था बन सकती हैं, जहाँ सुविधा केवल उपभोक्ता को नहीं, सम्मान कामगार को भी मिले।

ऑनलाइन बाज़ार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाज़ार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि ज़रा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के ज़रिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोज़मर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है। गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के ज़रिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन। इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्ज़ी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो

भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं।

आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है। निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है। हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज़ शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे। भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल काग़ज़ी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता। 31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज़ थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह ज़रूरी है कि नीति-निर्माता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि:	पंचमी 06:33 तक
नक्षत्र:	मघा 11:56 तक
पक्ष:	शुक्ल
वार:	मंगलवार
योग:	आयुष्मान, 06:34
सूर्योदय:	07:15
सूर्यास्त:	17:40
चंद्रमा:	कर्क राशि में
राहुकाल:	12:27-13:46
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वत:	1947
मास:	माघ
शुभ मुहूर्त:	कोई नहीं

जन एक्सप्रेस

रहे हैं कुछ कुछ भाग !

आया ऐसा मोड़ है ।
रहे हैं कुछ कुछ भाग ??।।
हो रही घटनाएं ।
लगी जैसे आग ।।
जिधर हवा है चलती ।
उधर ही जाना घूम ।।
धमाचौकड़ी मामला ।
है मची अब धूम ।।
खेल राजनीति का ।
और चुनावी बेला ।।
कौन लेगा जोखिम ।
क्यों रहना अकेला ।।
खिचड़ी है पकानी ।
बन कर समझदार ।।
होगी हर पल कोशिश ।
बनें असरदार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

वर्कआउट के बाद नहीं आ रही है नींद? हो सकते हैं इसके 5 बड़े कारण

अच्छी और गहरी नींद आ जाए, तो सुबह उठने के बाद फ्रेशनेस महसूस होती है। इससे पूरा दिन एनर्जेटिक रहता है और खुशी का एहसास भी बना रहता है। यही नहीं, अच्छी नींद अक्सर लोगों की प्रोडक्टिविटी में भी सुधार करती है। विशेषज्ञ तो यह भी कहते हैं कि जो लोग नियमित रूप से अच्छी नींद लेते हैं, वे रचनात्मक काम को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। बहरहाल, क्या कभी आपने महसूस किया है कि जिस दिन आप हैवी वर्कआउट कर लेते हैं, उस दिन नींद आने में दिक्कत होती है? असल में ऐसा होता है और इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं।

हार्मोन पर असर: हैवी वर्कआउट करने की वजह से हार्ट रेट बढ़ जाता और शरीर के तापमान पर भी असर नजर आता है। यहां तक कि पसीना भी काफी ज्यादा आता है। ऐसे में शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होने लगता है। खासकर, कोर्टिसोल और एड्रेनालिन प्रभावित होते हैं। ये दोनों हार्मोन आपको एक्टिव रखते हैं और एनर्जी का स्तर भी बढ़ाते हैं। इसलिए, हैवी वर्कआउट के बाद नींद नहीं आती है।

बॉडी का टेंप्रेचर बढ़ना: क्या आप जानते हैं कि अच्छी नींद आने के लिए बॉडी टेंप्रेचर का कम होना जरूरी है,

जबकि हैवी वर्कआउट करने की वजह से बॉडी का टेंप्रेचर बढ़ जाता है। यह भी नींद न आने का एक कारण होता है। विशेषज्ञों की मानें, तो अगर आप सोना चाहते हैं, तो इससे ठीक पहले वर्कआउट न करें।

हार्ट रेट का बढ़ना: स्लीप फाउंडेशन की मानें, तो नॉर्मल रेस्टिंग हार्ट रेट 60-100 बीपीएम होता है। नींद में हार्ट रेट करीब 20-30 फीसदी तक गिर सकता है। यह 40 से 60 बीपीएम के बीच आ जाता है। इसका मतलब है कि हैवी वर्कआउट करने की वजह से हार्ट रेट बढ़ जाता है, जो आपको अच्छी नींद लेने नहीं देता है। यही नहीं, बढ़ी हुई हार्ट रेट की वजह से आपकी स्लीप क्वालिटी भी प्रभावित होती है। ऐसा आमतौर पर स्ट्रेस और अन्य मेडिकल कंडीशन की वजह से हो सकता है।

डिहाइड्रेशन: हैवी वर्कआउट करने की वजह से बॉडी डिहाइड्रेटेड भी होती है। अगर आप सोने से पहले खुद को हाइड्रेट नहीं रखते हैं, तो आपको कई अन्य परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं, जैसे सिरदर्द, चक्कर आना या सिर घूमना आदि। ये समस्याएं भी कई बार अच्छी और गहरी नींद नहीं लेने देती हैं।

निष्कर्ष: कुल मिलाकर, कहने की बात ये है कि रात के समय सोने से ठीक पहले हैवी वर्कआउट करना सही नहीं होता है। इसके बजाय, आप कुछ घंटों पहले वर्कआउट करें, ताकि नींद आने में दिक्कत न हो। इसके अलावा, सोने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपका बॉडी का तापमान सामान्य हो, खुद को पूरी तरह से हाइड्रेटेड रखें और गुड स्लीप हाइजीन का पूरा ध्यान रखें। साथ ही, स्ट्रेस को भी मैनेज करें। इससे अच्छी नींद आने में मदद मिलेगी।

खाली पेट वर्कआउट करने से क्या होता है?: खाली पेट वर्कआउट करने से फैट तेजी से बर्न होता है क्योंकि शरीर ऊर्जा के लिए जमा चर्बी का इस्तेमाल करता है, मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और ब्लड शुगर भी कंट्रोल में रहता है।

एक्सप्रेस विशेष

विकास को मुंह चिढ़ाती दूषित जल से होने वाली मौतें

योगेन्द्र योगी

नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वच्छ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है।

केंद्र सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद देश में दूषित पेयजल जैसी बुनियादी समस्याएं विकास को मुंह चिढ़ा रही हैं। देश में स्वच्छता में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी से पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब सौ लोग बीमार हो गए। यह तस्वीर बताती है कि देश में पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान अभी कोसो दूर है। सरकारें आंकड़ों के जरिए बेशक कितनी ही उपलब्धि का दावा कर लें किन्तु जमीनी हकीकत कुछ अलग है। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120 वें स्थान पर है और देश के लगभग 70 प्रतिशत जल स्रोत प्रदूषित हैं। इंदौर में जो हुआ उसने ये शक पैदा कर दिया है कि देश में कहीं भी ऐसी 'जहरीली मौत' की सप्लाई हो सकती है। ऐसा तब होता है जब सारे नियम और मानक भुला दिए जाते हैं। भारत में सप्लाई वॉटर की गुणवत्ता और पाइपलाइनों के रखरखाव को लेकर

केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा मूल्यांकित भारत के गतिशील भूजल संसाधनों का राष्ट्रीय संकलन 2024 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 जिलों को 'अति-दोहित', 22 जिलों को 'गंभीर' और 69 जिलों को 'अर्ध-गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। हरियाणा जैसे अन्य राज्यों में 16 अति-दोहित जिले हैं। पंजाब में 19 अति-दोहित और 1 गंभीर जिला है।

मानक तय हैं। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स सप्लाई वाले पानी के केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल पैरामीटर्स तय करता है। गाइडलाइंस कहती हैं कि उपभोक्ता के नल तक पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एजेंसी की जिम्मेदारी है। फिर वो सरकारी हो या प्राइवेट। गाइडलाइंस के मुताबिक पाइपलाइनों को 30 से 50 वर्ष के अंदर बदला जाना जरूरी है। अगर बार-बार लीकेज की शिकायत आती है तो बिना देरी किए पाइप बदला जाना चाहिए। इन गाइडलाइंस का कितना पालन होता है इंदौर की घटना के बाद इस पर सवाल उठ रहे हैं। जिस पर सफाई भी दी जा रही है। जुलाई 2022 में गंदे पानी से जुड़े आंकड़े लैंसेट स्टडी में बताया गया कि भारत में करीब 1.95 लाख बस्तियों में लोग दूषित पानी पी रहे हैं। जिसकी वजह से साल 2019 में 23 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। शहर ही नहीं गांवों में भी साफ पानी की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। गंदे पानी में बैक्टीरिया, वायरस, टॉक्सिन्स और हेवी मेटल्स जैसे खतरनाक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। अशुद्ध पानी पीने से हैजा, पीलिया, पेचिश, गले की बीमारी, टायफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। भारत में हर दिन बड़ी संख्या में लोगों को दूषित पानी पीना पड़ता है। कम्पोजिट वॉटर मैनेजमेंट इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत में दूषित यानी गंदा पानी पीने से हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2030 तक करीब 600 मिलियन लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ सकता है, जो देश की कुल आबादी का 40% है। दूषित पानी की समस्या से सबसे ज्यादा दिल्ली और एनसीआर प्रभावित है। यहां की आबादी बढ़ने के साथ साफ पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन गंदे पानी की आपूर्ति कई लोगों की सेहत को खराब कर रही है। भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। देश के कई राज्य इस समय पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु देश के ऐसे टॉप तीन राज्य हैं, जहां के अधिकतर जिलों में पानी का संकट छाया हुआ है। मौजूद आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के लोग पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। इनमें से कई जिले ऐसे हैं, जिन्हें अति-दोहित, गंभीर और 'अर्ध-गंभीर श्रेणी में रखा गया। इसके बाद राजस्थान में 29 और तमिलनाडु में 22 जिले हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में पीलीभीत में व्यापक अभियान, जागरूकता के साथ सख्त कार्रवाई

- 132 चालान, 36 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई, हेलमेट-सीट बेल्ट पहनने वालों का सम्मान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में यह अभियान जनपद के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर निरंतर जारी है, जिसमें एक ओर जागरूकता कार्य क्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

इसी क्रम में जनपद के व्यस्ततम गौहनिया चौराहे सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, उप संभागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती बर्डिश चतुर्वेदी, प्रभारी यातायात एवं अन्य यातायात कर्मियों द्वारा किया गया। परिवहन विभाग के प्रचार वाहन के माध्यम से वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता कार्य क्रम के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। बिना हेलमेट चल रहे दो पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें एक विशेष स्टीकर दिखाया गया, जिस पर लिखा था–

मुझे मेरे परिवार की कोई चिंता नहीं है, इसलिए मैं हेलमेट नहीं लगाता हूं। इस संदेश के माध्यम से अधिकारियों ने हेलमेट न पहनने के दुष्परिणामों को भावनात्मक ढंग से समझाया और बाद में यह स्टीकर उनके वाहनों पर चिपकाया गया। वहीं, हेलमेट लगाकर चल रहे दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया और उनसे अपील की गई कि वे अन्य लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। इसी तरह सीट बेल्ट लगाकर चल रहे चार पहिया वाहन चालकों को भी गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया गया, जबकि बिना सीट बेल्ट चलने वालों को रोककर उन्हें बताया गया कि दुर्घटना के समय सीट बेल्ट किस प्रकार जीवनरक्षक साबित होती है। अभियान के दौरान गन्ना परिवहन करने वाले ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों द्वारा गन्ना ढोने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए और चालकों को मानक के अनुसार गन्ना परिवहन करने, ओवरहाइट वाहन न चलाने, वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने, गन्ना लादते समय बेल्ट बांधकर रखने तथा पीछे रिफ्लेक्टरयुक्त लाल कपड़े का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए, जिससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

जागरूकता अभियान के साथ सख्त कर्रवाई भी

जागरूकता के साथ-साथ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई भी की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 132 चालान किए गए, जिन पर 1,63,500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से संचालित और नियमों का उल्लंघन करने वाले 36 डग्गामार वाहनों के विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और जनजीवन को सुरक्षित बनाना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, क्योंकि थोड़ी सी सावधानी किसी की जान बचा सकती है।

तेज रफ्तार कार ने गांव में मचाया कहर, तीन मासूम पिल्लों को कुचला, बच्ची बाल-बाल बची

लापरवाह चालक फरार, ग्रामीणों में आ क्रोश, कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के थाना गजरौला कला क्षेत्र के गांव अजीतपुर पटपरा में तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर मौत का कारण बन गई। गांव के अंदर तेज गति से दौड़ रही एक कार ने सड़क किनारे बैठे तीन मासूम कुत्ते के पिल्लों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के दौरान पास में खेल रही पांच वर्षीय बच्ची भी कार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी अचानक और भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि चालक ने न तो वाहन रोका और न ही पीछे मुड़कर देखा। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

बाल बाल बची बच्ची की जान, पिल्लो की मौत से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

हादसे के समय गांव निवासी सूरजपाल की पांच वर्षीय बेटी सड़क के किनारे खेल रही थी। कार की चपेट में आने से वह कुछ ही कदम दूर रह गई। बच्ची के सुरक्षित बच जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन यह घटना गांव में तेज रफ्तार वाहनों के बढ़ते खतरे को उजागर कर गई। घटना के बाद पिल्लों की मां मौके पर ही मंडराती रही, जिसे देखकर ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया। कुछ ही देर में सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के भीतर से तेज गति से वाहन निकालना आम बात हो गई है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है।

प्रशासन से सुरक्षा इंतजामों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में स्पीड ब्रेकर लगाने, चेतावनी संकेतक बोर्ड स्थापित करने और तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को भी दी गई है। ग्रामीण आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर अड़े हुए हैं।

ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए परिवार में चोरी-छिपे ठगी, पुलिस ने गिरोह का किया पर्दाफाश

साइबर ठगी में मुख्य आरोपी गुड्डू और बाल अपचारी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह का संचालन कर रहे मुख्य अभियुक्त गुड्डू उर्फ मो. आशिक और एक बाल अपचारी किशोर जुनैद को गिरफ्तार कर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। मामला थाना कोतवाली नगर पर दर्ज संख्या 03/2026 के तहत धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 305, 317(2) बीएनएस और 66(ष्ट) आईटी एक्ट में दर्ज किया गया। गिरफ्तारी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के निकट की गई और यह कार्रवाई पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही तथा पूछताछ के आधार पर की गई।

6.41 लाख की ठगी, परिवार में हड़कंप

01 जनवरी को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से 6,41,000 रुपये की ठगी की शिकायत प्राप्त हुई। तत्पर साइबर हेल्पडेस्क ने संबंधित बैंकों को ई-मेल कर 6,40,783 रुपये होल्ड करा दिए। शिकायतकर्ता अजय कुमार ने बताया कि उनके पुत्र विशेष कुमार ने पिता का मोबाइल और आधार कार्ड चोरी कर फर्जी यूपीआई आईडी बनवाई और साथियों आज़म, अरबाज व भाई अमन के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए।

इस तरीके से बैंक खाते से रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। पीड़ित के अनुसार, ठगी से प्राप्त 2.59 लाख रुपये आपस में बांट लिए गए, जबकि कुल मिलाकर लगभग 9 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। साथ ही घर से दो सोने की अंगूठियां भी चोरी हो गई।

गिरोह का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय

पूछताछ में खुलासा हुआ कि अभियुक्त लंबे समय से फर्जी ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग साइट के जरिए ठगी कर रहे थे। गिरोह में गुड्डू नई साइट बनाकर एडमिन बनता था, जबकि मुशाहिद तकनीकी संचालन करता था। अरबाज और आज़म युवाओं को फर्जी साइटों से जोड़कर रातों-रात अमीर बनने का लालच देते थे।

क्यूआर कोड और यूपीआई से रकम ट्रांसफर

गिरोह आरोपित क्यूआर कोड और यूपीआई के जरिए रकम डालवाकर विभिन्न खातों में ट्रांसफर करता था। कमीशन काटने के बाद शेष राशि नकद या ऑनलाइन मुख्य संचालकों तक पहुंचाई जाती थी।

पुलिस टीम ने की सफल कार्रवाई

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, निरीक्षक के.वी., निरीक्षक सतीश कुमार, उप निरीक्षक तरुण कुमार, उप निरीक्षक विकास कुमार, आरक्षी ललित कुमार, आरक्षी विवेक कुमार और आरक्षी अजय कुमार शामिल रहे।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि ऑनलाइन गेमिंग, निवेश या उच्च मुनाफे के प्रलोभनों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाना को दें।

बीएलओ ने मतदाता सूची का प्रकाशन कराई, ग्रामीणों को कराया जागरूक

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का प्रकाशन कर ग्रामीणों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। मंगलवार को बूथ लेबल ऑफिसर (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर भाग संख्या-79 और 80 के कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां में मतदाता सूची का सार्वजनिक पाठ किया। बीएलओ कंचन देवी कुशवाहा और उमाशंकर ने ग्रामीणों को सूची बारी-बारी से दिखाकर उनके नामों की पुष्टि कराई। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालयों तकियादीनारपुर, रुरिया सलेमपुर, खाता, महादिया, टांडा गुलाबराय और नवदिया टोडर आदि बूथों पर भी मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इस मौके पर बीएलओ राजेश्वरी, उर्मिला देवी, शवीना नाज, रामनरेश, सर्वेश कुमार सहित सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश गंगवार, राधाकृष्ण कुशवाहा, मो0 फुरकान, मनोज कुमार, ऋषि सक्सेना, विपिन दीक्षित आदि उपस्थित रहे और प्रकाशन का जायजा लिया। मतदाता सूची का प्रकाशन ग्रामीणों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नए मतदाताओं को जोड़ने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने रामनगर जगतपुर में बूथ स्तरीय जनसंवाद कैम्प आयोजित किया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

128 विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर जगतपुर में बूथ संख्या 289 और 290 पर बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज द्वारा बूथ स्तरीय कैम्प का आयोजन किया गया। कार्य क्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और ग्रामीणों को प्रेरित किया, जिनका अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। कैम्प में पात्र लोगों से मतदाता फॉर्म भरवाकर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ सकें।

श्मशान शेड का भूमि पूजन, ग्रामीणों को सुविधा

कैम्प के उपरांत विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्राम क्षेत्र में लगभग 24 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले श्मशान शेड की आधारशिला रखकर भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह श्मशान शेड ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिससे अंतिम संस्कार के दौरान सुविधा और सम्मानजनक **जन एक्सप्रेस।** वातावरण उपलब्ध होगा। विधायक ने आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने दी जाएगी और सभी योजनाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएंगी।

ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की रहीं उपस्थिति

इस अवसर पर ग्राम प्रधान कुन्दनलाल मौर्य, सोमपाल वर्मा, सत्यप्रकाश, रघुनंदन, ओमप्रकाश मौर्य, प्रेमशंकर गंगवार, युगल वर्मा, हरेंद्र कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कैम्प और विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार जताया। कार्य क्रम के समापन पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में ऐसे जनसंवाद कार्य क्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

पीलीभीत को नए साल की सौगात- दियूनी केसरपुर में बनेगा आधुनिक रोडवेज बस स्टेशन

- कैबिनेट से मिली मंजूरी, 9.21 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, दो वर्ष में पूरा होने की संभावना

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा।प्रदेश कैबिनेट ने प्रस्तावित नवीन रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। कचहरी के समीप दियूनी केसरपुर में बनने वाला यह बस स्टेशन यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

नए वर्ष की शुरुआत में पीलीभीत जनपद को एक बड़ी बुनियादी सौगात मिली है। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयासों से दियूनी केसरपुर में प्रस्तावित नवीन रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण को प्रदेश मंत्रिमंडल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट की मुहर लगते ही अब इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के धरातल पर उतरने का रास्ता साफ हो गया है। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व में शासन को नवीन बस स्टेशन का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने निर्माण की मंजूरी प्रदान कर दी है।

9.21 करोड़ की लागत, 1.317 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित

नवीन रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण पर लगभग 921.90 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके लिए कचहरी के समीप स्थित दियूनी केसरपुर क्षेत्र में 1.317 हेक्टेयर भूमि पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त भूमि को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को हस्तांतरित किया जाएगा।

दो वर्ष में पूरा होने की संभावना

परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार नवीन बस स्टेशन का निर्माण कार्य लगभग दो वर्षों के भीतर पूरा किए जाने की संभावना है। इसके निर्माण के बाद वर्तमान बस अड्डे पर पड़ने वाले दबाव से भी राहत मिलेगी और शहर के यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

नवीन बस स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें–

विशाल वेटिंग हॉल, आधुनिक शौचालय, कैंटीन, विभिन्न व्यावसायिक स्टॉल,यात्रियों की सुविधा के अनुरूप अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

रोजगार के नए अवसर भी होंगे सृजित बस स्टेशन के निर्माण और संचालन से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

जंगल का राजा और मानव का संरक्षण, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघों की कहानी

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) देश के उन वन्यजीव अभयारण्यों में से एक है, जिसने बाघ संरक्षण के मामले में न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। लेकिन जंगल का नियम और मानव की सुरक्षा हमेशा संतुलन में नहीं रहते।

यही कारण है कि अब तक 11 बाघों को 'कारावास' की सजा दी गई है, यानी जंगल से बाहर आकर आबादी में उत्पात मचाने वाले बाघों को रेस्क्यू कर यूपी के अलग-अलग चिड़ियाघरों में भेजा गया। जंगल की आज़ादी और चिड़ियाघर की सलाखें – दोनों का अंतर बड़ा है। खुले जंगल में विचरण करना बाघ के लिए प्राकृतिक अधिकार है,

लेकिन जब वही आज़ादी मानव जीवन के लिए खतरा बन जाती है, तो प्रशासन के पास कोई विकल्प नहीं बचता। केसरी और चंदू जैसे बाघ इसका जीवंत उदाहरण हैं। केसरी को भैरों बीट से पकड़कर गोरखपुर भेजा गया, लेकिन चिड़ियाघर में उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया और वह दम तोड़ गया।

वहीं बघीरा और अन्य बाघ लोगों के आकर्षण का केंद्र बनकर अपनी कैद जिंदगी बिता रहे हैं।

पीटीआर के आंकड़े बताते हैं कि 2014 से अब तक 26 रेस्क्यू ऑपरेशन किए गए हैं। इनमें से 12 बाघों को वापस जंगल लौटने का अवसर मिला, जबकि 11 बाघों को चिड़ियाघरों में भेजा गया। यह आंकड़ा केवल वन्यजीव संरक्षण का नहीं, बल्कि मानव सुरक्षा और जिम्मेदारी का भी संकेत देता है। सवाल यह उठता है कि क्या यह समाधान स्थायी है? चिड़ियाघरों में बाघों के लिए कैद जीवन किसी प्राकृतिक अधिकार से कम नहीं, और कभी-कभी उनकी मौत तक हो जाती है।

वहीं ग्रामीण और पर्यावरण विशेषज्ञ दोनों ही मानते हैं कि यदि रेस्क्यू और निगरानी समय रहते न की जाए तो मानव-वन्यजीव संघर्ष गहराता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का अनुभव यही सिखाता है कि जंगल का संरक्षण केवल बाघों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है।

यह मानव-जीवन की सुरक्षा, स्थानीय समुदायों की जागरूकता और वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित करने तक का जिम्मा है। यही संतुलन सहेजकर ही जंगल का राजा और मानव समाज दोनों सुरक्षित रह सकते हैं।

केसरी और चंदू जैसी कहानियां हमें यह याद दिलाती हैं कि संरक्षण केवल सुरक्षा और संख्या का खेल नहीं है। यह संवेदनशील निर्णय, जिम्मेदार प्रशासन और समाज की जागरूकता का सामंजस्य है। बाघ और इंसान, दोनों के लिए यही असली जीत होगी।

एक्सप्रेस खबरें...

बरखेड़ा में युवती से छेड़छाड़ का आरोप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बरखेड़ा। कस्बे में उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक हिंदू युवती से छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाकर स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई, जिसके बाद युवक को थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।बताया जा रहा है कि युवती और आरोपी युवक दोनों कस्बे के एक डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत हैं। घटना के बाद कस्बे में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी के रूप में बताई जा रही है।मामला दो समुदायों से संबंधित होने के कारण पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मोर्चा संभाल लिया। किसी भी तरह की अफवाह या तनाव की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कस्बे में सतर्कता बढ़ा दी है।पीड़िता के पिता की ओर से थाने में लिखित तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना पुलिस का कहना है कि मामले में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और दोषी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवक पुलिस हिरासत में है और पुलिस युवती के बयान सहित कॉलेज से जुड़े तथ्यों की भी जांच कर रही है।

जमीन विवाद में ससुराल वालों ने युवक पर किया हमला

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव उदरहा में 5 जनवरी को ससुराल पक्ष द्वारा युवक जवाहर लाल पुत्र बिहारी पर जानलेवा हमला किया गया। जानकारी के अनुसार, युवक ने जमीन नाम कराने से इनकार किया, जिसके बाद ससुराल वाले राम प्रसाद पुत्र चेतराम, वीरपाल, वीरेन्द्र और जतिन ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से पीटा। जानकारी मिलने पर घायल युवक को तत्काल सीएससी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है।

सेहराम स्टेशन परिसर के दुकानदारों को नोटिस जारी किया

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। मैलानी रेल प्रखंड के सेहराम रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित लगभग डेढ़ सौ दुकानों को खाली कराने के लिए रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी किया। नोटिस की जानकारी लगते ही दुकानदारों में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि स्टेशन परिसर में निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके तहत इन दुकानों को हटाया जाएगा। इस कार्रवाई से इलाके में दुकानदारों और आमजन में बेचैनी का माहौल बन गया है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि नोटिस जारी कर दुकानदारों को नियम के तहत अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। वहीं, दुकानदारों ने आशंका जताई कि निर्माण कार्य के कारण उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो सकती है।

अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप, 300 किलो लहन नष्ट

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जनपद में अवैध शराब के काले कारोबार पर प्रशासन ने अब पूरी तरह सख्त रुख अपना लिया है। जहरीली कच्ची शराब बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करने वाले और युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने वाले शराब माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए बड़ा अभियान चलाया। आबकारी आयुक्त के निर्देशों और जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशन में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कलीनगर क्षेत्र में छापेमारी की। अभियान में आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्र 1, 4 और 5 के निरीक्षक, अपने स्टाफ और थाना माधोटांडा पुलिस बल के साथ अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी गई। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से लगभग 75 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा शराब बनाने में सक्रिय कई भट्टियों को ध्वस्त कर 300 किलो लहन नष्ट किया गया, ताकि पुनः अवैध शराब का निर्माण न हो सके। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया कि अब जनपद में अवैध शराब के कारोबारियों के लिए कोई जगह नहीं है। कार्रवाई में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पूरनलाल पुत्र राममूर्तिलाल, गेंदनलाल पुत्र स्व. छोटेलाल, रामवती पत्नी रमेश और मायादेवी पत्नी स्व. डोरीलाल शामिल हैं। सभी आरोपी कलीनगर, थाना माधोटांडा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि यह आमजन की जान के लिए गंभीर खतरा भी बन चुकी है। इस कारण जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ शून्य सहनशीलता नीति लागू की गई है।

जालौन में खनन माफिया का नंगा नाच, मौन बैठा जिला प्रशासन

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह

उरई। बुंदेलखंड की जीवन रेखा कही जाने वाली बेतवा नदी इस समय खनन सिंडिकेट के खूनी पंजों में झटपटा रही है। कालपी तहसील क्षेत्र के क्योटरा (गाटा सं. 267, 268 खंड संख्या 3) में गिरीश गुप्ता पुत्र स्व. भगवान दास गुप्ता निवासी 126 खत्रयाना नियर मानिक चौक थाना कोतवाली तहसील व जिला झांसी द्वारा कानून और पर्यावरण की जो धज्जियां उड़ाई जा रही है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवालिया निशान खड़े करती है।

गौरतलब यह है कि एनजीटी के सख्त निर्देशों को दरकिनार कर बेतवा की छाती को मशीनों से छलनी किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक खनन एक सीमित दायरे में और मैनुअल तरीके से होना चाहिए, लेकिन क्योटरा खंड संख्या 3 में प्रतिबंधित लिफ्ट मशीनों का खुला तांडव जारी है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक यह मशीनें नदी की गहराई से बालू निकल रही है।

जलधारा के बीच किए जा रहे इस अंधाधुंध दोहन से नदी में 15 से 25 फीट गहरे जानलेवा गड्ढे बन गए हैं, यह गड्ढे आगामी मानसून में स्थानीय ग्रामीण और मवेशियों के लिए जल समाधि साबित हो सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल, जिला प्रशासन और खनिज विभाग की भूमिका का है। सोशल मीडिया पर वायरल होते वीडियो साक्ष्य और ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद रहस्यमई बनी है। क्या गिरीश गुप्ता कंपनी को कानून से ऊपर होने की अघोषित छूट मिली है।

सैकड़ो ओवरलोड ट्रकों का अवैध परिवहन किसकी शह पर हो रहा है। क्या प्रतिबंधित मशीनों की गूंज तहसील और जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पा रही है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी जालौन सनी कौशल के मोबाइल नंबर पर फोन लगाया गया तो दो बार फोन की पूरी घंटी बजाने के बाद फोन नहीं उठाया, साथ ही उनके व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज डालकर भी वर्जन लेने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे इस संबंध में उनसे बात नहीं हो पाई।

पर्यावरण पर प्रहार: पटल की ओर जाता भूजल स्तर

उरई। बेतवा नदी पर अंधाधुंध अवैध खनन का सीधा असर अब क्षेत्र के इको-सिस्टम पर दिखने लगा है। बेतवा का स्वरूप बिगड़ने से क्षेत्र का भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। विशेषज्ञों की माने तो यदि इस लूट को तत्काल नहीं रोका गया तो आने वाले समय में जालौन भीषण जल संकट की चपेट में होगा। और क्या जालौन का जिला प्रशासन इस खनन माफिया पर नकेल कसने का साहस दिखता है या फिर सफेदपोशों के संरक्षण में पल रहा या माफिया बेतवा का दम घोंटता रहेगा।

मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरसी मे किन्हीं कारणों के चलते मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरसी निवासी 26 वर्षीय देवेंद्र पुत्र करन सिंह मजदूरी करता था। वह पिता से अलग घर के एक कमरे में रहता था और स्वयं की खाना बनाकर खाता था। सोमवार की रात को वह घर आया तो कुछ देर घर के बाहर खड़ा रहा और इसके बाद कमरे में जाकर मफलर का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। रात करीब 11 बजे उसका पिता बाहर आया तो उसने पुत्र के कमरे का दरवाजा खुला देखा और वह चला गया। जहां पर उसने पुत्र को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह दंग रह गया और उसने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंचे चौकी प्रभारी फैक्ट्री एरिया बृजेश सिंह ने शव को फंदे से नीचे उतारा और जांच पड़ताल के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रामपुरा के पिचोरा में मनरेगा योजना के गूल खुदाई-सफाई कार्य में मिला भ्रष्टाचार

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह

उरई/रामपुरा। ग्राम पंचायत पिचोरा विकास खंड रामपुरा में गूल खुदाई एवं सफाई का कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जा रहा जिसमे फर्जी बाड़ा देखने को मिला। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि हमारे गांव में मनरेगा योजना द्वारा किया जा रहा गूल खुदाई का कार्य पूर्णता फर्जीवाड़ा कर कागजों पर दर्शाया जा रहा और धरातल पर किसी भी तरह का मजदूरों से कोई भी कार्य नहीं कराया जा रहा और वहीं विकास खंड से लेकर ग्राम प्रधान तक कार्य करने वाले अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त जो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा दे रहे। वही ग्राम पंचायत मे मनरेगा योजना द्वारा गूल खुदाई का कार्य फर्जी चल रहा है जो विकास खंड स्तर पर कागजों में प्रतिदिन एनएमएमएस करके 57 मजदूरों की मजदूरी दिखा कर खाना पूर्ति की जा रही लेकिन मौके पर किसी भी तरह का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा हकीकत देखी जाए तो कहीं भी कोई गूल खुदाई नहीं हो रही है। मजदूरों को नहीं मिल रही है मजदूरी/ग्राउंड जीरो की रिपोर्ट के तहत फर्जी एमएमएस के द्वारा निकाला जा रहा है रुपया मजदूरों को नहीं मिल रही है मजदूरी बम्बी से वीरेंद्र के खेत तक मास्टर रोल नंबर 6125 से 6148 तक 9 मास्टर रोल में 57 लेबर कार्यरत है। आईडी नंबर 3138001034/आईसी/721763 गूंल खुदाई और सफाई बंबी से वीरेंद्र के खेत तक मेट एवं प्रधान रोजगार सेवक सचिव की मिलीभगत से आज 06/01/2026 की रिपोर्ट मौके पर जाकर देखा गया, तो कहीं भी गूल खुदाई नहीं हो रही है और ना ही कोई वहां लेबर थी गांव वालों ने बताया की फर्जी पैसा निकाला जा रहा है पहले भी कई कार्यों का प्रधान द्वारा फर्जी पैसा निकाला गया है अगर उच्च अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत की सही तरीके से जांच की जाए तो खुलेगी लाखों की पोल, ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा विकास कार्यों के नाम पर जमकर किया गया भ्रष्टाचार और सरकार की जीरो टोलरेंस नीति की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि ग्राम पंचायत में किए गए भ्रष्टाचार की उच्च अधिकारियो द्वारा निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वही डीसी मनरेगा से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान मे लेकर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

कड़ाके की ठंड में आधी रात कोंच पहुँचे जिलाधिकारी रैन बसेरों से अलाव तक का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । उरई

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ाके की ठंड के बीच कल देर रात कोंच तहसील का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचय दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था, रैन बसेरों, गौशालाओं एवं मंडी परिसरों का शीतकालीन व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है, अतः खुले में सो रहे निराश्रित, श्रमिक एवं असहाय व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल रैन बसेरों तक पहुँचाया जाए। डीएम ने अलाव जलाने की निरंतरता, पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता तथा रैन बसेरों में कंबल, प्रकाश, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं को स्वयं परखा। उन्होंने गौशालाओं में पशुओं के लिए ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं को भी परखा। कहा कि शीतलहर के दौरान प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील और सक्रिय है तथा जनपद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रात्रिकालीन भ्रमण नियमित रूप से करने और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम ज्योति सिंह, ईओ मोनिका उमराव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शहर को जाम से मुक्ति दिलाने की दिशा में प्रशासन का बड़ा कदम

जन एक्सप्रेस । उरई

शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली उरई में शहर के प्रमुख व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क मार्गों पर ठेले, खुमचे एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे देखते हुए वेंडिंग जोन निर्धारित किए गए हैं, ताकि छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से रोजगार मिल सके और यातायात बाधित न हो। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर अपना-अपना अतिक्रमण हटाएं। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि कुछ दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर भी अतिक्रमण किया गया है, जिससे पैदल चलने वाले नागरिकों को कठिनाई होती है। ऐसे दुकानदार स्वेच्छा से फुटपाथों से अपना अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 8 दिन के भीतर यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया, तो इसके पश्चात पुलिस, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ करेगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि वर्तमान में अस्थायी रूप से बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर नगर मजिस्ट्रेट को समीक्षा कर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने प्रशासन के इस अभियान का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि शहर को जाम से मुक्त करना समय की मांग है। इसके लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं दुकानदारों एवं अन्य व्यापारियों को जागरूक करेंगे, ताकि सभी लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर उरई को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, व्यापारी दिलीप सेठ, संतोष गुप्ता, अरुण सहित अन्य व्यापारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भेड़ी बालू खदान पर ट्रक से कुचल कर खलासी की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कदौरा थाना क्षेत्र में भेडी बालू खदान पर ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत हो गई। कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी निवासी कमल पुत्र सुखलाल प्रजापति 19 वर्ष एक ट्रक में खलासी का कार्य करता है। मंगलवार को ट्रक चालक भेड़ी खदान में मौरम भरने के लिए गया था। तभी खदान में चालक ट्रक को बैंक कर रहा था, उसी समय क्लीनर उसी ट्रक की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना की सूचना परिजनों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह का कहना है कि घटना की सूचना फोन पर प्राप्त हुई थी। जिस पर तत्काल प्रभाव से घटना स्थल पर पहुंचकर प्राथमिक जांच पड़ताल की गई और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रक की स्थिति, चालक की भूमिका और दुर्घटना के समय की परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।

भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रभारी श्रीधर त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार को लेकर सुरक्षा और सहयोग की मांग की है।

किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह की स्वीकृति व निर्देशानुसार भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में ऐरिवार स्वयं सुरक्षा समिति (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का संयुक्त कार्यक्रम में आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद एवं हिंसा के विरोध में कानून और व्यवस्था को सहयोग के लिए जन जागरुक अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय चेतना दिवस, सामाजिक शैक्षिक राष्ट्रीय चिंतन, अनुशासन, शिष्टाचार एवं लोक व्यवहार व अपराधियों को पनाह न देने, राष्ट्रीय ग्राम समाज, रेलवे संपति व जनमानस और बन जीवों तथा पर्यावरण की संरक्षा व सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, मनोबल आत्मवान व राष्ट्रबल एवं राष्ट्रभक्ति बढ़ाने का प्रशिक्षण शिविर एवं राष्ट्रीय पंचायत का आयोजन दिनांक नौ को पुरी (उड़ीसा) सागर तट बीच में 11 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। दूसरा कार्यक्रम दिनांक 13 व 14 जनवरी 2026 को हरियाणा चेरीटेबल सोसाइटी रोड न. 6 सागर द्वीप दक्षिण परगना पश्चिम बंगाल में 1 बजे दोपहर से शाम 5 बजे तक किया जाएगा तीसरा कार्यक्रम जसीडीह रेलवे स्टेशन के निकट आम के बाग में जिला देवधर (झारखंड) में 12 बजे दोपहर से 3 बजे तक किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर एवं पंचायत में समस्त कार्यक्रमों को बहुत ही शालिनीता अनुशासित एवं शांतिपूर्ण ढंग से चलाया जाएगा। खेतिहर मजदूरों, किसानों, महिलाओं के हित में समबंधित प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण शिविर पंचायत स्थल पर सहयोग व सुरक्षा के लिए निर्देशित करने की मांग की है।

एसपी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस/हरदोई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिन पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार की जनसुनवाई से आम जनता में विश्वास बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

सांडी रेल: वादों की पटरी पर दौड़ती रही राजनीति, नहीं पहुंची रेल लाइन

दशकों पुरानी मांग पर मिलता रहा आश्वासन,कागजों तक सिमटी प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस । सांडी, हरदोई।

यहां रेल से जोड़ने का सपना अब विकास नहीं, बल्कि राजनीति का जुमला बनकर रह गया है। दशकों से जनता उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता ने इस सपने को धुंधला ही नहीं, लगभग अदृश्य कर दिया है। पूर्व सांसद अंशुल वर्मा के कार्यकाल में सर्वे पूरा हुआ, नक्शा बना और घोषणाओं की गूंज भी सुनाई दी। जनता ने मान लिया था कि अब रेल आने में देर नहीं। मगर अफसोस, फाइलें आगे बढ़ीं, सुर्खियां छपीं, भाषण गूंजे–और वहीं सब ठहर गया। न पटरी बिछी, न इंजन आया।आज रेल लाओ अभियान समिति के पोस्टर सत्ता की चुप्पी पर करारा तमाचा हैं। सांसद से पूछा जा रहा है–आपका **दृढ़ संकल्प** आखिर कहां गया? क्या **अटल इरादे** चुनावी मंच तक ही सीमित थे? अगर इरादे पक्के होते, तो अब तक सांडी की धरती पर लोहे की पटरी चमक रही होती। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सांडी की जनता सिर्फ वोट बैंक है? चुनाव आते ही विकास के वादे, चुनाव जाते ही गहरी खामोशी। क्या रेल मंत्रालय तक पैरवी करना सिर्फ भाषणों में ही आसान लगता है? अब जनता तय करेगी–इस बार फिर खोखले आश्वासनों पर भरोसा किया जाए या उन प्रतिनिधियों से सीधा हिसाब माँगा जाए, जिन्होंने विकास को कागजों में कैद कर रखा है।क्योंकि अब सांडी को भाषण नहीं, रेल चाहिए।

ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत सहायकों की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/सांडी। सांडी ब्लॉक परिसर में मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर पंचायत सहायकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी काजल ने की। बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि जिन पात्र परिवारों की फैमिली आईडी एवं आयुष्मान भारत कार्ड अब तक नहीं बन पाए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र तैयार कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना से वंचित न रखा जाए। बीडीओ ने पंचायत सहायकों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर छूटे हुए लाभार्थियों की सूची तैयार करने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी भी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक पर गुंडों संग अवैध कब्जे का आरोप

जन एक्सप्रेस । आगरा

एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में अपराध और अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का दावा कर रहे हैं, तो दूसरी ओर आगरा से सामने आया यह मामला उनकी ही पार्टी के नेताओं की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। राजपुर चुंगी रोड स्थित शहीद नगर पुलिस चौकी के पास भाजपा के पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा पर खुलेआम गुंडागर्दी और अवैध कब्जे के आरोप लगे हैं। पीड़ित कृष्णा शर्मा, अनिल बिधोलिया, अमित कुमार, रणधीर सिंह और दीपू गर्ग का आरोप है कि श्रीजी कॉम्प्लेक्स के बाहर वर्षों से लगे खोखों को हटाने के लिए पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा करीब 50-60 दबंगों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि दबंगों ने एक गरीब व्यक्ति के रोज़ी-रोटी का सहारा बने खोखे को पूरी तरह तोड़ दिया। इतना ही नहीं, दीवार गिराकर और गेट हटाकर पार्किंग की जमीन पर जबरन कब्जा भी कर लिया गया। पीड़ितों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। नवंबर 2024 में भी उन्होंने इसी मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर खुलेआम तोड़फोड़ और कब्जे की कार्रवाई ने पुलिस की भूमिका को सवालों के घेरे में ला दिया है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि पूरी घटना शहीद नगर पुलिस चौकी के बेहद नजदीक हुई। आरोप है कि पुलिस मौके पर मौजूद थी और सब कुछ अपनी आंखों से देखती रही, लेकिन न तो दबंगों को रोका गया और न ही पीड़ितों की मदद की गई। काफी देर तक तोड़फोड़ चलती रही, पर पुलिस की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया। पीड़ित परिवार ने मजबूर होकर मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर कार्यालय में की है। उनका आरोप है कि पूर्व विधायक और भाजपा नेता के राजनीतिक दबाव के चलते स्थानीय पुलिस कार्रवाई से बच रही है।

मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों पर हस्तक्षेप की मांग की

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में निवासरत हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे निरंतर अत्याचार, हिंसा, जबरन धर्मांतरण, संपत्तियों के विनाश एवं मानवाधिकार उल्लंघनों की ओर आकृष्ट कराया जा रहा है। विभिन्न स्रोतों एवं प्रत्यक्ष रिपोर्टों के अनुसार वहाँ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, जिससे निर्दोष नागरिकों का जीवन, सम्मान एवं सुरक्षा खतरे में है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ मानवाधिकारों एवं मानवीय मूल्यों का प्रबल समर्थक रहा है। ऐसे में हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि भारत सरकार अपने संवैधानिक एवं कूटनीतिक दायित्वों के अंतर्गत इस गंभीर विषय पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी हस्तक्षेप करे, बांग्लादेश सरकार से संवाद स्थापित करे तथा पीड़ित हिंदू समुदाय की सुरक्षा, न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित कराने हेतु ठोस कदम उठाए।ज्ञापन में कहा गया कि आवश्यकता पड़ने पर मानवीय सहायता, राहत एवं संरक्षण से संबंधित उपायों पर विचार किया जाए, ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।संगठन ने इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए उचित दिशा-निर्देश प्रदान करेंग।

मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक यादव के निर्देशन में मुख्य अतिथि मौजूद राष्ट्रीय महासचिव नीलेश कुमार मंडल महासचिव अमित कुमार यादव कैलाश बाबू प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख हरपालपुर,गौरव सिंह लखनऊ मंडल वरिष्ठ कानूनी सलाहकार जिलाध्यक्ष हरदोई सुमित पांडे,जिला उपाध्यक्ष शिवम पाल, जिला महासचिव रीतिज पाल, ब्लाक अध्यक्ष शिवा राठौर राजन, अनुज पाल अंकित पाल जिलाध्यक्ष सीतापुर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेन में यात्रा कर रही महिलाओं की हमसफर बन रही 'मेरी सहेली'

जन एक्सप्रेस । आगरा

मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के दिशा निर्देशन व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. राज मोहन के निर्देशन में आगरा मंडल में आरपीएफ ने अप्रैल 2025 से दिसम्बर 2025 तक यात्रा के दौरान महिला यात्रियों की सहायता के लिए ऑपरेशन **मेरी सहेली** शुरू किया गया है, इस ऑपरेशन के तहत आरपीएफ की 06 टीमो द्वारा कुल 44,856 महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई है। रेलवे प्रशासन इन दिनों ट्रेनों में अकेली यात्रा कर रही महिलाओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो और सुरक्षित उनको गंतव्य तक पहुंचने के लिए मेरी सहेली योजना चलाई जा रही है। यह योजना लंबी दूरी की ट्रेनों में लागू किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि मेरी सहेली योजना के तहत अकेली महिला यात्रियों की यात्रा की पूरी जानकारी गाड़ी के प्रारंभ स्टेशन से ही अगले नामित स्टेशनों में रेलवे सुरक्षा बल की महिला बल को दी जाती है। जिससे स्टेशन में ट्रेन के आगमन होते ही मेरी सहेली की टीम ट्रेनों में जाकर महिला यात्रियों से संपर्क कर बात करती है।

साथ ही उनको होने वाली परेशानियों को दूर करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में इन दिनों अकेली यात्रा कर रही महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। इसमें महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई है, जो आगरा मण्डल से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की जांच कर महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान कर रही है।

मतदाता पंजीकरण अभियान-2026 का आगाज

डीएम ने युवाओं से की मतदाता बनने की अपील, 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य प्रो. शिब्बन लाल सक्सेना की कर्मभूमि जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज से मतदाता पंजीकरण अभियान 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्मात्री सभा के विद्वान सदस्य की कर्मभूमि से अभियान की शुरुआत करना अत्यंत गौरव की बात है।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान प्रत्येक नागरिक का समान अधिकार है, जिसके माध्यम से देश की नीति और दिशा तय करने वाली सरकार का चुनाव होता है। उन्होंने एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक ड्राफ्ट मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य एक स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे बूथ पर प्रकाशित ड्राफ्ट रोल की जानकारी अपने परिवार व आसपास के लोगों तक पहुंचाएं और समय रहते दावे-आपत्तियां दर्ज कराने के लिए जागरूक करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ और पारदर्शी मतदाता सूची स्वस्थ लोकतंत्र की नींव है। एसआईआर प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है, जिसे जनसहयोग से ही सफल बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि जनपद में एसआईआर प्रक्रिया सफलतापूर्वक संचालित हुई है। वयस्क मताधिकार संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाती है। कार्यक्रम से पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। संचालन नायब तहसीलदार देश दीपक तिवारी ने किया।

इस दौरान एसडीएम नन्द प्रकाश मौर्या, डीआईओएस प्रदीप कुमार शर्मा, तहसीलदार सदर पंकज शाही, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पांच माह से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

जन एक्सप्रेस । देवरिया

गैस पाइप के चलते कई जगह जल निगम की मेन पाइप सहित अन्य सहायक पाइप भी कई जगह क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पांच माह से 200 घरों की जल आपूर्ति बाधित है। इससे गांव के लोग दूषित जल पीने को मजबूर हैं।

सदर विकास खंड के पैकौली में करीब पांच माह पहले गैस पाइप डालने के लिए कार्यदायी संस्था की ओर से कार्य शुरू हुआ था, जिससे जल निगम की पाइप कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई। इससे करीब 200 घरों की जल आपूर्ति बंद हो गई। अभी कुछ ही घरों में जल निगम का पानी पहुंच रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से पाइप डालने के बाद गड्ढे भर दिए। पानी लीकेज होने के बाद जब गांव के लोगों ने कार्यदायी संस्था को पानी के लीकेज की समस्या बताया तो जल निगम को अवगत कराने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिए। पैकौली गांव के वीरेंद्र कुंवर ने बताया की पाइप की मरम्मत कर सप्लाई चालू किया जाए, जिससे गांव वालों को शुद्ध जल मिल सके। इसके लिए हम लोगों ने कई बार विभाग को सूचना दिया है।

मोबाइल टॉवर से चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की बाघराय थाने की पुलिस ने मोबाइल टॉवर से बैटरी व केबल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक्साइड की दो बैटरी, दो पावर केबल के साथ ही घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल भी बरामद किया है। बता दें कि बीते रविवार को थाना इलाके के कोरंही गांव निवासी सन्तोष मिश्र जो भिटारा में एक मोबाइल टॉवर पर देखरेख करने हेतु नियुक्त है। सन्तोष ने थाने पर तहरीर बताया कि बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा टावर के गेट व ताले तोड़कर पावर केबल व दो बैटरियां चोरी कर ली गई। सुबह जब जानकारी हुई तो युवक ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अज्ञात चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी व सीओ सदर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय श्रवण कुमार नेतृत्व में एसआई विकास प्रधान व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को गलगली मोड पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अभय पटेल, धीरज कुमार व विजय कुमार मौर्या जेठवारा थाना इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई दो बैटरी, दो पावर केबल व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल बरामद किया है। पुलिस ने मोटर साइकिल को एमवी एक्ट में सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि एक टुकड़ा पावर केबल भिटारा मोबाइल टावर से व दूसरा टुकड़ा बदली का पुरवा के मोबाइल टावर से ताला तोडकर हम तीनों लोग मिलकर काट कर चुराकर लाये है। बदली पुरवा मोबाइल टावर से चोरी की गयी दो बैटरी के बारे में तीनों अभियुक्त एक साथ बताये कि साधन के अभाव में और पकडे जाने के डर से रात में लाकर यहीं पुलिया के नीचे दोनों बैटरी छिपा दिया है जिसे अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर लिया। एसएचओ बाघराय श्रवण कुमार ने बताया कि मोबाइल टॉवर से बैटरी व केबल चुराने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी की बैटरी व केबल के साथ ही एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। मोटरसाइकिल को सीज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

ई-रिक्शा चालक से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की दिलीपपुर थाने की पुलिस ने ई रिक्शा चालक के साथ हुई लूट में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि घटना में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सोमवार को गिरफ्तार किया था। बता दें कि बीते शनिवार को दिलीपपुर थाना इलाके के रामपुर आधारगंज में ई रिक्शा चालक सुनील कुमार से अज्ञात बदमाशों ने ई-रिक्शा को सूनसान स्थान पर रुकवाकर तमंचा एवं चाकू के दम पर ई-रिक्शा की बैटरी, मोबाइल फोन एवं सात सौ नकद छीन लिया और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में थाना दिलीपपुर पुलिस टीम द्वारा थाना इलाके के चौहर्जन पुल के पास जंगल में बसीरपुर गांव में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद करते हुए जेल भेज दिया था। उसी क्रम में घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उसी क्रम में एसओ बलराम सिंह व उनकी टीम ने सुमित सरोज, सूरज उर्फ करन, रवि कुमार व रवि दुबे को लूट के एक मोबाईल फोन, नकदी व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल के साथ थाना इलाके के मिसिद्धीपुर मोड के पास से मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मुठभेड़ में दो साथियों की गिरफ्तारी के बाद हम लोग डर गए थे और किसी घटना को अंजाम देकर बाहर भागने की फिराक में ही थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिए गए। फिलहाल पुलिस ने घटना में शामिल चारों आरोपियों को मंगलवार को जेल भेज दिया। एसओ बलराम सिंह ने बताया कि ई रिक्शा चालक से हुई लूट के दो आरोपी सोमवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए थे। बाकी घटना में शामिल चार आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पांडेचक विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 13 लोगों की बिजली कटी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

एक मुश्त समाधान योजना का एक महीना पूरा होते ही विद्युत विभाग ने बकाएदारों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को पांडेय चक उपकेंद्र के अवर अभियंता अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने विद्युत चोरी में एफआईआर दर्ज की।

टीम ने बैकुंठपुर में तीन, गौरा में दो, पांडेय चक चौराहे पर तीन, बिशुनपुर तिवारी टोला में दो और नगर पंचायत रामपुर कारखाना में तीन लोगों की बिजली काट दी।

विद्युत विभाग के बिजली काटते ही उपभोक्ता उपकेंद्र पर पहुंचने शुरू हो गए। 13 उपभोक्ताओं में से पांच लोगों ने अपना बकाया बिल जमा कर दिया। अवर अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों ने विद्युत बिल जमा कर दिया, उनकी बिजली बहाल कर दी गई है। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

अब नालों से नहीं गुजरेगी पानी की पाइपलाइन

जन एक्सप्रेस । देवरिया

शहर में 17 जगहों पर नालों के नीचे से पानी की पाइपलाइन गुजर रही है। इससे पानी की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।कहीं पर भी अगर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई तो गंदा पानी शहर के हजारों लोगों के घरों में पहुंच जाएगा।

इंदौर की घटना के बाद नगरपालिका और जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। प्रशासन अब इन पाइपलाइन को नालों से बाहर निकालने की तैयारी में है।

शहर में करीब 200 किलोमीटर की एरिया में जलकल की पाइपलाइन बिछी हुई है। इन पाइपलाइनों के सहारे करीब 40 हजार घरों में पानी की आपूर्ति होती है। इस पानी को लोग भोजन बनाने से लेकर पीने तक में उपयोग करते हैं। इसमें करीब 20 प्रतिशत पाइपलाइन जीआई पाइप और सीमेंटेड है।

वहीं बाकी की पाइपलाइन पीवीसी टाइप की हैं। इनमें से कई पाइपलाइन को मोहल्लों से जोड़ने के लिए नाला क्रॉस कराया गया है, जो नालों के अंदर से होकर गई हैं। शहर के सिविललाइन इलाके में सर्वाधिक पाइपलाइन नालों को क्रॉस करके गई हैं। इसमें कलक्ट्रेट से लेकर गोरखपुर रोड ओवरब्रिज तक कई स्पाट ऐसे हैं, जहां से पाइपलाइन गुजरी है।

इंदौर की घटना के बाद जागे प्रशासन ने पूरे शहर में इस तरह की पाइपलाइन को खोजने का अभियान छेड़ दिया है। इस क्रम में अभी तक 17 स्थानों पर नाले से गुजरी पाइपलाइन चिह्नित की गई है। इन पाइपलाइनों को अब नगरपालिका प्रशासन नालों से बाहर निकालने की तैयारी में है।

बरसात में पानी में डूब जाती हैं पाइपलाइनें = सामान्य मौसम में इन नालों में गंदे पानी का स्तर काफी नीचे रहता है। उस समय यह पाइपलाइन पानी से ऊपर रहती हैं, लेकिन बरसात के मौसम में बारिश होते ही नालों का गंदा पानी इन पाइपलाइन को छूकर बहता है। कई बार पानी का स्तर काफी ऊपर हो जाता है, उस समय ये पाइपलाइनें गंदे पानी के अंदर होती है। इस दौरान अगर इनमें लीकेज हो जाए तो नाले का गंदा पानी इनमें समा जाएगा। इससे यह गंदा पानी घरों तक पहुंच जाएगा। जिससे बीमारी फैलने का खतरा काफी बढ़ जाएगा। रविवार की शाम वीसी में प्रमुख सचिव ने किया सचेत = प्रमुख सचिव नगर विकास ने रविवार की शाम प्रदेशभर के नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। इसमें प्रमुख सचिव ने साथ गुजर रहीं सीवेज लाइन और पाइपलाइन की निगरानी करने का निर्देश दिया। साथ ही नालों के अंदर से गुजरी रही पाइपलाइन की पहचान करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी दशा में दूषित पानी घरों तक नहीं पहुंचना चाहिए। पानी की नियमित जांच, पानी की टंकियों की साफ-सफाई और क्लोरिनेशन के डोजर लगा होना चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंतर्जनपदीय व इनामिया बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की फतनपुर थाने की पुलिस ने सर्विलांस टीम की सहायता से बीते सितम्बर माह में थाना इलाके के एक पेट्रोल पम्प पर हुई लूट की घटना से संबंधित एक ईनामिया अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते सितम्बर माह में रानीगंज थाना इलाके के जयरामपुर गांव निवासी विवेक जायसवाल ने फतनपुर थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि थाना फतनपुर इलाके में कतरौली में स्थित उसके पेट्रोल पंप पर 2 सितम्बर की रात लगभग दो बजे दो मोटरसाइकिलों से आए चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसकर वहाँ भोजन बना रहे कर्मचारियों से मारपीट करते हुए कर्मचारी त्रिभुवन के पास से पच्चीस हजार रुपये छीन लिए तथा बाहर तेल भरवा रहे ग्राहकों से भी मारपीट किये और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी व उनकी पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल के कांस्टेबल सनोज की मदद से प्राप्त सूचना पर पच्चीस हजार रुपये के ईनामिया एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त उदय सिंह यादव को प्रयागराज जिले के शिवकुटी थाना इलाके के तेलियरगंज में उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ प्रयागराज व प्रतापगढ़ में लूट, हत्या का प्रयास, मार-पीट, धमकी जैसे लगभग पांच मुकदमे दर्ज हैं। एसओ फतनपुर मनीष त्रिपाठी ने बताया कि थाना इलाके के पेट्रोल पंप पर लूट के मामले में शामिल आरोपी उदय सिंह यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। लूट में शामिल तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। आरोपी को सर्विलांस टीम की मदद से प्रयागराज जिले में स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 को मनाई जाएगी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

स्वामी विवेकानंद की जयंती आगामी 12 जनवरी को जीवन ज्योति जागृति मिशन, तरया लक्ष्मीराम की तरफ से तरया लक्ष्मीराम में मनाई जाएगी। इसमें श्रद्धालु, बुद्धिजीवी और युवा जुटेंगे। यह बातें शहर के एक निजी होटल में सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान सेवरही के पूर्व विधायक नंदकिशोर मिश्रा ने कही। बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा होंगे। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी मार्गदर्शन की भूमिका निभाएंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद विजय कुमार दूबे, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी आदि होंगे।

मुसीबत : वर्षों से पगडंडियों के सहारे आवागमन को मजबूर हैं सैकड़ों ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की पट्टी तहसील के मंगरौरा विकासखण्ड का एक ऐसा गांव जहां के ग्रामीण आज भी पगडंडियों के सहारे आवागमन को मजबूर हैं। इसके चलते उन्हें तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि मंगरौरा विकासखण्ड के नरहरपुर ग्रामसभा अंतर्गत पूरेफुरमान के लोगों ने बताया कि लगभग डेढ़ किलोमीटर कच्चे रास्ते से होकर हम लोग रोजाना गुजरते हैं। गर्मियों में उड़ती हुई धूल व बारिश में कीचड़ से परेशान हम लोगों आज भी पक्की सड़क के लिए भटक रहे हैं। ऐसा नहीं कि क्षेत्र के लोगों ने इसके लिए शासन-प्रशासन से फरियाद न की हो। क्षेत्र के ग्रामीण वर्षों से फरियाद तो कर रहे हैं लेकिन सुनवाई के नाम पर मिला तो महज आश्वासन। गांव में संचालित लालता प्रसाद इंडियन गैस एजेंसी के मालिक सुरेश बहादुर सिंह ने बताया आजादी के इतने सालों के बाद भी हमारे गांव में आवागमन की गम्भीर समस्या बनी हुई है। हम लोगों का आज भी कच्चे रास्ते से ही आवागमन होता है। वहीं सिलेंडर लेकर आने-जाने वाले वाहनों को भी आवागमन में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। अजय सिंह व प्रकाश सिंह ने कहा कि बारिश के दिनों में तो हम लोगों को मोटरसाइकिल से निकलने में बड़ी समस्या होती है कई बार ग्रामीण गिरकर चोटहिल हो चुके हैं। वहीं त्रिपुरारी सिंह, इन्द्र प्रताप विश्वकर्मा, विश्राम, राजीव सिंह, अभिषेक सिंह ने बताया कि पक्की सड़क न होने के कारण बारिश के मौसम में आपातकालीन सुविधाओं का भी लाभ हम लोगों को नहीं मिल पाता है। जिसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग किया कि उनके गांव तक अधूरे सडक़ को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि उन्हें परेशानियां न उठानी पड़े।

वोटर बनने का मौका : मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का तहसील सदर में शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में मंगलवार को सदर तहसील में नए मतदाता बनाने का अभियान का शुभारंभ हुआ। एसडीएम सदर नैन्सी सिंह द्वारा तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर एसडीएम सदर ने छात्र-छात्राओं व आमजनमानस से कहा कि छः जनवरी से छः फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म- 6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं के नाम पंजीकृत किये जायेंगे अथवा पात्र व्यक्तियों के नाम जिनके नाम मतदाता सूची में छूट गये हैं, इसके लिये फार्म-6 भरकर जमा करना होगा। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने साथ-साथ अपने आस पास रहने वाले नव युवक/युवतियाओ तथा ऐसे लोग हैं जिनका नाम सूची में नहीं है, उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भरवाए, जिससे उनका भी मतदाता सूची में नाम जुड़ सके। इस दौरान उन्होंने बताया कि जनपद में युवा मतदाताओं व महिला मतदाताओं की भी संख्या पुरुष मतदाताओं से कम है इसको हमें अधिक से अधिक पूरा करना है और विशेष मुहिम के माध्यम से सभी मतदाताओं को उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिल कुमार सहित डा. विन्ध्याचल सिंह, अखिलेश वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार ओझा, आराधना सरोज, शिखा त्रिपाठी सहित निर्वाचन एवं तहसील के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. अनीस ने किया।

तीन अस्पताल संचालक और झोलाछाप पकड़ से दूर

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

तीन अस्पताल संचालक और एक झोलाछाप पुलिस की पहुंच से अभी भी दूर है, स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इनकी गिरफ्तारी नहीं कर पा रही है। तीनों संचालक अवैध तरीके से अस्पतालों का संचालन करते हुए स्वास्थ्य विभाग की जांच में पकड़े गए। सूत्रों के मुताबिक इस खेल के पीछे शामिल कुछ सफेदपोशों का संरक्षण मिल रहा है, इसके चलते कार्रवाई के बाद भी अवैध अस्पताल संचालकों का नेटवर्क नहीं टूट रहा है।

जिले में दो माह के अंदर ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत के चार मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला कि तीन अस्पताल अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं, जबकि एक का रजिस्ट्रेशन हैं, लेकिन खामिया हैं।

पैमाइश के बाद भी विरोधी कर रहे जमीन पर कब्जा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

तहसील सभागार में सोमवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी केशव कुमार की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 11 मामलों का मौके से निस्तारण किया गया।

बाकी शेष मामले 66 मामले संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। समाधान दिवस में मदरहा निवासी लक्ष्मम्मण राजभर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे जमीन का पैमाइश के बाद चारों तरफ पत्थर लगाने के बाद भी विरोधी राजस्व कानूनगो से मिलकर मेरे जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। कुड़वा दिलीपनगर निवासी लल्लन यादव ने चक मार्ग पर मिट्टी भरवाने के लिए गुहार लगाई। कहा कि गांव के ही कुछ कास्तकार मिट्टी कटवाकर बेच दिए हैं।

काफी गड्ढा हो जाने से रास्ता नहीं भरा जा रहा है। कई महीनों से शिकायत की जा रहीं है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहीं है। कार्रवाई करते हुए चक मार्ग भरवाने की मांग किया है। महुई खुर्द निवासी चंद्रशेखर पांडेय ने कसया न्यायालय में एक वाद के लिए 17 माह में अभी तक प्रतिवादी को नोटिस प्राप्त नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। रहसू जनूबी पट्टी से महिलाएं पट्टे की जमीन पर कब्जा पाने लिए समाधान दिवस में पहुंची थी। जिन्हें डीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिवपुर बुजुर्ग निवासी कांता मद्धेशिया ने अपने बैनामें की जमीन पर फर्जी तरीके से एक बैंक के शाखा प्रबंधक पर लोन पास करने का आरोप लगाया। कठघरही निवासी धर्मेंद्र चौरसिया ने विद्युत विभाग की ओर से करीब छह माह से बिजली मीटर में गलत रीडिंग आने की शिकायत दर्ज कराई। डीएम ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी कुशीनगर ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए और जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है।

उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें, जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान एसडीएम डा संतराज सिंह बघेल, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार संदीप कुमार, सीओ कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे है।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ, डीएम ने युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत मंगलवार को मतदाता पंजीकरण कार्य क्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्य क्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, अपना दल (एस) से लालबहादुर पटेल, बीएसपी से चंद्रेज भारती, सीपीआईएम से के.एस. रघुवंशी, कांग्रेस से अली अंसारी, शहनवाज सहित अन्य प्रतिनिधिगण शामिल रहे। कार्य क्रम में उपजिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा भी उपस्थित रहे।

18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं से किया मतदान की अपील

जिलाधिकारी ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे स्कूली छात्र-छात्राओं को फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) प्रदान कर उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जनपद के सभी पात्र युवाओं एवं छूटे हुए नागरिकों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की।

06 जनवरी से 06 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक विशेष पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जनपद में तैनात 4172 बूथ लेवल ऑफिसर (क्रस्न्रह्) पात्र मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करेंगे।

मृतक, शिफ्टेड व डुप्लीकेट नाम होंगे विलोपित

मतदाता सूची से मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरे नाम हटाने के लिए फॉर्म-7, जबकि नाम संशोधन, पता परिवर्तन, दिव्यांग चिन्हांकन एवं खोए हुए मतदाता पहचान पत्र के लिए फॉर्म-8 भरवाए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा

मतदाता नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए श्वष्टढ्ढहृश्वञ्ज मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट 1श्रह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। आयोग द्वारा सभी आवेदनों के निस्तारण की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 निर्धारित किया गया है।

कार्य क्रम का संचालन जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सैयद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी संतबीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, बीएलओ, सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रंगारंग कार्य क्रमों के बीच लायन साथियों ने मनाया नववर्ष का जश्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज सोमवार शाम लायन साथियों के लिए मस्ती और धमाल की शाम रही।मौका नगर के एक होटल में आयोजित नववर्ष के जश्न का था,जिसे लायन और लियो के साथियों ने विविध रंगारंग कार्य क्रमों के बीच बड़े ही धूमधाम से मनाया।इस दौरान लायन जोड़ों का संगीत आधारित नृत्य व लायन डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल द्वारा की गई मिमि क्री जहां लोगों के मनोरंजन का केंद्र बिंदु रहा, वहीं कार्य क्रम संयोजक , शिक्षक और कवि के रूप में चर्चित लायन राहुल राज मिश्र के काव्य पाठ ने सभी के मन को मोह लिया।

जश्न का शुभारंभ अध्यक्ष लायन अरूण कुमार पाण्डेय द्वारा औपचारिक रूप से की गई घोषणा के साथ हुआ। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि शाहगंज लायन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर एस एल गुप्ता द्वारा अन्त्याक्षरी की शुरुआत कर जश्न को गति दिया गया।इसी कड़ी में लियो साथियों के बीच मनोरंजक खेलों और एकल गायन का आयोजन हुआ।

जिसमें विनर को अतिथियों के हाथों सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया।

इसके पूर्व क्लब के पूर्व अध्यक्षों और अन्य अतिथियों का माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डाक्टर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में जहां लायन साथियों के तमाम गतिविधियों की सराहना करते हुए संस्था को ऊंचाईयों पर पहुंचने के लिए अपना आशीर्वचन दिया, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और मनोज जायसवाल ने भी संस्था हित में अपने विचार रखें।इस दौरान डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी, डाक्टर राहुल वर्मा, रूपेश जायसवाल, मनोज पाण्डेय, शुभम्, मनीष श्रीवास्तव, पंकज सिंह, राजेश चौबे, डाक्टर रोहित, डाक्टर वीर वि क्रम सिंह समेत अन्य तमाम लायन और लियो के साथी मौजूद रहे। समापन कार्य क्रम संयोजक पंकज सिंह और संचालन सचिव रविकांत जायसवाल ने किया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलेभर में नारी सुरक्षा को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने गांवों, बाजारों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।

अभियान में विशेष रूप से महिला बीट आरक्षियों द्वारा महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

महिला सुरक्षा हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

पुलिस टीमों ने महिलाओं को आपातकालीन सहायता हेतु 112 (पुलिस सहायता), 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की जानकारी देते हुए इनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

कानूनी अधिकारों पर किया गया जागरूक

महिलाओं को घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, साइबर अपराध, छेड़खानी एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर विषयों पर लागू कानूनों की जानकारी दी गई, साथ ही कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रि क्रया भी समझाई गई।

शिकायत करने में न डरें महिलाएं

पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी या अपराध की स्थिति में बिना भय के शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

स्वावलंबन और योजनाओं की जानकारी

महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस प्रशासन का संदेश

जनपद पुलिस का उद्देश्य जिले में ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना है,

जहाँ प्रत्येक महिला स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। 'शक्ति दीदी' के माध्यम से पुलिस सीधे आमजन से जुड़कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है।

जौनपुर पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों व रि क्रूट सुविधाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परिसर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ पुलिस बल को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करना रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन बहुमंजिला आवासीय भवन का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रि क्रूट प्रशिक्षुओं की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान

पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रि क्रूट प्रशिक्षुओं के आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की भी गहन समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रशिक्षण का स्तर उच्च एवं अनुशासित बना रहे।

स्वच्छता को लेकर दिए सख्त निर्देश

'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत पुलिस अधीक्षक ने पूरे पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों, बैरकों एवं आवासीय क्षेत्रों के आसपास स्वच्छता बनाए रखी जाए, जिससे कार्यक्षमता और अनुशासन दोनों में वृद्धि हो। निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन गोल्डी गुप्ता (आईपीएस), क्षेत्राधिकारी मछलीशहर सुश्री प्रतिमा वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जौनपुर केक काटकर पूर्व विधायक का मनाया गया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद। सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय पर मंगलवार को जफराबाद विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ.हरेन्द्र प्रसाद सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

ब्लॉक प्रमुख बंसराज सिंह की अध्यक्षता

आयोजित जन्मदिन कार्य क्रम के मौके पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाया गया।

बंसराज सिंह ने कहा कि डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह अपने व्यवहार कुशलता व मिलनसारिता के चलते आम जनता में लोकप्रिय है।

आमोद सिंह रिंकू ने कहा कि पार्टी के हित को लेकर काम करते रहते हैं।इस मौके पर डिपले सिंह, सुनील पाण्डेय, मुन्ना सिंह, गोलू सिंह, संजय सिंह बबलू शशिकांत पाठक, हर्षित सिंह, सनी सिंह, प्रिंस सिंह, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया।

सफाई कर्मचारी संघ के कथित अधिवेशन और पैड़ का दुरूपयोग रोकने की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती

मंगलवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य और महामंत्री मनसाराम चौधरी ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पत्र में कहा गया है कि संघ की चुनाव प्रि क्रया पूरी तरह से पारदर्शी और नियमानुसार प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुरूप कराया गया है। कुछ संघ और सफाईकर्मी विरोधी ताकते पूर्व मंत्री मनोज कुमार चौहान को भ्रम में रखकर उनके हस्ताक्षर और संघ के पैड़ का दुरूपयोग करा रही है। यही नहीं कथित अधिवेशन की तिथि तक घोषित कर देने की बात कहीं जा रही है, यह नियमों के विरूद्ध है। संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य और महामंत्री मनसाराम चौधरी ने पत्र देने के बाद कहा कि पूर्व मंत्री मनोज कुमार चौहान द्वारा संघ के पैड़ का दुरूपयोग किया जाना विधि विरूद्ध है। आवश्यकता पड़ी तो प्रदेश नेतृत्व द्वारा उनके इस प्रकार के गतिविधियों पर कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष बसन्त लाल गौतम और महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव को उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी दे दी गई है। संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य ने कहा कि चुनाव की पूरी प्रि क्रया प्रदेश अध्यक्ष बसन्त लाल गौतम और महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव के दिशा निर्देश के अनुरूप चुनाव अधिकारी रणजीत कुमार गौतम की देख रेख सम्पन्न कराया गया है। चुनाव पर सवाल खड़ा करने वाले संघ और सफाई कर्मियों के हितैषी नही है। उन्होने मांग किया कि पैड़ के दुरूपयोग और अधिवेशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाय।

एक्सप्रेस खबरें...

बाजारों में नहीं जले अलाव, ठिठुर रहे राहगीर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन शासन के द्वारा मुख्य बाजारों में अलाव जलवाए जाने का आदेश स्थानीय क्षेत्र में बेअसर दिखाई दे रहा है। हाड़ कंपाती कड़ाके की ठंड के बावजूद यहां किसी भी बाजार में अलाव नहीं जल रहे हैं। जिसके चलते राहगीरों को समस्याएं हो रही है। प्रयागराज वाया शाहगंज राजमार्ग पर स्थित खुटहन चौराहा जिसे नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नाम से जाना जाता है। यहां से जिला मुख्यालय के अलावा सुल्तानपुर, अकबरपुर, आजमगढ़ जिलों के लिए सैकड़ों राहगीरों का आवागमन बना रहता है। इसके अलावा क्षेत्र में पट्टी नरेंद्रपुर,पटैला, गौसपुर,गभिरन, गायत्रीनगर आदि प्रमुख बाजारे स्थित हैं। शासनादेश के बाद भी प्रशासन स्तर पर इसका अनुपालन कहीं भी नहीं दिखाई दे रहा है। बाजार वासियों का कहना है कि पिछले वर्ष सर्दियों में उक्त सभी बाजारों में कई क्विंटल सूखी लकड़ियां भेजी गई थी। इस वर्ष नहीं आई है।

हादसे में भाजपा कार्यकर्ता की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन ब्लाक मुख्यालय के पास लोहार की पाही पर मंगलवार को खुटहन वाया मल्हनी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दिया है। खुटहन गांव निवासी व भाजपा के सेक्टर संयोजक 44 वर्षीय विनोद सिंह साइकिल से स्थानीय डाक बंगले पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने आ रहे थे। उक्त स्थान पर पीछे से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। उनके सिर में गंभीर चोटें आने से वे बेहोश हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें उपचार हेतु सीएससी ले गयी। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही पत्नी नीतू सिंह, 18 वर्षीय पुत्र शानू,16 वर्षीय शिवांस और 14 वर्षीय पुत्री रानू अस्पताल पहुंच गई। उनके करुण क्रंदन से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

प्रधान संघ अध्यक्ष से पुलिस बदसलूकी का आरोप, कार्यवाई की मांग

- बीजेपी कार्यालय का घेराव, कोतवाल व चौकी इंचार्ज निलंबन की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती सदर कोतवाली क्षेत्र के फौवारा चौराहे पर बीती 31 दिसंबर की रात करीब 10 बजे कथित पुलिसिया बदसलूकी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बहादुरपुर ब्लॉक के प्रधान संघ अध्यक्ष सचिन दुबे के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए घटना के वीडियो व बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। पीड़ित पक्ष का दावा है कि परिवार और मित्रों के साथ होटल में भोजन करने पहुंचे सचिन दुबे को बीच चौराहे पर पुलिस ने गालियां दीं, थप्पड़ मारे और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। बताया गया कि न्यू ईयर की रात होटल में पार्टी के चलते भोजन को लेकर मैनेजर से कहासुनी हो गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना पूछताछ के सचिन दुबे के साथ मारपीट की, उन्हें स्कॉर्पियो सहित कोतवाली ले जाया गया, जहां भी कथित तौर पर दुर्व्यवहार हुआ। पुलिस द्वारा वाहन से असलहा बरामद दिखाकर मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि सचिन दुबे का कहना है कि बरामद रायफल लाइसेंसी है और उन पर फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया।

घटना के विरोध में प्रधान संघ के अध्यक्ष सचिन दुबे के नेतृत्व में दर्जनों प्रधानों ने आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कोतवाल और संबंधित चौकी इंचार्ज को निलंबित करने, दर्ज मुकदमे को वापस लेने तथा पूरे प्रकरण की उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रधानों का कहना है कि होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं, जिससे सच्चाई सामने आ सके।

सचिन दुबे ने चेतावनी दी कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रधान संघ को बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रदर्शन में बहादुरपुर ब्लॉक सहित 50 से अधिक गांवों के प्रधानों की सहभागिता बताई गई।

विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने डीएम, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

समायोजन की अनियमितताओं को दूर किया जाए - दुर्गेश यादव

- सभी गैर-शैक्षणिक कार्यों के आदेश तत्काल वापस हों - रवीश मिश्र

जन एक्सप्रेस। बस्ती

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें समायोजन प्रि क्रया की खामियों को दूर करने, शिक्षकों को बीएलओ सहित अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने तथा शिक्षकों के सम्मान के प्रतिकूल जारी आदेशों को तत्काल वापस लेने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि तृतीय चरण के समायोजन में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। प्रथम एवं द्वितीय चरण में जिन विद्यालयों का समायोजन हो चुका था, उन्हीं विद्यालयों से पुनः शिक्षकों को हटाकर तीसरे चरण में अन्य विद्यालयों में भेज दिया गया, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तीन शिक्षकों की अनिवार्यता के बावजूद वहां से शिक्षकों को हटाया गया, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सभी विकास खंडों में एकल, बंद तथा आवश्यकता वाले विद्यालयों को समायोजन सूची में शामिल नहीं किया गया और न ही वहां शिक्षकों की तैनाती की गई। शिक्षकों से विकल्प लिए बिना मनमाने ढंग से विद्यालय आवंटित किए गए, जो पारदर्शिता के खिलाफ है। शिक्षक संघ ने मांग की कि इन सभी खामियों को दूर करते हुए समायोजन प्रि क्रया को पुनः निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाए।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रवीश कुमार मिश्र ने कहा कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद शिक्षकों से बीएलओ सहित विभिन्न गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं, जो न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि शिक्षकों के मान-सम्मान के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मूल कार्य शिक्षण है और शिक्षण के अलावा अन्य कार्यों में लगाए जाने से शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे सभी आदेशों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए।

शिक्षक नेता हरेंद्र यादव और सनद पटेल ने आवारा कुत्तों व मवेशियों से विद्यालय की रखवाली जैसे आदेशों को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि इस प्रकार के निर्देश शिक्षकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे आदेश वापस नहीं लिए गए तो शिक्षक संघ मजबूर होकर आंदोलनात्मक कदम उठाएगा।

वहीं शिक्षक नेता अशोक यादव और सुरेश गौड़ ने वरिष्ठता सूची का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जनपद में कार्यरत सभी शिक्षकों को वरिष्ठता सूची में शामिल किया जाए,

जिससे किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय न हो।

ज्ञापन सौंपने वालों में अशोक विजय यादव, रामस्वरूप, राम भवन यादव, रामपियारे कन्नौजिया, लक्ष्मण लाल, उमाशंकर, रमाशंकर लाल, मुरलीधर, विजय, विनय सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, वशिष्ठ शुक्ला, वेद उपाध्याय, अनीस अहमद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के हाथों भेजी एक लाख की आर्थिक सहायता

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में आज केराकत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम व पोस्ट पसेवां, थाना कोतवाली केराकत के निवासी स्व, शमशेर चौहान के आवास पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज की उपस्थिति में उनके पिता जयदेव चौहान को समाजवादी पार्टी की तरफ से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 30 जुलाई 2025 को केराकत के मई गोदाम रोड पर दबंगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थीं। समाजवादी पार्टी के ज़िलाध्यक्ष राकेश मौर्य अपने पदाधिकारियों के साथ पीड़ित परिवार के साथ पोस्टमार्टम से लेकर अंत्येष्टि किए जाने तक दुख में खड़े होकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। जिसकी जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी गई जिसपर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए चेक के द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के हाथों एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश को पीड़ित परिवार से साझा करते हुए कहा कि पार्टी आपके साथ खड़ी है भविष्य में भी हरसंभव मदद करती रहेगी। इस अवसर पर केराकत के पूर्व प्रत्याशी संजय सरोज, राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश अहीर, प्रांतीय सदस्य दीपचंद राम, पार्टी के जिला महासचिव आरिफ हबीब, ज़िला उपाध्यक्ष गण हीरालाल विश्वकर्मा, सुरेश यादव, जिला सचिव गुलाब यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नीरज पहलवान, सत्यनारायण यादव, रणजीत चौहान सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

झुलसी विवाहिता की मौत, हादसे को लेकर चर्चा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर बाजार में रेस्टोरेंट संचालक की पत्नी की बीते दो दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसने से उपचार के दौरान हुई मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बीते एक माह पूर्व खौलते तेल से गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता 28 वर्षीया नेहा ने उपचार के दौरान बीते सोमवार को दम तोड दिया। घटना के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन मौत की परिस्थितियां अब भी कई सवाल खडे कर रही हैं। मृतका के पति शंकर मोदनवाल का कहना है कि नेहा घर के अंदर किचन में बूंदी निकाल रही थी। इसी दौरान संतुलन बिगडने से वह खौलते तेल में गिर गई, जिससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां लंबे उपचार के बाद बीते सोमवार को उसकी मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार घटना वाले दिन पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी, इसके बाद विवाहिता के झुलसने की खबर सामने आने से मामले को लेकर संदेह और गहराता जा रहा है। बाजार और आसपास के इलाकों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। वहीं अब तक सुरेरी थाने पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश कुमार मिश्र का कहना है कि शिकायत न मिलने के कारण कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में खौलते तेल से झुलसने की यह घटना हादसा थी या इसके पीछे कोई और कारण था यह सवाल अब भी रहस्य बना हुआ है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर हो पीएसपी का गठन : डीएमओ

■ फाइलेरिया उन्मूलन कार्य क्रम के तहत पूरे ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर होगा पीएसपी गठन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव जिला मलेरिया अधिकारी डीएमओ अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएचसी पुरवा सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्य क्रम के तहत सीएचओ व संगीनी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ब्लॉक के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर पीएसपी पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म का गठन कराने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा 10 फरवरी से चलने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्य क्रम एमडीएम में पीएसपी के सहयोग से लोगों को दवा सेवन कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि अभी ब्लॉक के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर पीएसपी का गठन किया गया है। अब पीएसपी मॉडल के तहत ब्लॉक के अन्य सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ के नेतृत्व में पीएसपी का गठन किया जाना है। इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए जिससे फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी और उससे बचाव की बात कर लोगों में समझ बनाने के लिए जागरूकता के माध्यम से जन-जन तक साझा किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ के नेतृत्व में एएनएम, ग्राम प्रधान, आशा, फाइलेरिया मरीज, आंगनबाडी, कोटेदार, एसएसजी के सहयोग से पीएसपी पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म का गठन किया गया है, जो फाइलेरिया उन्मूलन कार्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अब इसका गठन सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर किया जाएगा है। पीएसपी के माध्यम से सभी बीमारियों के प्रति क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने में बहुत ही सहायक होगा। पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता गतिविधियों, एमएमडीपी प्रशिक्षण, एमडीए अभियान सहित अन्य स्वास्थ्य कार्य क्रमों में को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहयोग करेगा। इसके अलावा साल में एक बार 10 फरवरी से चलने वाले एमडीए अभियान में लगातार पांच साल तक दवा के सेवन से इस बीमारी से बचा जा सकता है। प्रशिक्षण में पीएसपी गठित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के पीएसपी सदस्यों ने अनुभव भी साझा किया। पीएसपी सदस्य सीएचओ मनीषा ने कहा कि जब से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पीएसपी का गठन हुआ है फाइलेरिया सहित अन्य स्वास्थ्य जागरूकता कार्य क्रमों में अन्य हितधारकों का सहयोग मिल रहा है। पीएसपी सदस्य कोटेदार संत प्रसाद ने कहा कि पीएसपी हितधारकों के सहयोग से जागरूकता कार्य क्रमों और एमडीए अभियान में समुदाय को दवा का सेवन करने के लिए जागरूक करते हैं। प्रशिक्षण में फाइलेरिया इंस्पेक्टर विशाल, बीसीपीएम इशाक अली, सहयोगी संस्था सीफार, पाथ, पीसीआई के जिला प्रतिनिधि सहित संगिनी मौजूद रहीं।

नगर पालिका परिषद लखीमपुर अधिशासी अधिकारी ने वार्ड का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

लखीमपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अंतर्गत मोहल्ला हाथीपुर दुर्बल आश्रम वार्ड का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने वार्ड में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई उसके बाद अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने ट्यूबवेल का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सभासद प्रतिनिधि किशोरी लाल, अवर अभियंता जितेंद्र वर्मा तथा सफाई नायक उपस्थित थे। बताते चलें वार्ड में सबसे बड़ी समस्या यह भी पाई गई की कुछ लोगों द्वारा प्लॉट खरीदकर उसे खाली छोड़ दिया है। जिसका परिणाम यह होता है की उस खाली प्लॉटो में लोग कूड़ा आदि डालकर गैर जिम्मेदाराना कार्य करते हैं जिससे ज्यादातर प्लॉटों में कूड़ा पड़ा रहता है जिसको देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा प्लाट मालिकों को नोटिस जारी किया जा रहा है कि वे अपने अपने खाली पड़े प्लॉटो की बाउंड्री करवा लें, अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा।

नीलकण्ठ मैदान से शुभारंभ हुआ नगर पालिका आपके द्वार अभियान का आगाज

■ उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया कैम्प का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

मंगलवार 06 जनवरी मो0 तीर्थ स्थित नीलकण्ठ मैदान में आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में कैम्प का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी,तहसीलदार भीमचन्द एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फीता काटकर किया। नगर पालिका आपके द्वार अभियान में उपस्थित आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि, नगर की सम्मानित जनमानस को दफ्तरों के चक्कर नही लगाने पड़े इसके लिए नगर पालिका आपके द्वार अभियान चलाया गया है। हम सभी वार्डों में जाएंगे और निःशुल्क राशनकार्ड, पेंशन, विद्युत विभाग और नगर पालिका की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। एस डी एम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा, पालिकाध्यक्ष के इस अभियान से सभी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा समस्याएं सुनकर उसका निराकरण करेंगे। नगर पालिका आपके द्वार अभियानका कैम्प वार्ड 06,19व 10 तीनों वार्डो से विद्युत विभाग की 06, वृद्धावस्था पेंशन की 41, दिव्यांग जनों की 03, विधवा पेंशन की 03, राशनकार्ड की 163 प्रार्थना पत्र आए। 07 जनवरी को कुम्हारन टोला स्थित गौशाला में प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक कैम्प रहेगा। इस अवसर पर सभासद राजेश अवस्थी, हर्ष अवस्थी, आनंद किशोर गिरि भोली,जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा विनोद स्वर्णकार,लेखाकार मोहित अवस्थी, एस आई अवनीश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, विद्युत विभाग से जेई धर्मेन्द्र चौधरी, टीजी टू मनीष सिंह, जितेन्द्र सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग ऋषभ श्रीवास्तव अजय, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग अजय कुमार पर्वेक्षक, एकता सिंह कार्यालय सहायक, नगर पालिका से श्रवण कुमार मिश्रा, ऋषि कुमार, करुणाकान्त, आशोक कुमार मिश्रा, विमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर समिति की आवश्यक बैठक

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

हनुमान मंदिर समिति की आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में प्रातः 9:30 पर सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता हरिओम गुप्ता ने तथा संचालन समिति के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने किया, कार्यवाही श्री सुरेन्द्र वर्मा ने लिखी, बैठक में मंदिर के वार्षिकोत्सव पर चर्चा हुई सर्वसम्मति से तय हुआ कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव में पूज्य श्री डॉ0 रामनरेश शर्मा के द्वारा श्री हनुमान चरित की सुंदर कथा प्रस्तुत की जाएगी दिनाँक 18,19,20 जनबरी 2026 अपराह्न 2 से 5 बजे तक, तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा, इस अवसर पर बाबा का विशेष श्रृंगार मंदिर की विशेष साज सज्जा की जायेगी,

जिला संघचालक अमित भसीन ने अपने सम्बोधन में कहा कि संघ अपना शताब्दी बर्ष मना रहा है जिसकी स्थापना सन 1925 में नागपुर में हुई जो आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, संघ पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज मे कार्य कर रहा है जिनमें जिनमें सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व0 आधारित जीवन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्त्तव्य बोध, आते हैं, हमारी दृष्टि ऋषि परम्परा की सनातन दृष्टि है, शताब्दी बर्ष में हम अपना कार्य विस्तार कर रहे हैं, कार्य की गुणात्मकता के साथ, इसी कड़ी में समाज परिवर्तन का केंद्र बने, हम विजया दशमी उत्सव, सामाजिक सद्भाव बैठक, व्यापक ग्रह सम्पर्क अभियान, सप्तशक्ति सम्मेलन, कर चुके हैं और अब प्रत्येक न्याय पंचायत व बस्ती स्तर पर हम हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर रहे हैं जो जनबरी माह में सम्पन्न होंगे इसी कड़ी में 14 जनबरी को स्थानीय पी डी भारती इण्टर कॉलेज मोहमदी में तथा 17 जनबरी को बंधन गेस्ट हाउस में हिन्दू सम्मेलन हैं आप सभी सपरिवार सम्मिलित हो। स्द्धक्र प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अपने परिजनों, बंधु बांधवों, पड़ोसी व मित्रों के फार्म भर कर जमा हो गए यह चिंता करना। मंदिर समिति के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी प्रत्येक सप्ताह कुटुंब बैठक करें, जिसमें परिवार के साथ भोजन, भजन, सत्संग, और संवाद करे, परिवार में साप्ताहिक अथवा पाक्षिक सामूहिक यज्ञ करे।

किसी भी भोजन या खाद्य पदार्थ को, नवीन वस्त्र अलंकार आदि को ईश्वर को अर्पित करके ही उपयोग करे, हमारी भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भ्रमण, भवन अपना हो। प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से सोशल मीडिया का सदुपयोग अपने परिवार, समाज, व राष्ट्र हित मे करे। बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने के लिए उन्हें समय दे तथा उनसे रचनात्मक कार्य करवाएं। सेवा प्रदाता स्वजनों को उनके नाम या काम की अपेक्षा पारिवारिक सम्बन्धों जैसे काका, चाचा, ताऊ, मामा, भाभी, बहन जी, मौसी, अम्मा, आदि आयु वर्ग अनुसार सम्बोधित करना, तथा बच्चों को भी यही अभ्यास कराना। जन्मदिन विवाह आदि का आयोजन भारतीय परंपरा के अनुसार हो, भोजन,वेशभूषा, आमंत्रण पत्र, रीति रिवाज स्वदेशी पद्धति के हों, आजकल वैवाहिक अवसरों पर पारंपरिक लोकगीतों के स्थान पर महिला संगीत के बेहद खर्चीले, और अभद्र आयोजन होने लगे हैं, यह सांस्कृतिक पतन का मंच पर प्रदर्शन है, यैसे ही हल्दी मेहंदी की पवित्र, भावपूर्ण, व वैज्ञानिक रीतियाँ भी ईवेंट बनकर रह गई है, यह विकास नही परंपराओं के छरण का विद्रूप ही है, इनसे बचने का दृढ़ आग्रह होना चाहिए। माङ्गलिक कार्य क्रमों में जब रिश्तदारों व परिजनों का एकत्रीकरण होता है तब सभी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी कुशल क्षेम पूछना व बच्चों को उनसे परिचित करवाना। माङ्गलिक कार्य क्रमों में कानफोड़ू संगीत बजाने की जगह सुमधुर भारतीय संगीत बजाना उचित रहेगा जिससे परिजन एक दूसरे से सुगमता से बातचीत कर सकें। माङ्गलिक कार्य क्रमों में कैटर्स द्वारा बताए गए अंधाधुंध खर्चों से बचा जा सकता है इसकी जगह हम कम खर्चे में कही अधिक सात्विक भोज करा सकते हैं। परिवार में विभिन्न पूजन कार्य क्रमों में जब विद्वान पुरोहित पूजन सम्पन्न करवा रहे हो तब बच्चों को पूजन सर्म्बधित जानकारी मिलती रहे इस का विशेष ध्यान रखना। माङ्गलिक कार्य क्रमों में पूर्व में जो समाज को जोड़ने बाले कार्य क्रम होते रहे हैं किन्ही कारणो से बर्तमान में नही हो पा रहे हैं उन्हें पुनः प्रारंभ करने का प्रयास करना। सत्साहित्य का पठन, घरेलू पुस्तकालय, अच्छी पुस्तकें घर मे ही रहनी ही चाहिए, घर मे सप्ताह में कम से कम एक बार रामचरितमानस या श्रीमद्भगवतगीता, अथवा किसी अन्य सदग्रंथ के सामूहिक वाचन श्रवण की परंपरा होनी चाहिए। बच्चों के लिए कोई संस्कारप्रद पत्रिका भी घर मे अवश्य मंगवानी चाहिए।घर मे प्रातः सायं बड़ों को प्रणाम, घर से जाते समय सूचित करना, कौटुम्बिक आयोजनों में क्या उपहार, भेंट, शगुन, दिया जाए, इसका आपस मे विचार विमर्श करके निश्चय करना। परिवार के लिए कुटुंब मित्र बनाना, कुटुम्ब मित्र यानी जिस परिवार के सभी सदस्यों से आपके पूरे परिवार का सहज और अनौपचारिक घनिष्ठ संबंध हो, वह कुटुंब मित्र है। परिवार में स्वदेशी वस्तुओं का तथा गौ आधारित वस्तुओं का प्रयोग हो यह प्रयास करना। परिवार में प्राकृतिक कृषि के तथा मोटे अनाजों का अधिकाधिक प्रयोग करना।

बाइक चलाते समय न उठायें मोबाइल फोन: अंकिता शुक्ला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा नन्दलाल प्रभुदेवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट परिसर मे सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली छात्र-छात्राओ व वाहन चालको मे जागरुकता लाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने छात्र-छात्राओ को कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ केवल एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षति होती हैं। जिन्हें यदि हम थोड़ी सी सावधानी, अनुशासन एवं जागरूकता से रोक सकते है। एआरटीओ ने हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, गलत दिशा में गाड़ी न चलाने और धैर्यपूर्वक नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज का सबसे सशक्त माध्यम है जो न केवल स्वयं नियमों का पालन करे। बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करे। यातायात प्रभारी श्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित ड्राइविंग, पैदल यात्रियों के अधिकारों का सम्मान, यातायात संकेतों का पालन और धैर्यपूर्ण व्यवहार ही सुरक्षित सड़कों की नींव है। इसके उपरान्त सभी को हमेशा सतर्क, जागरूक व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला मे प्रबन्धक सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, योगेश, शमशद अली, शिवम, संजय, अंशुमान, सपना, अनामिका, नेहा सहित छात्र-छात्रायें व शिक्षक मौजूद रहे।

पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़ा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

नीमगांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी/ वांछित/ संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोलू उर्फ मोनू पुत्र रामप्रसाद, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम जम्हौरा, थाना नीमगांव, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध मु0सं0 1788/24, अ0सं0 105/24 सरकार बनाम सुधीर आदि, धारा 323, 504, 506 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है। उसकी पेशी माननीय न्यायालय एसीजेएम-4, लखीमपुर खीरी में 06 जनवरी 2026 को निर्धारित थी।

पुलिस ने उसे माननीय न्यायालय से अवगत कराते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजने की प्र क्रिया शुरू कर दी है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मुकेश कुमार (चौकी प्रभारी सिकंदराबाद, थाना नीमगांव) और हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार (थाना नीमगांव) शामिल थे। यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी मितौली के निकट पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष थाना नीमगांव प्रवीर गौतम के मार्गदर्शन में की गई।

600 जरूरतमंदों को कंबल वितरित

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीर

गरवापुर गांव में असफाक मंसूरी ने लगभग 600 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कार्य क्रम में गांव के बुजुर्गों को शाल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया कड़ाके की ठंड के बीच, उन्होंने गांव में गरीब, असहाय, वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को कंबल बाटे, विकलांगों को जैकेट, स्वेटर बांटे। जिससे गांव की जनता को सीधा लाभ मिल रहा यह सेवा अभियान गांव में संपन्न हुआ, जिससे जरूरतमंदों को ठंड से काफी राहत मिली।इस अवसर पर असफाक मंसूरी ने कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसकी सेवा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने जोर दिया कि जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहना ही सच्ची जनसेवा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह जन सेवा अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। ग्रामीणों ने उनके इन प्रयासों की सराहना की है।

शिक्षित व्यक्ति समाज को देता है नई दिशा: प्रमोद तिवारी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली श्रेष्ठा परीक्षा के परिणाम में जनपद के चयनित बच्चों का किया गया सम्मान होटल द जिंजर इन विकास भवन रोड मे आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने उपस्थित बच्चों को माला पहना कर प्रोत्साहित सम्मान करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षा हमें जीवन जीने एवं संवारने सजाने का बेहतरीन तरीका बताती है, शिक्षित समाज आने वाले भविष्य की रूपरेखा का निर्माण करता है। यदि हमारा समाज इसी तरह शिक्षित होगा तो अच्छे और बुरे की पहचान करने में आसानी होगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने श्रेष्ठा कार्य क्रम लाकर देश के प्रतिष्ठित विद्यालयों में बच्चों को चयन होने एवं पढ़ने के लिए यह व्यवस्था की है।

जनपद के चयनित मेधावी छात्र विकास खण्ड देवा से 15 यूपीएस धौरमऊ हमेशा की तरह इस बार भी टॉप पर है जहां से 5 बच्चो का चयन हुआ है बहुत ही सर्वोच्च स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा जो भारत सरकार के माध्यम से सम्पन्न कराई जाती है जिसमे सम्पूर्ण भारतवर्ष के बहुत ही लब्ध प्रतिष्ठित टॉप सीबीएसई बोर्ड के निजी आवासीय विद्यालयों में इस परीक्षा परिणाम की रैंक के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के बाद स्कूल अलॉटमेंट होता है जहां पर यह सेलेक्टेड बच्चे कक्षा 9 से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करते हैं श्रेस्ठा परीक्षा के माध्यम से सम्पूर्ण भारत वर्ष के 154 टॉप आवासीय विद्यालयो में केवल 1500 सीटें हैंजनपद के विकास खण्ड देवा से 15, फतेहपुर से 2, सिरौलीगौसपुर से 2, हरख से 3, त्रिवेदीगंज से 3, बंकी और निन्दूरा से 1-1 बच्चों का चयन हुआ है यूपीएस धौरमऊ विकास खण्ड देवा जनपद बाराबंकी से सर्वाधिक 5 बच्चों ने सफलता हासिल की लक्ष्मी रैंक 280, शिवम रैंक 94 इंदु रैंक 1470, हिमांशु रैंक 1831, कृतिका रैंक 1851, को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य सीबी सिंह, मंडल अध्यक्ष जैदपुर प्रेमप्रकाश, सुधीर मिश्रा, शकील अहमद, ब्रजेश चतुर्वेदी, युवराज, रविकांत, राजन सहित काफी लोग मौजूद रहे।

एक्सप्रेस खबरें...

आमने-सामने हुई बाइकों की भिड़ंत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सोमवार शाम लगभग 5 बजे सिसैया ढखेरवा हाइवे पर सिसैया बाजार के पास कोहरे व भयानक ठंड के कारण दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार शाम लगभग 5 बजे धौरहरा की तरफ से बाइक पर सवार होकर ईसानगर थाने जा रहे आरक्षी विकल कुमार 30 वर्ष व महिला आरक्षी सोनिया सागर 25 जाते वक्त व सिसैया चौराहे पर बाइक एजेसी में काम करके बाइक पर सवार होकर धौरहरा के मोहल्ला शुक्ला वार्ड निवासी 26 वर्षीय शिवम् मिश्रा पुत्र आनंद किशोर की बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया गया। समाचार प्रेषण तक चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गन प्वाइंट पर मेडिकल ब्यवसाई से नगदी व मोबाइल की लूट

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ममरी रोशननगर मार्ग पर सोमवार रात करीब 8 बजे बदमाशों ने एक मीडिया कर्मी अविनाश वर्मा को लूटने का प्रयास किया, उनके पीछे दूसरे बाइक सवार के साथ घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशननगर निवासी अविनाश चंद्र वर्मा गोला से अपने गांव रोशन नगर जा रहे थे, तभी बदमाशो ने रोशननगर रोड पर बने नाले के पास बदमाशों ने उनके ऊपर डंडे से प्रहार कर दिया, लेकिन बाइक की स्पीड तेज करके वह किसी तरह बच निकले। उनके पीछे बाइक से आ रहे से रोशन नगर निवासी मेडिकल व्यवसायी आशीष अग्निहोत्री से ब्दमाशो ने गन प्वाइंट पर रोक कर उनकी पर्स पर्स मे रखे दस रुपये व सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल फोन लूट लिया। आशीष अग्निहोत्री ने बताया कि गोला से वापस घर आ रहे थे हो ममरी रोशननगर मार्ग पर नाहरिया पर शाम करीब 8 बजे 5 या 6 बदमाशो ने घटना का इल्जाम दिया यहाँ तक बताया कि डण्डे से प्रहार किया, ममरी से जीप आ रही की रोशनी देख कर बदमाश लूट कर भाग गए। घटना की जानकारी हैदराबाद पुलिस को दी सूचना पर घटना स्थल का पुलिस ने मौका मुआयना किया। वही रोशननगर के ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ पर पहले पुलिस सुरक्षा रहती थी, जो अब वह देखने को नही मिल रही पुलिस सहायता केंद्र भी था जो वह धराशाही कर दिया गया पुलिस सहायता केंद्र का नामो निशान हट गया, इससे वहाँ लोगो फिर लूट भय होने लगा,हैदराबाद एस ओ सुनील कुमार मलिक ने बताया कि यहाँ पर सुरक्षा के लिए दो बीट सिपाहियों की गस्त लगती थी मेरे संज्ञान मे नही है सुरक्षा के लिए यहाँ पर सिपाहियों को लगाया जायेगा।

विद्युत कर्मियों का चल रहा धरना तीसरी दिन हुआ समाप्त

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मंगलवार को विद्युत कर्मियों का चल रहा धरना समाप्त हुआ लेकिन विद्युत संविदाकर्मियों की लड़ाई जारी टीजी-2 कर्मचारियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच बनी सहमति के बाद भले ही बिजली कर्मियों ने हड़ताल खत्म कर दी हो। लेकिन विद्युत संविदा और निविदाकर्मियों की हक की लड़ाई अभी जारी है। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि हमारे जो साथियों को बिना नोटिस के हटा दिया गया है उनको वापस लिया जाए और काम की अवधि तय हो। हम लोगों की यह मांग जब तक पूरी नही होती है, लड़ाई जारी रहेगी। बताते चलें रामगोपाल की मौत का आरोप लगाते हुए बीते तीन दिनों से चल रहा विद्युत कर्मियों का धरना समाप्त हो गया। सर्किल कार्यालय में पुलिस की मौजूदगी में अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल कर्मचारियों से बातचीत के लिए पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच कई बिंदुओं पर सहमति बनी। अधीक्षण अभियंता और कर्मचारियों के प्रतिनिधि मण्डल के बीच बनी सहमति में अधीक्षण अभियंता ने कहा कि उनका उद्देश्य काम कराना है, किसी को परेशान करना नहीं। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में पांच कर्मचारी प्रतिनिधियों को कार्यालय बुलाया गया, जहां मांगों पर चर्चा हुई और सहमति बनी। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कार्य के घंटे निर्धारित करना, सार्वजनिक अवकाश पर कार्य के बदले साप्ताहिक अवकाश देना, बदले की भावना से कार्रवाई न करना, व्यवहार में सुधार और हर माह कर्मचारियों के साथ बैठक करना शामिल रहा। सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर स्व. रामगोपाल को श्रद्धांजलि दी गई और प्रस्तावित कैंडल मार्च स्थगित कर दिया गया।

दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। तीन दिन पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में बदोसराय पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बदोसरांय पुलिस ने 22 वर्षीय विवाहिता रूबी की हत्या के आरोप में पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। मृतका 22 वर्षीय रूबी के भाई मुमताज ने पुलिस को बताया कि रूबी की शादी 8 फरवरी 2025 को ग्राम शहरी निवासी इस्तखार उर्फ चांदबाबू से हुई थी। मुमताज के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार स्विफ्ट डिजायर कार की मांग कर रहे थे। इस मांग को लेकर रूबी काफी परेशान रहती थी और उसने कई बार अपने पिता व भाई को इसकी जानकारी दी थी। मुमताज ने तहरीर में बताया कि बीती 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे रूबी ने फोन पर सूचित किया था कि यदि कार नहीं दी गई तो ससुराल वाले उसे मार डालेंगे। उसी दिन शाम 5:17 बजे रूबी के पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू ने फोन कर मुमताज को रूबी की मृत्यु की सूचना दी और बताया कि वे उसका अंतिम संस्कार करने जा रहे हैं।

मुमताज ने आरोप लगाया है कि स्विफ्ट कार न देने के कारण इस्तखार उर्फ चांदबाबू, परवीन पत्नी गुफरान, रिहाना पत्नी इसरार, इसरार पुत्र मो. शमी, एजाज पुत्र मो. शमी, बेबी पत्नी एजाज, नियाज पुत्र मो. शमी और साहिबा पुत्री गुफरान ने मिलकर उसकी बहन रूबी को मारा-पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी।

श्याम लाल की विरासत को बचाने का काम कर रही कांग्रेस: तुनज पुनिया

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जब तक जनता जागरूक नहीं होगी हमें सत्याग्रह करते रहना होगा। जनता के मुद्दों को लेकर सड़कों को गर्म करने की आज जरूरत है। ताकि हमारा लोकतंत्र जिन्दा रहे। श्यामलाल बाजपेयी ने संघर्ष और सत्याग्रह के जरिए राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई थी। आज कांग्रेस पार्टी स्व. वाजपेयी जी की विरासत और विचारधारा को बचाने का काम कर रही है। यह बात मंगलवार को गांधी भवन में रमा शुक्ला सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्व. पं. श्याम लाल वाजपेयी की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति व्याख्यान सभा में बतौर मुख्य अतिथि सांसद तुनज पुनिया ने कही। श्री पुनिया ने कहा कि पं श्यामलाल वाजपेयी हमारे पुरोधा थे, उन्होंने संघर्ष करके आम आदमी की आवाज को सदन में उठाया। हमें उन्हीं के विचारों को आत्मसात करते हुए वर्तमान परिस्थितियों को सुधाने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, गांधीवादी राजनाथ शर्मा, वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता अमीर हैदर, धीरेन्द्र वर्मा, शिव शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक शिव करन सिंह, पूर्व सांसद ए.पी. गौतम आदि गणमान्य अतिथियों ने स्व. श्यामलाल वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि श्याम लाल वाजपेयी बेबाकी, ईमानदारी और संघर्ष के पर्याय थे। उन्होंने छात्र राजनीति से राजनीति में पर्दापण किया। वह कभी विचारधारा से अलग नहीं हुए।

उन्होंने हमेशा अन्याय और शोषण का प्रतिकार किया। पूर्व सांसद ए.पी गौतम ने कहा कि शिवशंकर शुक्ला द्वारा आयोजित यह आयोजन श्यामलाल वाजपेयी को जीवंतता प्रदान करता है। वह सामाजिक एकता के पुरोधा थे।

वह हमेशा सामाजिक न्याय के लिए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने श्याम लाल बाजपेयी के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व और मुखर कृतित्व के साथ बहुत सी अपने साथ कार्य करते हुए उनकी यादों को साझा किया। उन्होंने स्व. वाजपेयी को निडर और निर्भीक राजनेता बताया। कार्य क्रम संयोजक उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन मंत्री शिव शंकर शुक्ला ने कहा कि श्यामलाल वाजपेयी जैसी शख्सियत सदियों में पैदा होती है। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमीर हैदर ने कहा कि बाजपेयी जी किसी के सामने झुकना और अनैतिक बात के दबाव में आने वाले व्यक्ति नहीं थे। सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन, उ.प्र. को आपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन धीरेन्द्र वर्मा, समाजसेवी मो. उमेर किदवई, वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक मोबिन किदवई, रमन द्विवेदी, अखिलेश चतुर्वेदी ने संबोधित किया। सभा का संचालन तेज कुमार ने किया। वहीं स्व. श्यामलाल वाजपेयी के छोटे भाई पं. देवी प्रसाद वाजपेयी ने आभार व्यक्त किया।

सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण पर सीएक्यूएम को लगाई फटकार कहा, कर्तव्य निभाने में रहे असफल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कर्तव्य निभाने में असफल रहने पर फटकार लगाई है। वहीं सीएक्यूएम की दिल्ली की सीमाओं पर मौजूद टोल प्लाजा को हटाने या अस्थायी रूप से बंद करने की मांग को ठुकरा दिया है।

सीएक्यूएम को 'सुप्रीम' फटकार

मंगलवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या हटाने के मुद्दे पर 2 महीने का समय मांगा था। जिस पर फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को ठुकरा दिया और कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करेगा। इसी के साथ दो हफ्ते में विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

मुख्य कारणों पर रिपोर्ट जमा कराने के निर्देश

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्य बागची की पीठ ने आयोग को दो हफ्ते में एक्सपर्ट्स की एक मीटिंग बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि क्या आप प्रदूषण के कारणों की पहचान कर पाए हैं? इन सभी दिनों में बहुत सारा मटेरियल पब्लिक डोमेन में आ रहा है, एक्सपर्ट्स आर्टिकल लिख रहे हैं, लोगों की राय है, वे हमें मेल पर भेजते रहते हैं।

टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश

पीठ ने आगे कहा कि भारी वाहन इसमें (वायु प्रदूषण) बड़ा योगदान दे रहे हैं, इसलिए पहला सवाल यह है कि हम इससे कैसे निपटें। 2 जनवरी को मीटिंग करके और हमें यह बताना कि हम दो महीने बाद आएंगे, यह हमें मंजूर नहीं है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अपनी ड्यूटी निभाने में नाकाम हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने और विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश दिया है।

'देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है आरएसएस'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में एक विशेष अदालत ने उन्हें और राज्य के साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है। अपने पोस्ट में खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि संगठन अपने स्वयंसेवकों के चंदे से चलता है। इस दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा।

'कठपुतलियों से दर्ज करवा रहे मामले', बोले प्रियांक खरगे

उन्होंने कहा, 'कुछ चुनिंदा लोगों का समूह अपने कठपुतलियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ मामले दर्ज करवा रहा है, सिर्फ इसलिए कि हम आरएसएस पर जायज सवाल उठा रहे हैं। आरएसएस राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है।' उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा, 'मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के दिए गए दान से चलता है। हालांकि, इस दावे के संबंध में कई जायज सवाल उठते हैं: ये स्वयंसेवक कौन हैं और इनकी पहचान कैसे होती है? दिए गए दान का पैमाना और स्वरूप क्या है? ये दान किन तरीकों या माध्यमों से प्राप्त होते हैं?' उन्होंने आगे सवाल किया, 'अगर आरएसएस पारदर्शी तरीके से काम करता है, तो दान सीधे संगठन को उसकी अपनी पंजीकृत पहचान के तहत क्यों नहीं दिया जाता? पंजीकृत संस्था न होते हुए भी आरएसएस अपनी वित्तीय और संगठनात्मक संरचना को कैसे बनाए रखता है? पूर्णकालिक प्रचारकों को वेतन कौन देता है और संगठन के नियमित परिचालन खर्चों को कौन पूरा करता है? बड़े पैमाने पर आयोजित कार्यक्रमों, अभियानों और जनसंपर्क गतिविधियों का वित्तपोषण कैसे होता है?'

आरएसएस पर खड़े किए कई सवाल

कांग्रेस नेता ने यह भी पूछा, 'जब स्वयंसेवक स्थानीय कार्यालयों से वर्दी या अन्य सामग्री खरीदते हैं, तो इन निधियों का हिसाब कहां रखा जाता है? स्थानीय कार्यालयों और अन्य बुनियादी ढांचे के रखरखाव का खर्च कौन उठाता है? ये प्रश्न पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मुद्दे को उजागर करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इतनी व्यापक उपस्थिति और प्रभाव के बावजूद आरएसएस अभी भी पंजीकृत क्यों नहीं है? जब भारत में प्रत्येक धार्मिक या धर्मार्थ संस्था के लिए वित्तीय पारदर्शिता अनिवार्य है, तो आरएसएस के लिए ऐसी जवाबदेही व्यवस्था का अभाव किस आधार पर उचित है?'

आवारा कुत्तों की गिनती के मुद्दे पर सदन में हंगामा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू होते ही हंगामेदार हो गया। सत्र के दूसरे दिन, मंगलवार को भी सदन की कार्यवाही की शुरुआत आवारा कुत्तों की गिनती के मुद्दे पर जोरदार हंगामे के साथ हुई। भाजपा के विधायक अजय महावर ने सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया। महावर ने मांग की कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। सदन में बढ़ता हंगामा और गरमागरमी को देखते हुए, विधानसभा अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही को 30 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। दोबारा बैठक शुरू होने पर विधानसभा में फिर हंगामा होने लगा। जिसे देखते हुए। एक बजे तक बैठक स्थगित कर दी गई।

शिक्षा मंत्री का केजरी को पत्र

इस मुद्दे पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने केजरीवाल को पत्र लिखा है। जिसमें आशीष सूद ने अरविंद केजरीवाल पर भ्रामक और तथ्यहीन बयान देने का आरोप लगाते हुए इसे अफवाह फैलाने वाला बताया है। आशीष सूद ने लिखा है कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। केजरीवाल को लिखे एक लेटर में मंत्री ने कहा, 'आपने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया है कि टीचरों को आवारा कुत्तों की गिनती से जुड़ी ड्यूटी दी जा रही है। ये दावे न सिर्फ गलत हैं, बल्कि तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने जैसा भी है।'

'केजरीवाल और 'आप' गैंग ने झूठ बोले, उन्हें शर्म आनी चाहिए'

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली भाजपा विधायकों ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा, 'केजरीवाल और आप गैंग ने झूठ बोला, उन्होंने दावा किया कि हमने कुत्तों को लेकर कोई ऑर्डर पास किया है। उन्हें शर्म आनी चाहिए। आज हमने विधानसभा में मांग की कि वे इसके लिए माफी मांगें। हम मांग करते हैं कि वे दिल्ली से, अध्यापकों से और पूरे देश से माफी मांगें।'

थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने का रास्ता साफ

- हाईकोर्ट के फैसले पर भाजपा ने कहा, यह श्रद्धालुओं की जीत, डीएमके पर सनातन विरोधी होने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मदुरै। तमिलनाडु के मदुरै स्थित थिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीपथून में दीपम जलाने को लेकर चल रहे विवाद पर मद्रास हाईकोर्ट ने एकल न्यायाधीश के फैसले को बरकरार रखते हुए श्रद्धालुओं को राहत दी है। अदालत के इस फैसले के बाद भारतीय जनता पार्टी ने इसे आस्था की जीत बताते हुए डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोला है।

पीयूष का डीएमके पर हमला

दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि तमिलनाडु सरकार लगातार सनातन धर्म का अपमान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके नेताओं ने न सिर्फ सनातन धर्म का उपहास किया, बल्कि उस पर बार-बार हमला भी किया है।

उदयनिधि स्टालिन के बयान का किया ज़िक्र

पीयूष गोयल ने उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के सितंबर 2023 के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी। गोयल ने कहा कि इसके कुछ ही महीनों बाद भगवान कार्तिकेय और भगवान मुरुगन से जुड़े पवित्र तिरुपरनकुंद्रम पर्वत पर दीप जलाने पर रोक लगाई गई, जो चिंताजनक है।

18 बोगियों वाली लोकल ट्रेनों का परीक्षण जल्द होगा शुरू, 110 किमी प्रति घंटे होगी रफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिमी रेलवे ने इस महीने के अंत में 18 कोच वाली उपनगरीय लोकल ट्रेनों का महत्वपूर्ण परीक्षण करने की योजना बनाई है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। वर्तमान में, देश की वित्तीय राजधानी के उपनगरीय नेटवर्क में मुख्य रूप से 12 कोच वाली लोकल ट्रेनें चलती हैं। वहीं, सेंट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे दोनों पर सीमित संख्या में 15 कोच वाली ट्रेनें भी उपलब्ध हैं। इस नेटवर्क पर 3000 से अधिक उपनगरीय सेवाओं के माध्यम से प्रतिदिन 75 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पालघर जिले के विरार-दहानू रोड खंड पर 18 कोच वाली दो लोकल ट्रेनों का परीक्षण 14 और 15 जनवरी को होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि दो परीक्षण - आपातकालीन ब्रेकिंग दूरी (ईबीडी) और कपलर बल (सीएफ) - बॉम्बार्डियर बिजली उपकरणों से सुसज्जित होगी। 18 कोच वाली लोकल ट्रेन और मेधा बिजली प्रणालियों से सुसज्जित दूसरी ट्रेन पर किए जाएंगे। ईबीडी परीक्षण आमतौर पर यह आकलन करने के लिए किए जाते हैं कि आपातकालीन स्थिति में ट्रेन कितनी जल्दी रुक सकती है, जबकि सीएफ परीक्षण ब्रेकिंग के दौरान कपलर पर लगने वाले बल को निर्धारित करते हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये परीक्षण नए रोलिंग स्टॉक के चालू होने से पहले अनिवार्य सुरक्षा मानक हैं। एक अधिकारी ने बताया, 'ये परीक्षण बॉम्बार्डियर और मेधा के तीन-चरण प्रणोदन प्रणालियों से लैस उपनगरीय लोकल ट्रेनों पर किए जाएंगे।' बॉम्बार्डियर बिजली प्रणाली से लैस 18 कोच वाली ट्रेन का परीक्षण 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति पर किया जाएगा, जबकि मेधा विद्युत प्रणाली से लैस रैक का परीक्षण 105 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति पर किया जाएगा।

अन्नाद्रमुक ने डीएमके सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, राज्यपाल से की न्यायिक जांच की मांग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के महासचिव एडप्पाडी पलानीस्वामी ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि 2021 से अब तक हुए कथित भ्रष्टाचार की एक विस्तृत सूची उन्होंने राज्यपाल को सौंपी और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

राज्यपाल से की न्यायिक जांच की मांग

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि इन मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन किया जाए। नेता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते उनका कर्तव्य जनता के सामने सच्चाई आए। उनके अनुसार, डीएमके सरकार ने जनता के हित में कार्य करने के बजाय केवल सत्ता का दुरुपयोग किया है, इसलिए इन व्यापक घोटालों की गहराई से जांच होना अनिवार्य है।

सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

पलानीस्वामी का कहना है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में कई सरकारी विभागों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनहित के कार्य करने के बजाय एक व्यापारिक संस्था की तरह काम कर रही है। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि उनके पास इन आरोपों को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं, जिन्हें राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। उन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हुए वित्तीय नुकसान का विवरण देते हुए कहा कि सरकार हर साल 1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज ले रही है। साथ ही, उन्होंने पीटीआर की उस कथित ऑडियो क्लिप का भी हवाला दिया जिसमें भारी भरकम रकम के लेन-देन का जिक्र था। उन्होंने दावा किया कि राज्य की शासन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

भाजपा आईटी सेल के ऐप से एसआईआर करा रहा चुनाव आयोग: ममता बनर्जी

बोलीं, यह अवैध, असांविधानिक और अलोकतांत्रिक, योग्य मतदाताओं को किया जा रहा परेशान

- 'एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग हर तरह के गलत और मनमाने तरीके अपना रहा है'
- एसआईआर प्रक्रिया में भाग लेते समय सतर्क रहें और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े हों

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

गंगानगर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल द्वारा बनाए गए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहा है।

गंगासागर दौरे के बाद पत्रकारों से बातचीत

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय दौरा पूरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग हर तरह के गलत और मनमाने तरीके अपना रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि योग्य मतदाताओं को मृत घोषित किया जा रहा है, जबकि बुजुर्ग, बीमार और असहाय लोगों को सुनवाई के लिए जबरन बुलाया जा रहा है।

भाजपा आईटी सेल के ऐप के इस्तेमाल का दावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के लिए भाजपा के आईटी सेल द्वारा बनाए गए मोबाइल एप का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने इसे अवैध, असांविधानिक और अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि ऐसी प्रक्रिया स्वीकार्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पार्टी के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर आयोग ने प्रक्रिया के खिलाफ और मनमाने कदम उठाए हैं।

योग्य मतदाताओं की बढ़ी परेशानी: टीएमसी

टीएमसी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के कारण राज्य के वास्तविक और योग्य मतदाताओं की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं और लोगों को अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जनता से सतर्क रहने की अपील

ममता बनर्जी ने जनता से अपील की कि एसआईआर प्रक्रिया में भाग लेते समय सतर्क रहें और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि लोगों को उनका समर्थन करने की नहीं, बल्कि उन नागरिकों का साथ देने की जरूरत है जो इस प्रक्रिया से परेशान हैं।

पहले भी सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान

मुख्यमंत्री ने सोमवार को भी कहा था कि वह राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि डर, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ रही है, मौतें हो रही हैं और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

रमेश कुमार जुनेजा ने काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स के चेयरमैन का पदभार संभाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स के उपाध्यक्ष रमेश कुमार जुनेजा ने 6 जनवरी 2026 को चेन्नई में आयोजित CLE की 184वीं कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन की बैठक (हाइब्रिड मोड) में औपचारिक रूप से चेयरमैन का पदभार ग्रहण किया। CLE, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक निर्यात संवर्धन परिषद है। रमेश कुमार जुनेजा एक दूरदर्शी उद्यमी एवं कुशल व्यवसाय रणनीतिकार हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सफल कंपनियों की स्थापना कर उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया है। अवसरों की गहरी समझ और उत्कृष्टता के प्रति निरंतर समर्पण के साथ, उन्होंने अपने प्रत्येक उपक्रम में नवाचार और विकास को प्रोत्साहित किया है। उनके द्वारा

प्रवर्तित कंपनियाँ अनेक क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जिनमें लेदर (जेसी ग्रुप), लेदर एक्सेसरीज़, केमिकल्स (इंडोटन केमिकल्स) तथा रियल एस्टेट (जुनेजा इंफ्रास्ट्रक्चर) प्रमुख हैं। जुनेजा का लेदर उद्योग से जुड़ाव चार दशकों से अधिक का है। जेसी ग्रुप के संस्थापक के रूप में उन्होंने 1980 के दशक में रिटेलर्स के साथ साझेदारी कर उन्हें फिनिश्ड लेदर के नामांकित टैनर के रूप में आपूर्ति कर उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव लाया। उनके नेतृत्व में कंपनी ने तीव्र प्रगति की और फिनिश्ड लेदर निर्माण के क्षेत्र में एक अग्रणी नाम बनी। समय के साथ समूह ने फॉरवर्ड इंटीग्रेशन करते हुए विश्वभर के रिटेलर्स के लिए उत्पाद, एक्सेसरीज़ एवं जूते निर्माण की दिशा में विस्तार किया। जुनेजा पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से CLE के बोर्ड सदस्य हैं और वर्ष 2014 से ईस्टर्न रीजन के रीजनल चेयरमैन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वे अप्रैल 2024 से CLE के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने विशेष कौशल एवं अनुभव के माध्यम से संगठन और उद्योग को दिशा दी, जिसके परिणामस्वरूप लेदर गुड्स एवं सेफ्टी वियर के निर्यात में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल हुईं। इसके अतिरिक्त, जुनेजा इंडो-इटैलियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष भी हैं और रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर, फूड तथा लेदर जैसे क्षेत्रों में भारत-इटली सहयोग के तहत महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने में उनकी अहम भूमिका रही है। वे कलकत्ता लेदर कॉम्प्लेक्स टैनर्स एसोसिएशन के संस्थापक समिति सदस्य रहे हैं तथा एक दशक से अधिक समय तक इसके अध्यक्ष भी रहे। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर टैनरी मालिकों को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ। उनके प्रयासों से पश्चिम बंगाल सरकार ने कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य बुनियादी ढाँचों के उन्नयन हेतु 800 करोड़ का निवेश किया। CLE को विश्वास है कि श्री रमेश कुमार जुनेजा के नेतृत्व में भारतीय लेदर उद्योग को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी और निर्यात के क्षेत्र में और अधिक मजबूती आएगी।

केरल की जेल में 85 वर्षीय पॉक्सो मामले के आरोपी की दूसरे कैदी ने पिटाई की, मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केरल

केरल के जेल में एक अन्य कैदी ने पॉक्सो मामले में आरोपी की पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि अलाप्पुझा के जिला जेल में एक 85 वर्षीय आरोपी को कथित तौर पर एक अन्य कैदी ने पीट दिया। आरोपी ने दावा किया कि उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह दो बेटियों का पिता है। अधिकारी ने बताया कि किसी तरह, चोरी और मारपीट के कई मामलों का सामना कर रहे दूसरे कैदी को पता चला कि 85 वर्षीय व्यक्ति यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामले में आरोपी है और उसने उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने कहा, 'हमने जेल के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना की पुष्टि की और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।' उन्होंने आगे बताया कि पॉक्सो मामले के आरोपी के चेहरे पर चोटें आईं।

ठाणे की जेल में बंद कैदी ने मचाया बवाल पुलिसवालों से की मारपीट, सीसीटीवी तोड़े

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ठाणे

महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि ठाणे जिले की एक सब-जेल में बंद कैदी ने जेल में तैनात पुलिसवालों और पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट की। इस दौरान कैदी ने अपनी गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए तुरंत रिहाई की मांग की और जेल में लगे सीसीटीबी कैमरों को तोड़ दिया। उसने यह भी दावा किया कि उस पर कानूनी कार्रवाई का कोई असर नहीं पड़ने वाला क्योंकि वह पहले भी ऐसे मामलों का सामना कर चुका है।

फैयाज इस्लाम शेख के रूप में हुई कैदी की पहचान

आरोपी की पहचान फैयाज इस्लाम शेख (25) के रूप में हुई है। वहीं शांतिनगर पुलिस ने उसके खिलाफ इस मारपीट को लेकर स्न्रद्धक्र दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना रविवार को भिवंडी सब-जेल परिसर में हुई, जहां वह पहले से ही एक पुराने केस के मामले में बंद था। जेल के गेट पर लगे कैमरों को तोड़ा पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक कैदी रविवार को अचानक से चिल्लाने लगा और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों को गालियां देने लगा। इस दौरान उसने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को देख लेने की धमकी दी। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शेख ने सब-जेल के गेट के पास लगे तीन सीसीटीबी कैमरे निकाल लिया और उन्हें फर्श पर पटक कर तोड़ दिया। इस दौरान उसने तीन लाइट बल्ब भी तोड़ दिया।

पुलिसवालों को दी देख लेने की धमकी

इस दौरान जब एक पुलिस अधिकारी ने उसे शांत करने और प्रोटोकॉल समझाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसका कॉलर पकड़ लिया और उसे धक्का दिया। उसने वहां मौजूद स्टाफ से कहा कि इंडियन पीनल कोड की धारा 353 (सरकारी कर्मचारी पर हमला) के तहत पहले लगे आरोप से उसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

कैदी के खिलाफ केस दर्ज

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं, 132, 352, 351(2) (आपराधिक धमकी) और 324(4) के तहत मामला दर्ज किया है।